राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 90
लखनऊ, रविवार 30 नवम्बर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के कल्याण की समाज की सामूहिक जिम्मेदारी : थावरचंद गहलोत 03

स्वास्थ्य मेले से नदारद रहे डॉक्टर, तड़पते रहे मरीज 10

-: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,29,820/ |
| 22 कैरेट | = | 1,19000/ |
| 18 कैरेट | = | 97,370/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 185,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल में राज भवन का नाम बदलकर हुआ 'लोक भवन'

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने कोलकाता स्थित राज भवन का नाम बदलकर लोक भवन कर दिया है। इस संबंध में शनिवार को जारी अधिसूचना तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है। राज्यपाल कार्यालय की ओर से जारी अधिसूचना में उल्लेख किया गया कि 27 मार्च, 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राज्यपाल के अनुरोध पर उस समय के राज भवन की प्रतीकात्मक चाबी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सौंपी थी, जिसके साथ जन राज भवन की अवधारणा की शुरुआत मानी गई थी। अधिसूचना में कहा गया है कि गृह मंत्रालय द्वारा 25 दिसंबर को जारी किए गए पत्र के अनुसरण में, कोलकाता स्थित राज भवन, फ्लैगस्टाफ हाउस और दार्जिलिंग स्थित राज भवन का नाम अब लोक भवन कर दिया गया है।

### अमेरिका ने अफगान वीजा जारी करने पर लगाई रोक

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने शुक्रवार को अफ़गानिस्तान के पासपोर्ट पर यात्रा करने वाले लोगों के लिए वीज़ा जारी करने पर तुरंत रोक लगाने और सभी शरण के लिए आवेदन करने पर रोक लगाने की घोषणा की है। यह घोषणा वॉशिंगटन, डीसी में हुई एक गोलीबारी की घटना के बाद की गई है, जिसमें नेशनल गार्ड के एक सदस्य की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। अमेरिकी सिटीज़नशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज़ ने कहा कि इस रोक का मकसद यह पक्का करना है कि हर आवेदक की ज़्यादा से ज़्यादा जांच हो सके।

### श्रीप्रकाश जायसवाल के निधन पर कांग्रेस नेताओं ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रीप्रकाश जायसवाल के निधन पर पार्टी नेताओं ने दुख जताया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा को एक मिसाल बताया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उनके निधन को देश के लिए बड़ी क्षति करार दिया। राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में जायसवाल के निधन को कांग्रेस के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि उनके निधन का समाचार अत्यंत दु:खद है।

### विदेशी नागरिकों को पनाह देने में 13 लोग गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद पुलिस ने बिना वैध पहचान दस्तावेज वाले विदेशी नागरिकों को पनाह देने के आरोप में 12 बांग्लादेशी समेत 13 लोग गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कल रात हुर्शी ग्राम पंचायत के चार गोपालपुर गांव में छापेमारी के दौरान 13 लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें बारह बांग्लादेशी नागरिक और एक भारतीय नागरिक शामिल हैं। चार गोपालपुर गांव में बिना किसी वैध दस्तावेजों के विदेशी नागरिकों को पनाह दी जा रही है, इलाके में एक अभियान शुरू किया।

# विकसित भारत के सपने के लिए आंतरिक सुरक्षा अपरिहार्य : मोदी

**▸ आईआईएम में डीजीपी-आइजी कॉन्फ्रेंस को पीएम ने किया संबोधित**

एजेंसी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर के आईआईएम परिसर में डीजीपी-आइजी कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि विजन 2047 के तहत विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए आंतरिक सुरक्षा अपरिहार्य है।

दूसरे दिन शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह की मौजूदगी में कानून व्यवस्था व आतंकवाद पर रोडमैप तैयार किया गया। इसमें नक्सलवाद, काउंटर टेररिज्म, महिलाओं की सुरक्षा, एआई जांच पर फोकस किया गया। विजन 2047 के तहत सुरक्षा की चर्चा और थानों की रैंकिंग घोषित हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने डीजीपी-आईजीपी को संबोधित करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है। हमारी पुलिस बल को आधुनिक तकनीक से लैस करना होगा ताकि अपराध और आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा सके। कॉन्फ्रेंस में 16,000 से अधिक थानों की उत्कृष्टता रैंकिंग भी घोषित की गई, जिसमें मध्य प्रदेश के मंदसौर थाने को टॉप-10 में स्थान मिला।महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष सत्र में पीएम ने 'मिशन शक्ति' को मजबूत करने का आह्वान किया।

छत्तीसगढ़ नवा रायपुर में आयोजित 60वीं अखिल भारतीय डीजीपी-आईजीपी कॉन्फ्रेंस में देश की सुरक्षा का रोड मैप पेश किया। देश की कानून व्यवस्था को मजबूत करने और आतंकवाद से निपटने के लिए व्यापक चर्चा हुई।

कॉन्फ्रेंस में गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समक्ष देश की चुनौतियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। जिसमें लेफ्ट विंग एक्सट्रीमिज्म (नक्सलवाद), काउंटर टेररिज्म, आपदा प्रबंधन, महिलाओं की सुरक्षा और फॉरेंसिक साइंस के उपयोग पर विस्तृत चर्चा हुई। अधिकारियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आतंकवाद के हर मोर्चे पर करारा जवाब दिया जाएगा। चाहे वह पारंपरिक हो या 'व्हाइट-कॉलर' टेरर। साथ ही एआई और डिजिटल टूल्स के जरिए जांच को तेज करने पर जोर दिया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने कहा कि रोडमैप से पुलिस सुधारों को गति मिलेगी और 2047 तक आतंकमुक्त भारत का लक्ष्य हासिल होगा। कॉन्फ्रेंस के निष्कर्षों को जल्द ही नीतिगत रूप दिया जाएगा।

### कांग्रेस ने पटेल का नाम इतिहास से मिटाने का किया काम



**वडोदरा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने शनिवार को कहा, कांग्रेस ने साजिश के तहत सरदार पटेल का नाम इतिहास से मिटाने का काम किया। जवाहरलाल नेहरू ने कश्मीर में अनुच्छेद 370 लागू कर एक समस्या खड़ी कर दी थी, जिससे वहां भारतीय कानून प्रभावी नहीं हो पाते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इच्छाशक्ति और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति से इस अनुच्छेद को हटाकर सरदार पटेल के अखंड भारत के स्वप्न को साकार किया गया। नड्डा आज लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्मजयंती के अवसर पर आयोजित यात्रा को लेकर गुजरात के वडोदरा के अटलादरा स्थित स्थल पर सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने साजिश के तहत सरदार पटेल का नाम इतिहास से मिटाने का काम किया। उनके अंतिम संस्कार में भी कई वरिष्ठ नेताओं को शामिल होने से रोका गया, ताकि उनका नाम इतिहास में न लिखा जा सके। सभा में नड्डा के संबोधन के बीच सुरक्षा में तैनात एक गार्ड अचानक बेहोश होकर गिर गया, जिससे कुछ देर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, प्राथमिक उपचार के बाद गार्ड अब पूरी तरह स्वस्थ और सुरक्षित बताया गया है।

## भारत नए व्यापार समझौते और मेक इन इंडिया को दे रहा तेजी

एजेंसी



**कोलकाता।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि मौजूदा दौर में राजनीति लगातार आर्थिक नीतियों पर भारी पड़ रही है। वे कोलकाता के जोका स्थित आईआईएम कोलकाता परिसर में मानद डॉक्टरेट की उपाधि ग्रहण करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह ऐसा समय है, जब राजनीति अर्थ व्यवस्था को पीछे छोड़ रही है और यह कोई शब्दों का खेल नहीं है। वैश्विक राजनीति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका अब पुराने ढांचों की जगह देशों से सीधे द्विपक्षीय आधार पर संबंध तय कर रहा है, जबकि चीन अपने बनाए नियमों के अनुसार चल रहा है और यह प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है।

जयशंकर ने कहा कि इस माहौल में कई देश यह समझ नहीं पा रहे हैं कि उन्हें प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धा पर ध्यान देना चाहिए या उसके बीच होने वाले समझौतों और हितों के संतुलन पर। वैश्वीकरण, बिखराव और आपूर्ति असुरक्षा के दौर में बाकी दुनिया हर तरह की परिस्थितियों के लिए खुद को तैयार कर रही है। देशों में मुक्त व्यापार समझौतों के प्रति उत्साह बढ़ना इसी प्रवृत्ति का संकेत है। उन्होंने बताया कि वैश्विक उत्पादन का बड़ा हिस्सा आज चीन में होता है, जिससे आपूर्ति की मजबूती और भरोसेमंदी की जरूरत और बढ़ जाती है। संघर्षों और जलवायु घटनाओं ने बाधाओं का खतरा और बढ़ाया है। ऊर्जा क्षेत्र में संयुक्त राज्य अमेरिका अब बड़े आयातक से महत्वपूर्ण निर्यातक बन चुका है, जबकि नवीकरणीय ऊर्जा में चीन का दबदबा है। व्यापार तनावों का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आपूर्ति संबंधी जोखिम मांग की अनिश्चितताओं से और बढ़ रहे हैं। शुल्क दरों का महत्व बढ़ने से वैश्विक व्यापार में उतार-चढ़ाव तेज हुआ है और वित्तीय मोर्चे पर प्रतिबंधों, परिसंपत्तियों की जब्ती और ब्लॉकचेन तकनीकों का उभार नई वास्तविकताएं बन चुका है। उन्होंने कहा कि इन वैश्विक बदलावों के बीच भारत ने मेक इन इंडिया को मजबूती से आगे बढ़ाया है, जो हमारी व्यापक राष्ट्रीय शक्ति को बढ़ाने, कमजोरियों को घटाने और वैश्विक प्रभाव बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने बताया कि एक उभरती शक्ति के लिए मजबूत औद्योगिक आधार आवश्यक है और यह सोच पहले हमेशा स्वीकार नहीं की जाती थी।

## रेल मंत्री ने जैसलमेर में नई सुपरफास्ट ट्रेन स्वर्णनगरी एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

एजेंसी



**जोधपुर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को जैसलमेर में नई सुपरफास्ट रेल सेवा स्वर्णनगरी एक्सप्रेस का उद्घाटन किया।

साथ ही राज्य के बॉर्डर इलाकों को रेलवे नेटवर्क से जोड़ने की महत्वपूर्ण योजना का ऐलान भी किया। रेल मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि राजस्थान के सभी बॉर्डर इलाकों तक मजबूत रेल कनेक्टिविटी पहुंचे, ताकि सुरक्षा व्यवस्था और नागरिकों की आवाजाही दोनों में मजबूती आए। रेल मंत्री ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत अनूपगढ़, बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर और भीलड़ी जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों को एक नई रेलवे लाइन से जोड़ा जाएगा। इस परियोजना का डीपीआर तैयार किया जा रहा है और कुछ ही महीनों में इसका प्रारूप अंतिम रूप ले लेगा। इस नेटवर्क के बनने से न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा को बल मिलेगा, बल्कि इन इलाकों के आर्थिक और सामाजिक विकास की नई राह भी खुलेगी। कार्यक्रम के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बॉर्डर क्षेत्रों में रेल लाइन का विस्तार केवल विकास का साधन नहीं, बल्कि यह देश की सुरक्षा रणनीति का हिस्सा है। सीमावर्ती जिलों में तेज और सुरक्षित रेल संपर्क सेना की तैनाती, लॉजिस्टिक्स और राहत कार्यों को समय पर पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाएगा। राजस्थान में वर्तमान समय में करीब 55 हजार करोड़ रुपए के रेलवे प्रोजेक्ट संचालित हैं और 85 रेलवे स्टेशनों को नए रूप में विकसित किया जा रहा है।

## श्रीलंका में दित्वा से हुई तबाही के बाद ऑपरेशन सागर बंधु शुरू

**▸ वायु सेना ने 21 टन राहत सामग्री व नौसेना ने समुद्र के रास्ते कोलंबो पहुंचाई राहत सामग्री**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** श्रीलंका में चक्रवात दित्वा के कारण भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से अब तक 56 लोगों की मौत हो चुकी है और 43,991 लोग प्रभावित हुए हैं।

खराब मौसम से उड़ानें और रेल सेवाएं ठप हैं, इसलिए भारत ने वायु सेना और नौसेना के माध्यम से ऑपरेशन सागर बंधु शुरू किया है, जिसके तहत श्रीलंका में मदद भेजी गई है। वायु सेना ने 21 टन राहत सामग्री के साथ 80 से ज्यादा एनडीआरएफ कर्मियों और 8 टन सामान कोलंबो पहुंचा दिया है। इसी तरह नौसेना ने आईएनएस विक्रांत और युद्धपोत उदयगिरि से राहत सामग्री कोलंबो में श्रीलंकाई अधिकारियों को सौंपी है। चक्रवात दित्वा की वजह से हुई तबाही को देखते हुए वायु सेना ने 28/29 नवंबर की रात को हिंडन एयर बेस से एक सी-130 और एक आईएल-76 को तुरंत तैनात किया। इस चक्रवात की वजह से भारी बारिश से पूर्वी श्रीलंका में बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं को देखते हुए केंद्र सरकार के आदेश पर 80 बचावकर्मियों वाली दो टीमों को श्रीलंका में बचाव और राहत काम के लिए भेजा गया है। हिंडन एयर बेस से आज सुबह 04.06 बजे आईएल-76 से उड़ान भरी और 08.10 बजे कोलंबो में लैंड किया। इसके अलावा लगभग 21 टन राहत सामग्री प्रभावित देश में भेजी गई हैं, जिसमें टेंट, कंबल, गद्दे, डिग्निटी किट और दूसरी चीजें शामिल हैं।



### उत्तरी तमिलनाडु, पुडुचेरी व दक्षिण आंध्र तट की ओर बढ़ रहा तूफान

दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उत्तरी श्रीलंका के ऊपर बना चक्रवाती तूफान दित्वा अब भारत की तरफ बढ़ रहा है। रविवार की सुबह तक इसके उत्तरी तमिलनाडु, पुडुचेरी और दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों पर दस्तक देने की संभावना है। इससे इन क्षेत्रों में भारी बारिश और समुद्री तूफान का खतरा बढ़ गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, दित्वा के कारण दो दिसंबर तक तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। केरल में भी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है, जबकि तटीय तमिलनाडु में अलग-अलग स्थानों पर बहुत भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

## हल्द्वानी से इमाम की गिरफ्तारी के बाद अब नैनीताल में भी इमाम से हुई पूछताछ

समृद्धि न्यूज

**नैनीताल।** दिल्ली में कार विस्फोट की जांच के सिलसिले में हल्द्वानी बनभूलपुरा क्षेत्र से इमाम मौलाना मोहम्मद आसिम कासमी की गिरफ्तारी के बाद पूरे उत्तराखण्ड में पुलिस सतर्क है।

जांच के दौरान संभावित नेटवर्क और संपर्कों की पड़ताल किए जाने से नैनीताल में भी सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। खबर है कि जनपद मुख्यालय नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र की छोटी मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद नईम से भी पुलिस, एलआईयू और स्वान दल की संयुक्त टीम ने कई घंटे तक मस्जिद में पूछताछ की है।

मस्जिद परिसर व आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान भी चलाया गया है। बताया जा रहा है कि हल्द्वानी में एनआईए की हिरासत में इमाम कासमी की नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र की मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद नईम से नजदीकी रिश्तेदार है। पुलिस की इमाम से पूछताछ को लेकर क्षेत्र में हलचल का माहौल है। पुलिस अधिकारी अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं दे रहे हैं। कई अधिकारियों से संपर्क भी नहीं हो पा रहा है।

### पुतिन की यात्रा से पहले भारत के साथ सैन्य समझौते को मंजूरी देने की संभावना

**नयी दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अगले महीने होने वाली बहुप्रतीक्षित भारत यात्रा से पहले रूसी संसद के निचले सदन स्टेट डूमा में भारत के साथ एक महत्वपूर्ण सैन्य समझौते को मंजूरी दिए जाने की पूरी संभावना है। श्री पुतिन 23 वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए चार से पांच दिसम्बर तक भारत की दो दिन की यात्रा पर आ रहे हैं। दोनों देशों के बीच पारस्परिक लॉजिस्टिक्स समर्थन समझौते (आरईएलओएस) को लेकर लंबे समय से बातचीत चल रही है। इसका उद्देश्य लंबे समय से चले आ रहे रणनीतिक सैन्य सहयोग को और सुदृढ़ करना है।

## भविष्य में सैन्य ताकत के किसी भी इस्तेमाल में अहम भूमिका निभाएगी नौसेना : सीडीएस

एजेंसी



**नईदिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने भारत को महाद्वीपीय और समुद्री ताकत बताते हुए कहा कि भारत की आखिरी किस्मत शायद समुद्र में ही तय होगी और इसमें नौसेना इस किस्मत को सुरक्षित करने में अहम भूमिका निभाएगी।

भारतीय नौसेना अकादमी की पासिंग आउट परेड में शामिल अधिकारियों को उन्होंने सलाह दी कि युद्ध के मैदान में नाकाबिलियत की कीमत जान देकर चुकाई जाती है, इसलिए पेशेवर उत्कृष्टता की ओर बढ़ें। केरल के एझिमाला में पासिंग आउट परेड (पीओपी) के समीक्षा अधिकारी जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि नौसेना हमारे राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने के लिए भविष्य में मिलिट्री पावर के किसी भी इस्तेमाल में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने नए-नवेले अधिकारियों से कहा कि पेशेवर उत्कृष्टता के लिए आपकी प्रतिबद्धता पक्की होनी चाहिए, ताकि शांति में आप तैयार रहें और युद्ध में आप जीतें।

उन्होंने अपना अनुभव बताते हुए कहा कि जब मैं सर्विस में शामिल हुआ था, तो सैन्य रणनीति काफी हद तक ज्योग्राफिकल बातों से तय होती थी। इसके विपरीत आज तकनीक ने ज्योग्राफिकल को पीछे छोड़ दिया है, जिससे यह कम प्रासंगिक हो गया है। टेक्नोलॉजी ज्यादातर मिलिट्री स्ट्रैटेजी, ऑपरेशनल आर्ट और यहां तक कि सबसे छोटी टैक्टिक्स को भी चलाती है।

### दिल्ली पटियाला हाउस कोर्ट ने अनमोल बिश्नोई की कस्टडी सात दिन बढ़ाई

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने शनिवार को गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई की राष्ट्रीय जांच एजेंसी की कस्टडी 7 दिन बढ़ा दी है। मामले की अगली सुनवाई 5 दिसंबर को होगी। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई और इंटरनेशनल गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई पर खतरे की आशंका को देखते हुए जज ने खुद राष्ट्रीय जांच एजेंसी हेडक्वार्टर पहुंचकर मामले की सुनवाई की। कोर्ट के 7 दिन की कस्टडी बढ़ाने के इस आदेश से एनआईए को गैंगस्टर नेटवर्क, फंडिंग चेन और विदेश से होने वाली आपराधिक गतिविधियों की बारीकी से जांच करने का पर्याप्त समय मिलेगा।

## सीबीआईसी के अध्यक्ष बनें विवेक चतुर्वेदी, केंद्र सरकार ने किया नियुक्त

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को वर्तमान में केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य विवेक चतुर्वेदी को बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। यह नियुक्ति कैबिनेट की नियुक्ति समिति द्वारा अनुमोदित की गई तथा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा जारी आदेश में इसकी घोषणा की गई।

चतुर्वेदी 1990 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क एवं अप्रत्यक्ष कर) अधिकारी हैं। वह 28 नवंबर 2025 को सीबीआईसी के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त हुए संजय कुमार अग्रवाल की जगह लेंगे। सीबीआईसी में सदस्य बनने से पहले श्री चतुर्वेदी ने सीबीआईसी में सतर्कता के प्रधान महानिदेशक तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहकर अपनी सेवाएं दी। वह कर प्रशासन, सतर्कता एवं अनुपालन के क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का अनुभव के साथ इस शीर्ष पद पर पहुंचे हैं। सीबीआईसी वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अधीन शीर्ष निकाय है।

### चुनाव आयोग ने ऐप ईसीआईनेट को बेहतर बनाने को मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सभी नागरिकों को ईसीआईनेट ऐप डाउनलोड करने और ऐप पर 'सुझाव जमा करें' टैब का उपयोग करके ऐप को बेहतर बनाने के लिए सुझाव आमंत्रित किया है। यह 27 नवंबर से 27 दिसंबर के बीच किया जा सकता है। ईसीआईनेट ऐप के परीक्षण संस्करण का उपयोग बिहार विधानसभा चुनाव 2025 और हाल के उपचुनावों के दौरान किया गया था। इस नए मंच ने बेहतर मतदाता सेवाओं, मतदान प्रतिशत दर रुझानों की त्वरित उपलब्धता और मतदान समाप्त होने के 72 घंटों के भीतर अनुक्रमणिका कार्डों के प्रकाशन को भी सक्षम बनाया। सीईओ, डीईओ, ईआरओ, पर्यवेक्षकों और क्षेत्रीय अधिकारियों से प्राप्त प्रतिक्रिया को शामिल किया जा रहा है।

**उपलब्धि** | भारत को समुद्री क्षेत्र में मौजूदा और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में होगी आसानी

## नौसेना को मिला चौथा स्वदेशी एडवांस्ड स्टेल्थ फ्रिगेट 'तारागिरी'

एजेंसी



**नई दिल्ली।** मझगांव डॉक शिप बिल्डिंग लिमिटेड (एमडीएल) में निर्मित नीलगिरि श्रेणी का चौथा युद्धपोत तारागिरी, मुंबई में शनिवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया। प्रोजेक्ट 17 ए के तहत बनाया गया यह युद्धपोत डिजाइन और निर्माण में आत्मनिर्भरता पाने की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर है।

यह फ्रिगेट कई तरह से इस्तेमाल होने वाले मल्टी-मिशन प्लेटफॉर्म हैं, जिन्हें समुद्री क्षेत्र में मौजूदा और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह युद्धपोत प्रोजेक्ट-17 अल्फा फ्रिगेट्स (पी-17ए) का हिस्सा है, जो गाइडेड-मिसाइल फ्रिगेट का एक वर्ग है, जिसका निर्माण वर्तमान में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स (एमडीएल) और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) में नौसेना के लिए किया जा रहा है। एमडीएल में प्रोजेक्ट 17 ए के तहत सात स्टेल्थ फ्रिगेट बनाये जा रहे हैं, जिसमें से दूसरा जहाज उदयगिरि इसी साल 01 जुलाई को सौंपा गया था। अग्रिम पंक्ति के मल्टी मिशन स्टील्थ फ्रिगेट उदयगिरि को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 26 अगस्त को विशाखापत्तनम के नौसेना बेस पर नौसेना के समुद्री बेड़े में शामिल किया।

### प्रोजेक्ट-17 ए जहाजों में स्टेल्थ की विशेषताएं बढ़ाई गईं

तारागिरि (यार्ड 12653) नीलगिरि श्रेणी का चौथा युद्धपोत है, जिसे आज नौसेना को सौंपा गया है। नौसेना के मुताबिक तारागिरि पहले के आईएनएस तारागिरि का नया रूप है, जो एक लिएंडर-क्लास फ्रिगेट था। यह जहाज 16 मई 1980 से 27 जून 2013 तक भारत के समुद्री बेड़े का हिस्सा था, जिसने देश को 33 साल की शानदार सेवा दी। यह स्टेट-ऑफ-द-आर्ट फ्रिगेट नेवल डिजाइन, स्टेल्थ, फायरपावर, ऑटोमेशन और सर्वाइवेबिलिटी में एक बड़ी छलांग दिखाता और वॉरशिप बनाने में आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। ये बहु-मिशन फ्रिगेट भारत के समुद्री हितों के क्षेत्र में पारंपरिक और अपारंपरिक दोनों तरह के खतरों से निपटते हुए महासागरीय वातावरण में संचालन करने में सक्षम हैं। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के अनुसार प्रोजेक्ट-17 ए जहाजों में स्टेल्थ की विशेषताएं बढ़ाई गई हैं और इनमें अत्याधुनिक हथियार और सेंसर लगे हैं, जो पी-17 श्रेणी से काफी बेहतर हैं। इन जहाजों का पतवार प्रोजेक्ट 17 की तुलना में 4.54 फीसदी अधिक भू-सममितीय है। इन जहाजों में प्रोजेक्ट 17 वर्ग की तुलना में उन्नत चिकना और विशेषताओं के साथ एक उन्नत हथियार और सेंसर सूट लगाया गया है।

# भेड़िए का आतंक : आठ घंटे के अंदर दो बच्चों को बनाया निवाला

▸ बच्चे के दोनों हाथ चबाए, बच्ची को मां की गोद से ले गया, झोपड़ी में सो रही थी मां और बच्चा द्वार पर खेल रहा था स्टार



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** बहराइच में भेड़िए खूंखार हो गए हैं। 8 घंटे के अंदर 2 बच्चों को खा गए। शुक्रवार शाम साढ़े चार बजे 5 साल के मासूम को 2 आदमखोर भेड़िए घर से उठा ले गए। एक ने मासूम की गर्दन दबोची, दूसरे ने पैर। लोगों ने देखा तो लाठी-डंडे लेकर पीछे भागे।

500 मीटर दूर खेत में मासूम खून से लथपथ मिला। दोनों हथेलियां और पंजे भेड़िये खा चुके थे। लखनऊ ले जाते वक्त मासूम ने रास्ते में दम तोड़ दिया। मामला कैसरगंज थाना मजरे मल्लहनपुरवा का है। दूसरी घटना यहां से 70 किमी दूर खोरिया सफीक गांव में हुई। शुक्रवार रात डेढ़ बजे मां के बगल से 10 महीने की बच्ची को भेड़िया उठा ले गया। चीख सुनकर मां की आंख खुली। उन्होंने शोर मचाया। परिजन भेड़िए के पीछे भागे। दो घंटे की तलाश के बाद घर से 800 मीटर दूर खेत में बच्ची का शव बरामद मिला।

शव देखकर मां बेहोश हो गई। नाक के नीचे से पूरे शरीर की चमड़ी उधड़ी हुई थी। पेट से आंतें तक बाहर आ गई थीं। हाथ-पैर और गला कटा हुआ था। 3 महीने में भेड़ियों के झुंड ने 9 बच्चों समेत 10 लोगों को मार डाला है। 38 से ज्यादा घायल हैं।

खुद सीएम योगी भी बहराइच गए। उन्होंने भेड़ियों को मारने के आदेश दिए। अब तक 4 भेड़ियों का एनकाउंटर हो चुका है। इसके बावजूद खूंखार भेड़ियों के आगे पूरा सिस्टम लाचार दिख रहा है। शुक्रवार शाम 4:30 बजे मजरे मल्लहन पुरवा गांव में रोशन कुमार का 5 साल का बेटा स्टार घर के ठीक सामने खेल रहा था। परिवार की महिलाएं और पड़ोसी भी वहीं मौजूद थे। तभी अचानक खेत की तरफ से आए दो भेड़ियों ने बच्चे पर हमला कर दिया। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, एक भेड़िए बच्चे को जबड़े में दबोचकर गन्ने के खेत की ओर भाग गया। परिजन और ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर भेड़ियों का पीछा किया। ग्रामीण राजेंद्र सिंह ने अपनी आंखों से पूरी घटना देखी। उन्होंने बताया- दो भेड़िए आए।

बच्चा घर के सामने ही खेल रहा था। हम लोग दौड़े, लेकिन तब तक भेड़िया उसे 500 मीटर दूर गन्ने के खेत में खींच ले गया। वहां पहुंचकर देखा तो उसकी दोनों हथेलियां गायब थीं। बच्चा बेहोशी की हालत में खून से लथपथ था।

### पांच घंटे तक जिंदगी के लिए लड़ा स्टार

घटना के बाद परिजन तुरंत उसे कैसरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद रात करीब 8 बजे जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने उसकी स्थिति नाजुक बताते हुए देर रात करीब 10 बजे लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय बीच रास्ते में रात करीब 11:30 बजे स्टार ने दम तोड़ दिया।

### प्रत्यक्षदर्शी बोले- दो भेड़िए एक साथ नोंच रहे थे

पड़ोसी राजेंद्र ने बताया- मेरी आंखों के सामने दो भेड़ियों ने बच्चे पर हमला किया था। एक ने उसकी गर्दन पकड़ी थी और दूसरे ने हथेली। मैंने शोर मचाया तो दोनों बच्चे को लेकर खेत की ओर भागे। मैं और बाकी लोग भी लाठी-डंडे लेकर पीछे भागे। हमने शोर मचाया तो भेड़िए गन्ने के खेत में बच्चे को छोड़कर भाग गए।

### वन विभाग की टीम मौके पर, ड्रोन से निगरानी

प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव ने बताया- जंगली जानवर के हमले की सूचना मिलते ही टीम भेज दी गई। आसपास के जंगलों और खेतों की ड्रोन से निगरानी कराई जा रही है। तीन पिंजरे लगाए गए हैं। कॉम्बिंग तेज की गई है। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने और छोटे बच्चों को अकेले बाहर न छोड़ने की अपील की है।

### अब बात दूसरी घटना की

कोतवाली क्षेत्र का खोरिया सफीक गांव श्रावस्ती सीमा पर बसा हुआ है। यहां गिलौला निवासी रामचंद्र की पत्नी रमादेवी 4 दिन पहले मायके आई थीं। शुक्रवार रात रमादेवी अपने तीनों बच्चों के साथ घर में सो रही थीं। उन्होंने बताया- मेरी 10 महीने की छोटी बेटी सुनीता गोद से लिपटकर सो रही थी, जबकि बड़ी बेटी और बेटा पास एक दरी पर सो रहे थे। रात डेढ़ बजे बच्ची की चीख सुनकर आंख खुली, तो देखा भेड़िया बच्ची को लेकर भाग रहा था। शोर मचाया तो ग्रामीण जुट गए। लाठी-डंडे लेकर खेत की ओर भागे। करीब ढाई घंटे बाद रात 3 बजे घर से 800 मीटर की दूरी पर गन्ने के खेत में पहुंचे तो भेड़िए को बच्ची को नोंचते हुए देखा। ग्रामीणों को देखकर भेड़िया जंगल में भाग गया। बच्ची की तब तक मौत हो चुकी थी। पड़ोसी बेचुलाल ने बताया- रात में भतीजी रमादेवी का शोर सुनकर पहुंचा था। हम लोग लाठी-डंडे और टॉर्च लेकर खेत की ओर भागे। 800 मीटर की दूरी पर मैंने भेड़िए को अपनी आंखों से बच्ची के शव को नोंचते हुए देखा। हम लोगों को देखकर भेड़िया भाग गया, लेकिन तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों की सूचना पर देहात कोतवाली पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग को मौके पर जानवर के पगचिह्न दिखे। रेंजर नायक का कहना है कि जानवर के पगचिह्न मिले हैं, जो भेड़िए नहीं, किसी अन्य जानवर के दिख रहे हैं। किस जानवर ने हमला किया, इसकी जांच की जा रही है। क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ाने और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## ओवरटेक में गौना कराकर लौट रही कार पलटी, कई घायल

**गोंडा।** नगर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग स्थित लालपुर चंद्रभान गांव के पास एक छुट्टा जानवर को बचाने के चक्कर में एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिस में सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चार लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। लखनऊ के रकाबगंज निवासी अबु आमिर की शादी बीते रविवार को इटियाथोक थाना क्षेत्र में हुई थी। शादी के चार दिन बाद आज वे गौना लेने के लिए एक गाड़ी में सवार होकर छह लोग जा रहे थे। नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मुर्गी फार्म चौराहा लालपुर चंद्रभान के पास एक गाड़ी को ओवरटेक करते समय अचानक सामने छुट्टा जानवर आ जाने से यह हादसा हुआ। हादसे में दूल्हा अबु आमिर (30), निदा (10), किंज़ा (12) और हम्माद (11) गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, कार में सवार दो अन्य महिलाओं को मामूली चोटें आई थीं।

## खबरें एक नजर में

### रजिस्ट्रीकरण के दौरान फीस में मिलेगी छूट

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** किराए के दौरान ली गई जमीन के रजिस्ट्रीकरण के फीस में अब छूट मिलेगी। उक्त जानकारी स्टांप और रजिस्ट्रीकरण डी आई जी ने बताया कि किराए के पट्टे के अभिलेख जो लिए जा रहे है उनके फीस में छूट दी जाएगी। उन्हों ने बताया कि अगर कोई जमीन किराए पर एक वर्ष के लिए लेता है उस की मालियत 2 लाख रुपए है तो उस को एक वर्ष में 500 रुपए देना होगा। पांच साल के लिए होगा तो 1500 रुपए देना होगा।पांच साल से अधिक 10 वर्ष तक दो हजार रुपए देना होगा। अगर उस की कीमत दो लाख से अधिक है और 6 लाख के बीच है तो उस को एक वर्ष के लिए 15 सौ रुपए देना होगा। पांच वर्ष तक 45 00 रुपए देना होगा। पांच वर्ष से 10 वर्ष तक 7500 रुपए तक देना होगा। अगर किराए के पट्टे के अभिलेख के कीमत 6 लाख से अधिक 10 लाख तक है तो उस को प्रति वर्ष 2500 रुपए देना होगा। एक वर्ष से अधिक पांच वर्ष तक लेता है तो उस को 6000 हजार रुपए देना होगा। पांच वर्ष से अधिक 10 वर्ष तक है तो उस को दस हजार रुपए देना होगा।

### सीएचसी में डॉक्टर ने मरीज को लिखी बाहर की दवा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** शनिवार दोपहर करीब 2 बजे खैरीघाट थाना क्षेत्र के बरुही टेपरी गांव निवासी भुराउ दवा लेने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर आए हुए थे। आरोप है कि चिकित्सक ने नौ सौ रुपए की दवा बाहर से लिख दी। जिसकी शिकायत पीड़ित ने तत्काल खंड विकास अधिकारी से की। तुरंत खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव ने सीएचसी का निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सक विकास सिंह बीडीओ के सवालों के जवाब नहीं दे पाए। बीडीओ ने व्यवस्था पर नाराजगी जताई। खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव ने कहा कि सीएमओ और डीएम को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा जाएगा।

### शमशेर बहादुर सिंह ने संभाला देहात कोतवाली का प्रभार



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को एक अनौपचारिक वार्ता के तहत देहात कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह से वार्ता के दौरान उन्होंने समृद्धि न्यूज़ को बतया अपराध और अपराधियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा अधिकारियों के निर्देश का अक्षर सा पालन किया जाएगा किसी भी अपराधी को बक्सा नहीं जाएगा इन बातों को देहात कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह जिनका तबादला बहराइच से गोंडा हुआ है उन्होंने बताया मैं जहां भी रहा हूं कभी भी समझौत नहीं किया जनता हमारे लिए भगवान है और मेरे द्वारा लोगों का सम्मान किया जएगारा जो भी फरियाधी आएगा उसको बराबर इंसाफ दिलाया। जएगागा इसलिए अपराध और अपराधियों के लिए अब कोई जगह नहीं बची है।

### जनपद में पशु चिकित्सा सेवाएं हों बेहतर, डीएम ने दिए निर्देश

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के गौआश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पशुपालन विभाग, पंचायत विभाग एवं संबंधित अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद के सभी गौआश्रय स्थलों पर रहने वाली गौवंशों की उचित देखभाल प्राथमिकता है, इसलिए हरा चारा, पानी, चिकित्सा सुविधा, ठंड से बचाव एवं स्वच्छता की स्थिति सुव्यवस्थित एवं संतोषजनक होनी चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि गौवंशों के लिए चारे की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी आश्रय स्थल पर चारे की कमी न होने पाए। साथ ही पशुओं के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, फॉगिंग़ एवं नियमित सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

### सभी सहकारी समितियों व क्रय केंद्रों पर उपलब्ध हो खाद : जिलाधिकारी



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका ने जिले में धान क्रय एवं खाद उपलब्धता की वास्तविक स्थिति का अवलोकन करने हेतु नवीन गल्ला मण्डी, बहराइच रोड बड़गांव तथा बहु उद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि0, केशवपुर पहड़वा का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने किसानों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी प्राप्त की। नवीन गल्ला मण्डी में धान बेचने आए किसानों से जिलाधिकारी ने पूछा कि उन्हें क्रय केंद्र पर किसी प्रकार की दिक्कत या परेशानी का सामना तो नहीं करना पड़ा। धान खरीद प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुगम तरीके से संचालित हो, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए तथा तौल एवं भुगतान की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

## विशेश्वरगंज धान क्रय केंद्र से प्रभारी रहते हैं नदारद, बिचौलियों का कब्जा

▸ केंद्र पर पूरी तरह खत्म हो चुकी है तौल की पारदर्शिता : किसान

समृद्धि न्यूज




**विशेश्वरगंज, बहराइच।** धान क्रय केंद्र विशेश्वरगंज इन दिनों किसानों के लिए मददगार कम और परेशानी ज्यादा साबित हो रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि केंद्र पर मनमानी चरम पर है, जबकि नियुक्त गोदाम प्रभारी विनीत पाल सिंह लगातार नदारद हैं।

प्रभारी की गैरमौजूदगी में पल्लेदार से ही इंचार्ज बनाकर पूरे केंद्र का संचालन कराया जा रहा है, जिससे किसानों में भारी आक्रोश है। किसानों का कहना है कि केंद्र पर तौल की पारदर्शिता पूरी तरह खत्म हो चुकी है। तौल को लेकर उनका नंबर नहीं लगाया जा रहा, जिसके चलते किसान गोदाम का चक्कर काट रहे है। कई किसानों का आरोप है कि उनका नंबर जानबूझकर आगे नहीं बढ़ाया जा रहा। सबसे गंभीर आरोप बाईपास से हो रही धान तौल का है।

किसानों ने कहा कि कुछ बिचौलिये माल काटकर मनचाहे तरीके से तौल करवा रहे हैं, जबकि ईमानदार किसान अपने ही धान की तौल के लिए दर-दर भटक रहे हैं। इससे किसानों में नाराज़गी चरम पर है। किसानों ने जिला प्रशासन से तुरंत जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है, ताकि धान खरीद में पारदर्शिता लौट सके और किसानों को न्याय मिल सके। इस सम्बन्ध मे जब उपजिलाधिकारी पयागपुर अश्विनी पांडेय से बात की गई तो उन्होंने बताया की केंद्र प्रभारी से स्पष्टीकरण तलब किया जा रहा है और जाँच कर आवश्यक कार्यवाई की जाएगी।

## खेत के पास बैग में मिला बच्ची का शव, पुलिस शिनाख्त के प्रयास में जुटी

**बहराइच।** जिले के जरवल थाना क्षेत्र में एक खेत के पास बैग में बंद तीन साल की बच्ची का शव मिलने से सनसनी फैल गई। यह घटना शुक्रवार शाम को जतौरा ग्राम में सामने आई। ग्रामीणों ने सड़क किनारे देशराज नामक व्यक्ति के खेत के पास एक लाल रंग का बड़ा बैग देखा। सुनसान इलाके में बैग देखकर उन्होंने ग्राम प्रधान अजमत को सूचना दी। ग्राम प्रधान ने तुरंत जरवल पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संतोष सिंह पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। बैग खोलने पर उसके अंदर कपड़ों के नीचे एक तीन साल की मासूम बच्ची का शव मिला। पुलिस ने बच्ची की पहचान के कई प्रयास किए, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मर्चरी में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि मासूम बच्ची के शव की शिनाख्त के लिए फोटोग्राफी कराई जा रही है और आगे की जांच जारी है।

## गुब्बारों का गुच्छा उड़ाकर खेल दिवस का शुभारम्भ

▸ स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का सफल आयोजन

समृद्धि न्यूज



**रुपईडीहा, बहराइच।** नगर पंचायत रुपईडीहा स्थित एसेम्बली ऑफ़ गॉड चर्च स्कूल, में शनिवार को वार्षिक खेल दिवस अत्यंत उत्साह, उमंग और अनुशासनपूर्ण वातावरण में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। सुबह 10 बजे विद्यालय मैदान में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, विशेष अतिथि, प्रिंसिपल, प्रबंधक, शिक्षकगण, अभिभावक तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। मुख्य अतिथि आर. पाठक (वाइस-प्रेसिडेंट, एड-टेक एवं प्रोफेशनल मैराथन रनर, लीड्स एडिडास रनर-दिल्ली) ने गुब्बारों का गुच्छा उड़ाकर खेल दिवस का शुभारम्भ किया।

उन्होंने छात्रों को नियमित खेल, स्वस्थ जीवनशैली और अनुशासन का महत्व समझाया। विशिष्ट अतिथि वी. विक्रमन (डीआईजी, एसएसबी) परिवार सहित उपस्थित रहे। विशेष अतिथि एवं टी. जॉनसन (यूएसए) ने विद्यालय के वातावरण और बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की तथा प्रबंधन को सफल आयोजन के लिए बधाई दी अतिथियों का स्वागत विद्यालय प्रबन्धक आर. रेंबल, प्रिंसिपल जे. रेंबल, अमित श्रीवास्तव सहित शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा माला और बुके भेंटकर सम्मानपूर्वक किया गया। विद्यालय के छात्रों को चार हाउस (ग्रुप्स) रेंबल हाउस, मकेव हाउस, विलियम्स हाउस और सैमुअल हाउस में विभाजित कर विविध खेल स्पर्धाएँ आयोजित की गईं। पूरा दिन विद्यालय मैदान उत्साह से भरा रहा। मैराथन दौड़, लम्बी दौड़, रिले रेस, जिमनास्टिक, पेरेंट रेस, टीचर रेस, मटकी दौड़, प्लेट बॉल बैलेंस, धीमी साइकिल रेस, फीता दौड़ सहित अनेक आकर्षक प्रतियोगिताओं में बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ सौहार्द और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रगान की धुन से पूरा मैदान देशभक्ति के रंग में रंग गया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों का धन्यवाद ज्ञापित किया।प्रिंसिपल जे रेंबल ने कहा कि वार्षिक खेल दिवस विद्यालय के लिए अत्यंत सफल रहा तथा इसने बच्चों में टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और खेल भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का कार्य किया। इसी विद्यालय के पहले बैच के पास आउट आर राजन का आज चीफ गेस्ट के रूप में अपने विद्यालय में पाकर यह समस्त विद्यालय परिवार अत्यन्त प्रसन्नता का अनुभव कर रहा है।

## प्रभारी मंत्री से सवाल पूछने पर भड़कीं डीएम, पत्रकारों को दी नसीहत

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा।** जिले की तेज तर्रार जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के तलख़ तेवर देखकर आप भी सोच में पड़ जाएंगे कि क्या जिले के प्रभारी मंत्री से सवाल पूछकर पत्रकारों ने गुनाह कर दिया है और जिलाधिकारी को गुस्सा आ गया उन्होंने पत्रकारों को यहां तक कह दिया ये लोग अराजकता फैला रहे हैं। पत्रकार एक जिले के प्रभारी मंत्री से ऐसा सवाल नहीं पूछ सकते है।

बताते हैं कि 23 नवंबर को मेडिकल कॉलेज में एक छह माह की बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया है, कहा गया कि डॉक्टर ने एक बार भी बच्ची को नहीं देखा। शव वाहन की मांग पर भी मदद नहीं मिली, शव को बोलेरो से ले जाना पड़ा। पीड़ित परिवार का कहना है कि कमरे पर फीस लेने के बाद भी डाक्टर एक बार भी अस्पताल में बच्ची को झांकने तक नहीं आए और दवा व जांच भी बाहर का लिखा गया है। इटियाथोक के सेखुई निवासी गोलू रविवार दोपहर तीन बजे अपनी छह माह की भतीजी रिया शुक्ला पुत्री दिलीप शुक्ला को अधिक रोने व नीली टट्टी होने की शिकायत पर मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में लेकर आए थे।

उनका आरोप है कि इमरजेंसी में एक युवक मिला,जिसने दो सौ रुपए लेकर उन्हें बालरोग विशेषज्ञ के सरकारी आवास पर पहुंचा दिया, जहां तीन सौ रुपए फीस लेकर बालरोग विशेषज्ञ ने बच्ची को देखा और पीकू वार्ड में भर्ती करने के लिए भेज दिया।जांच व दवाएं भी बाहर की ही लिख दी गई।वहां मेडिकल कॉलेज के पीकू वार्ड में बेड खाली न होने पर जनरल वार्ड में भर्ती कर दिया गया। गोलू का आरोप है कि बच्ची दर्द से कराहती रही लेकिन डाक्टर एक बार भी देखने नहीं आए। बाहर से जांच कराने के बाद रिपोर्ट कमरे पर ले जाकर दिखाया तो फिर से बाहर की दवा लिख दिए। जिसके बाद रविवार देर शाम बच्ची की मौत हो गई।

**नहीं मिला शव वाहन, दो हजार देकर बोलेरो से घर ले गए शव**

पीड़ित परिवार के गोलू ने बताया कि मौत के बाद शव ले जाने के लिए शव वाहन की मांग की गई लेकिन वह भी उपलब्ध नहीं कराया गया।इसके बाद दो हजार रुपए में एक बोलेरो वाहन से शव घर लाया गया,इसी बात को लेकर शुक्रवार को सर्किट हाउस में प्रभारी मंत्री दारा सिंह से गोंडा मेडिकल कॉलेज में अव्यवस्थाओं और भाजपा नेताओं के द्वारा लगातार सीएमओ रश्मि वर्मा के खिलाफ शिकायतों को लेकर जब जिले के प्रभारी मंत्री दारा सिंह से सवाल किया गया तो जिलाधि कारी को गुस्सा आ गया और उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि मोबाइल आपके हाथों में आ गया तो आप लोग कुछ भी पूछ लेंगे कायदे का सवाल कीजिए। जिलाधिकारी के सामने पत्रकार कहते रहे हमने ऐसा कौन सा सवाल पूछ लिया जो गुनाह किया है। लेकिन जिलाधिकारी को प्रभारी मंत्री के सामने यू जनपद का विकास रैंकिंग और मेडिकल कॉलेज के अव्यवस्थाओं को लेकर सवाल पसंद नहीं आया और उन्होंने जमकर उसकी आपत्ति जताई, पत्रकारों ने प्रभारी मंत्री दारा सिंह से सवाल किया था कि गोंडा जनपद 75 वें स्थान पर पहुंच गया है और आप आए दिन डेवलपमेंट की ही बात करते हैं जिले में दो सांसद और सात विधायक भारतीय जनता पार्टी से हैं फिर भी गोंडा विकास के मामले में पीछे क्यों है।

## नगीन ट्रेडर्स मालिक के यहां आईटी की छापेमारी खत्म, तीन दिन चली जांच




समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** अकबरपुरा निवासी नगीन ट्रेडर्स एंड माउंडलिंग के मालिक और रियल एस्टेट कारोबारी मोइन खान के प्रतिष्ठानों और आवास पर आयकर विभाग की छापेमारी शुक्रवार देर रात समाप्त हो गई। बुधवार को शुरू हुई यह कार्रवाई करीब 60 घंटे तक चली, जिसके बाद टीम कुछ दस्तावेज अपने साथ लेकर रवाना हो गई।

मोइन खान के अकबरपुरा स्थित प्रतिष्ठान नगीन ट्रेडर्स, नाजिरपुरा स्थित होटल और देहात कोतवाली क्षेत्र में उनके आवास पर लगातार 60 घंटे तक तलाशी अभियान चला। मोइन खान ने लगभग सात साल पहले नगीन ट्रेडर्स एंड माउंडलिंग कंपनी की स्थापना की थी। वह कैसरगंज और बहराइच में बड़े पैमाने पर रियल एस्टेट का कारोबार भी करते हैं। छापेमारी के बाद बाहर निकले आयकर विभाग के अधिकारियों ने मीडिया को कोई जानकारी नहीं दी। सूत्रों के अनुसार, टीम अपने साथ कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज लेकर गई है। वहीं, कारोबारी मोइन खान ने बताया कि आयकर विभाग की कार्रवाई खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि उनके यहां से कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है और आगे की जानकारी अधिकारी ही दे सकते हैं।

## नितिन मौत के प्रकरण में पुलिस ने तीन को भेजा जेल, तीन की तलाश

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि नितिन मौत के प्रकरण में अजय तिवारी पुत्र ज्ञानेंद्र तिवारी, अतुल पांडेय पुत्र अजय पांडेय अंशुमान सिंह पुत्र जनार्दन सिंह को गिरफ्तार कर के जेल भेजा गया है।

शंकर दयाल मिश्रा पुत्र स्वामीदयाल मिश्रा निवासी रानीजोत बड़गाव ने सफेद कलर सफारी वाहन सवार 7 से 8 लोग अज्ञात नाम पता अज्ञात के खिलाफ में मुकदमा दर्ज कराया था कि उनके पुत्र नितिन मिश्रा और अरुण कुमार को आधा दर्जन सफारी सवार युवकों ने कुचल दिया था जिसमें उन के पुत्र नितिन मिश्रा की मौत हो गई थी और अरुण कुमार घायल हो गए थे। तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। बयान चश्मदीद साक्षी, बयान मजरूब। गवाहान, निरीक्षण घटनास्थल साक्ष्य संलकल के आधार पर अभय तिवारी पुत्र ज्ञानेन्द्र कुमार तिवारी निवासी हालपता 537 बीएच भरतनगर सीतापुर रोड थाना मडियावां जनपद लखनऊ स्थायी पता तिवारीपुर गामा बाग बगिया सूरजपुर पुलिया के पास थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर, अतुल पाण्डेय पुत्र अजय पाण्डेय निवासी जमुनही हरदो पट्टी जलालजोत थाना खरगूपुर अंशुमान सिंह पुत्र जनार्दन सिंह निवासी पूरेशिवा बख्तावर झंझरी ब्लाक ड्रीम पैलेस के सामने थाना कोतवाली नगर वैभव दुबे पुत्र वीरेन्द्र मोहन दुबे निवासी ऊँचे झझरी थाना कोतवाली नगर विवेक पाण्डेय पुत्र अज्ञात निवासी पोखरा थाना खरगूपुर ऋषभ उर्फ रोहित सिंह पुत्र शिव गोविन्द सिंह निवासी सुल्तानपुर, हालपता लखनऊ विश्वविद्यालय के गंगाराम हास्टल में फर्स्ट फ्लोर के तीसरे कमरे का नाम प्रकाश में लाया गया। जिसमें अभय तिवारी पुत्र ज्ञानेन्द्र तिवारी निवासी हालपता 537 बीएच भरतनगर सीतापुर रोड थाना मडियावां जनपद लखनऊ स्थायी पता तिवारीपुर गामा बाग बगिया सूरजपुर पुलिया के पास थाना मछरेहटा जनपद सीतापुर, अतुल पाण्डेय पुत्र अजय पाण्डेय निवासी जमुनही हरदोपट्टी जलालजोत थाना खरगूपुर अंशुमान सिंह पुत्र जनार्दन सिंह निवासी पुरे शिवा बख्तावर झंझरी ब्लाक ड्रीम पैलेस के सामने थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया गया।दो अभियुक्तों को लखनऊ से एक को गोंडा बस स्टॉप के पास से गिरफ्तार किया गया।

निर्देश | परिवार कल्याण महानिदेशक ने सभी जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को दिए निर्देश

## प्रसव के बाद अब हर प्रसूता की होगी एनीमिया की जांच व उपचार

राहुल सोनी





**बहराइच।** प्रसव के बाद महिलाओं में कमजोरी और एनीमिया का बढ़ना मातृ स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा माना जाता है। इसी समस्या से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अब जिले में नई व्यवस्था लागू कर दी है। इसके तहत प्रसव के बाद 24 से 48 घंटे के भीतर हर प्रसूता की हीमोग्लोबिन जांच अनिवार्य रूप से की जाएगी और एनीमिया की स्थिति के अनुसार उसी समय उपचार शुरू कराया जाएगा।

**भर्ती अवधि में ही होगा उपचार**

परिवार कल्याण महानिदेशक द्वारा सभी जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। निर्देशों के अनुसार उपचार प्रक्रिया को अस्पताल में भर्ती अवधि के दौरान ही पूरा कराया जाएगा, ताकि प्रसूता कमजोरी की स्थिति में अस्पताल से घर न लौटे।

**हर स्तर पर विशेष प्रोटोकॉल**

सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि डिस्चार्ज से पहले प्रसूता का हीमोग्लोबिन परीक्षण किया जाएगा। यदि रिपोर्ट सामान्य है तो आयरन और कैल्शियम की गोलियां निर्धारित अवधि के लिए दी जाएंगी। हल्की कमी की स्थिति में भी आयरन और कैल्शियम जारी रहेगा। मध्यम एनीमिया होने पर आयरन सुकरोज इंजेक्शन के साथ दवाएं दी जाएंगी। जबकि गंभीर एनीमिया में इंजेक्शन के साथ आवश्यकता पर रक्त चढ़ाने की व्यवस्था भी की गई है, ताकि प्रसूता पूरी तरह सुरक्षित रहे।

**निगरानी की जिम्मेदारी एएनएम-आशा पर**

सीएमओ ने बताया कि यदि हालत में सुधार से पहले प्रसूता को छुट्टी देनी पड़े तो दवाएं उपलब्ध कराकर अगली इंजेक्शन तिथि लिखकर दी जाएगी और फॉलो-अप की जिम्मेदारी एएनएम और आशा को सौंपी जाएगी। प्रसूता घर लौटने के बाद उपचार न छोड़े, इसके लिए नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही प्रसव के बाद 1.5 माह, 2.5 माह और 3.5 माह पर प्रसूताओं की दोबारा जांच की जाएगी, ताकि एनीमिया नियंत्रण की प्रगति पर नजर रखी जा सके।

**कमजोरी में गर्भधारण न बने जोखिम**

नई व्यवस्था में पोषण के साथ परिवार नियोजन परामर्श को भी जोड़ा गया है। एसीएमओ डॉ. संतोष राना ने बताया कि डिस्चार्ज के दिन ही प्रसूताओं को पीपीआईयूसीडी, छाया, अंतरा, कंडोम और नसबंदी जैसे विकल्पों के बारे में परामर्श दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कमजोरी की स्थिति में बार-बार गर्भधारण स्वास्थ्य जोखिम बढ़ा देता है, इसलिए प्रसव के तुरंत बाद परिवार नियोजन अत्यंत आवश्यक है।

**त्वरित रेफरल पर रहेगा फोकस**

डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने बताया कि एएनएम, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रसूताओं को पोषण परामर्श, दवा सेवन में नियमितता और कमजोरी के लक्षण दिखने पर तत्काल रेफरल सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। विभाग का लक्ष्य है कि अब महिलाओं को केवल सुरक्षित प्रसव ही नहीं, बल्कि स्वस्थ और सुरक्षित मातृत्व भी मिले।

# लखनऊ में गैंग लीडर की 98.44 लाख की अवैध सम्पत्ति कुर्क

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चिनहट थाना और बीबीडी पुलिस टीम ने शनिवार को गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए, गैंग लीडर कुलदीप सिंह की 98.44 लाख की चल-अचल संपत्ति जब्त की है।

चिनहट थाना प्रभारी दिनेश चन्द्र मिश्र ने बताया कि यह कार्रवाई संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) के निर्देश 21 नवंबर को पारित आदेश के अनुपालन में की है। कुर्की की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस ने कुलदीप सिंह के राधापुरम कॉलोनी, कंचनपुर मटियारी स्थित घर के बाहर आवश्यक सूचना वाला नोटिस बोर्ड भी लगाया, जिसमें साफ चेतावनी दी है कि संपत्ति पर किसी भी प्रकार का कब्जा, उपयोग या अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अभियुक्त कुलदीप सिंह पर 2023 में पीड़ित राम मिलन की बहू पूजा यादव की हत्या, धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार कराने और आर्थिक लाभ अर्जित करने का गंभीर मामला दर्ज है। उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज है। बीबीडी थाने की संयुक्त टीम ने चिनहट थाना प्रभारी दिनेश चन्द्र मिश्र के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए चिन्हित संपत्ति के कब्जे में लिया और मौके पर बोर्ड लगाकर कुर्की की घोषणा सार्वजनिक की।

# किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध कर उत्तर प्रदेश को सशक्त बना रही सरकार

## धान किसानों को किया गया 1868.35 करोड़ रुपए का भुगतान, क्रय केंद्रों पर 17 फीसदी नमी तक का धान खरीदा जा रहा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार किसानों को आर्थिक रूप से 'समृद्ध' कर उत्तर प्रदेश को सशक्त बना रही है। सीएम योगी के निर्देश के उपरांत 48 घंटे के भीतर धान व बाजरा किसानों को किया जा रहा भुगतान इसका उदाहरण है।

पहली अक्टूबर से धान खरीद शुरू हुई थी, तबसे 28 नवंबर तक धान किसानों को 1868.35 करोड़ व बाजरा किसानों को 263.03 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। यही



कारण है कि योगी सरकार की पारदर्शी नीतियों की बदौलत अपनी उपज का लाभकारी मूल्य प्राप्त करने के लिए किसान फसल की बिक्री राजकीय क्रय केंद्रों पर कर रहे हैं। क्रय केंद्रों पर 17 फीसदी नमी तक का धान खरीदा जा रहा है। धान किसानों को 1868.35 करोड़ रुपये का भुगतान

### अक्टूबर से 28 नवंबर तक के मध्य क्रय केंद्रों पर एक लाख से अधिक किसानों ने धान बिक्री की

पहली अक्टूबर से 28 नवंबर तक के मध्य सरकारी क्रय केंद्रों पर 1.40 लाख से अधिक किसानों ने धान बिक्री की। इसके एवज में किसानों को अब तक 1868.35 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। बचे किसानों के लिए भी सरकार द्वारा तत्काल भुगतान की प्रक्रिया चालू है। बाजरा किसानों को 263.03 करोड़ का किया गया भुगतान यूपी में श्री अन्न की खरीद भी पहली अक्टूबर से जारी है। श्री अन्न के अंतर्गत बाजरा किसान भी सरकारी क्रय केंद्रों पर अपनी फसल को लेकर जा रहे हैं। 28 नवंबर तक लगभग 22000 किसानों को 263.03 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। शेष बचे किसानों को भी तत्काल भुगतान करने की प्रक्रिया पर जोर दिया जा रहा है। बाजरा की बिक्री के लिए 64 हजार से अधिक किसानों ने पंजीकरण भी करा लिया है। 2775 रुपये प्रति कुंतल एमएसपी पर हो रही बाजरा की खरीद बाजरा का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2775 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है। बाजरा खरीद सिर्फ 33 जनपदों में ही हो रही है। इसके लिए 281 क्रय केंद्रों की स्थापना की जा चुकी है। धान खरीद (कॉमन) 2369 रुपये तथा (ग्रेड-ए) 2389 रुपये प्रति कुंतल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर समय-समय पर धान खरीदारी की समीक्षा हो रही है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, खाद्य व रसद विभाग लगातार इसकी मॉनीटरिंग कर रहा है।

## खबरें एक नजर में

### ड्राइवर ने शताब्दी के आगे कूदकर आत्महत्या की

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बंथरा थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक स्कूल बस चालक ने स्वर्ण शताब्दी ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान बंथरा गांव निवासी राम प्रकाश (45) के रूप में हुई है। वह अपनी पत्नी रामप्यारी और बेटों अतुल गौतम व अखिलेश गौतम के साथ रहते थे। राम प्रकाश पास के डबल पब्लिक स्कूल में बस चालक के तौर पर कार्यरत थे। उनकी दो बेटियों निधि और नेहा की शादी हो चुकी है। शनिवार सुबह करीब 6 बजे राम प्रकाश घर से स्कूल गए थे। स्कूल से बस लेकर वह बच्चों को लेने गए और फिर उन्हें स्कूल में छोड़ा। लगभग 10 बजे वह खाना खाने के लिए घर जाने की बात कहकर स्कूल से निकले, लेकिन घर नहीं पहुंचे। दोपहर करीब 12.15 बजे पुलिस को हरौनी रेलवे स्टेशन और सई नदी के बीच बरगदिया बाबा मंदिर के पास लखनऊ-कानपुर रेल खंड की डाउन लाइन पर एक व्यक्ति के ट्रेन की चपेट में आने से मौत होने की सूचना मिली। बंथरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। मृतक के पास मिले आधार कार्ड की फोटो कॉपी और मोबाइल के जरिए उसकी पहचान राम प्रकाश के रूप में हुई।

### खरगापुर क्षेत्र में टैक्स वसूली का विशेष शिविर आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर निगम लखनऊ के जोन-4 द्वारा खरगापुर क्षेत्र में कर वसूली को प्रभावी बनाने के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के समय-समय पर जारी निर्देशों के क्रम में यह शिविर रविवार, 30 नवंबर 2025 को लगाया जाएगा, जिसमें घर-घर कर वसूली के साथ-साथ नागरिकों को आवश्यक कर संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। जोनल अधिकारी जोन-4 सुश्री शिल्पा कुमारी ने बताया कि शिविर सेक्टर-7, ऋषिता मैनहटन अपार्टमेंट परिसर में आयोजित होगा। शिविर के संचालन की जिम्मेदारी राजस्व निरीक्षक आकर्षक श्रीवास्तव एवं राजेश पाण्डेय को सौंपी गई है। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक संचालित होगा।उन्होंने कहा कि कर वसूली शिविर के दौरान नागरिकों को संपत्ति कर, जलकर एवं अन्य नगर निगम से संबंधित करों की जानकारी दी जाएगी तथा वहीं पर भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में संबंधित विभागीय अधिकारी और टीम उपस्थित रहकर अभियान की निगरानी करेंगे।

### अखण्ड आर्यावर्त महासभा की बैठक आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा में देहरी पूजन के साथ छह दिसम्बर को मनाये जाने वाले शौर्य दिवस की तैयारी को लेकर अखण्ड आर्यावर्त त्रिदंडी महासभा की आवश्यक बैठक कल 30 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से कुर्सी रोड स्थित संगठन मुख्यालय में आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में शौर्य दिवस की तैयारियों की अन्तिम रूप दिया जायेगा। इस बैठक की जानकारी देते हुये संगठन के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ल ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संगठन ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि की देहरी पूजन के साथ शौर्य दिवस मनाने का निर्णय लिया है, जिसकी तैयारियां पिछले कई दिनों से चल रही है, जिसे अन्तिम रूप देने के लिये संगठन की यह बैठक 30 नवम्बर को कुर्सी रोड स्थित संगठन मुख्यालय में प्रातः 11 बजे से आयोजित की जा रही है, जिसमें संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे। श्री शुक्ल ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता के लिये तैयारियां शुरू करने के साथ ही संगठन के सभी इकाइयों के अध्यक्षों को निर्देशित कर दिया गया है कि अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ मथुरा पहुंचे। इसके अलावा हिन्दू जनमानस से भी आग्रह किया गया है कि शांतिपूर्ण ढंग से होने जा रहे इस धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो।

### यूनिवर्सिटी के पास कूड़े में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने बुझाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जानकीपुरम विस्तार संयुक्त जनकल्याण महासमिति ने कई बार नगर निगम को कूड़े का ढेर हटाने की शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वही दूसरी तरफनगर निगम सुपरवाइजर ने अज्ञात के खिलाफ जानकीपुरम थाने में कूड़े का ढेर मे आग लगाने की तहरीर दी है। बख्शी का तालाब फायर स्टेशन को सूचना मिली कि लखनऊ विश्वविद्यालय सेकेंड कैंपस के पास सड़क किनारे कूड़े में तेज आग लग गई है। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन बीकेटी से दो गाड़ी यूनिट सहित मौके के लिए रवाना हुईं। घटनास्थल पर पहुंचते ही फायरकर्मियों ने देखा कि सड़क किनारे पड़ा कूड़ा पूरी तरह लपटों में घिर चुका था। स्थिति को देखते हुए टीम ने तुरंत आग पर काबू पाने का अभियान शुरू किया। साथ ही मौके पर मौजूद जेसीबी की मदद से कूड़े को हटाकर आग पर सीधे पानी और फोम की बौछार की गई। करीब 20 मिनट में आग पर पूरी तरह नियंत्रित कर बुझा दी गई।

### 11 दिसम्बर को होगा अवधी आराधकों का समागम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के अवधी प्रकोष्ठ द्वारा आगामी 11 दिसम्बर को ठीक 11 बजे लखनऊ के राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह, कैसरबाग में अभूतपूर्व अवधी समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह , प्रोफेसर सूर्य प्रसाद दीक्षित एवं सीतापुर के एमएलसी पवन सिंह चौहान की उपस्थिति विशेष रहेगी। अवधी समारोह-2025 के आयोजन समिति से जुड़े नागेन्द्र बहादुर सिंह चौहान ने बताया कि समारोह में अवध भारती संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित अवधी के दधीच डॉ राम बहादुर मिश्र को समर्पित एक विराट अवधी शोध ग्रन्थ अवध-अवधी विविध सन्दर्भ का विमोचन किया जाएगा। इस समारोह का संचालन उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के संस्थापक अध्यक्ष स्माइल मैन सर्वेश अस्थाना करेंगे अवधी-हिन्दी दुभाषिया नागेन्द्र बहादुर सिंह चौहान के मुताबिक इस अवधी समारोह में भारत और नेपाल के लगभग सभी अवधी जनपदों के मूर्धन्य अवधी साहित्यकार सहभागी बनेंगे।

## मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में आए लोगों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आश्वस्त करते हुए कहा

# बिना चिंता के कराएं इलाज, सरकार करेगी भरपूर आर्थिक मदद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वासन दिया कि वे बिना किसी चिंता के इलाज कराएं, सरकार उनकी भरपूर आर्थिक मदद करेगी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री ने गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने जनता दर्शन में पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया कि वह बिना किसी चिंता के बेहतर अस्पतालों में इलाज कराएं, सरकार उनकी भरपूर आर्थिक मदद करेगी। योगी ने कहा कि ऐसे



लोगों के उपचार में जो भी धनराशि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था राज्य सरकार करेगी। योगी ने इसे लेकर अधिकारियों को निर्देश भी दिया कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके अनुमानित खर्च की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद शनिवार सुबह आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में आयोजित सभा में प्रत्येक व्यक्ति की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को सौंपे।

### समाजवादी पार्टी का सूरज हुआ अस्त : सीएम योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एसआईआर के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि एसआईआर का कार्यक्रम पवित्र लोकतंत्र के लिए चल रहा है, लेकिन कांग्रेस, अखिलेश यादव और उनकी पूरी पार्टी एसआईआर के खिलाफ दुष्प्रचार कर रही है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया के बीच कई बीएलओ की मौत के बाद उनके परिजनों से मिलेंगे। इस पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, उनका और उनकी समाजवादी पार्टी का राजनीतिक अस्तित्व कैसा होगा, ये बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों से संदेश आ चुका है। समाजवादी पार्टी का सफाया तय है। यह पार्टी अस्त होता हुआ सूरज है। उपमुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि जिस रास्ते पर कांग्रेस और राहुल गांधी व तेजस्वी यादव चले हैं, उसी रास्ते पर अखिलेश यादव जा रहे हैं। जो दुर्दशा कांग्रेस-राजद की हुई है, उससे भी बुरा हश्र समाजवादी पार्टी का होगा। कर्नाटक में कांग्रेस की अंतर्कलह पर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, देश कांग्रेस मुक्त होने की ओर अग्रसर है। इस पार्टी में हाहाकार मचा है।

### शिक्षक हरीश चंद्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में जीता गोल्ड

**लखनऊ।** कोलंबो में वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 की शुरुआत देश के लिए यादगार रही। चैंपियनशिप में आगरा के जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय इटौरा के व्यायाम शिक्षक हरीश चंद्र ने 77 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड और कक्षा 11 के छात्र रमन कुमार ने 56 किग्रा भार वर्ग में सिल्वर जीतकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का मान बढ़ाया। दोनों की इस ऐतिहासिक सफलता ने प्रदेश सहित पूरे देश को गर्व से भर दिया है। समाज कल्याण विभाग संचालित सर्वोदय विद्यालय इटौरा खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने में आगे रहा है। विद्यालय द्वारा तैयार किए गए ये दोनों खिलाड़ी 26 नवंबर को कोलंबो के लिए रवाना हुए थे, जहां आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में 40 से अधिक देशों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

# चलता रहेगा नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और उससे उत्पन्न यातायात अवरोधों को ध्यान में रखते हुए नगर निगम लखनऊ ने शनिवार को एक व्यापक और बहुस्तरीय अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर की गई, जिसका उद्देश्य प्रमुख मार्गों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त बनाकर नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराना है।

इसके लिए नगर निगम का अतिक्रमण हटाओं अभियान सत्त जारी रहेगा। निर्देशों का अनुपालन करते हुए जोन 7 के जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस अभियान में नालियों, नालों तथा सड़कों के दोनों ओर फैले अवैध ढांचों को हटाया गया। इंदिरा नगर सेक्टर-17 स्थित सब्जी मंडी में विशेष रूप से कार्रवाई करते हुए 4 काउंटर, 6 ठेला और 4 गुमटी हटवाई गई। अभियान अधीक्षक विनय मौर्या और 296 की टीम की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपादित किया गया। शहर में व्याप्त अस्थायी अतिक्रमण, अवैध होर्डिंग, बैनर और पोस्टरों के खिलाफ भी नगर निगम ने कड़ा रुख अपनाया। जोन 8 के जोनल अधिकारी श्री विकास सिंह के नेतृत्व में 296 टीम की मौजूदगी में वृहद अभियान चलाया गया।

### मोती महल डीलक्स रेस्टोरेंट पर जुर्माना

**लखनऊ ।** लखनऊ नगर निगम की तरफ से अतिक्रमण और सिंगल यूज प्लास्टिक इस्तेमाल करने पर कार्रवाई की गई है। दिन भर शहर के विभिन्न जोनों में अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध वेंडरों की दुकानों के सामान जब्त करने के साथ में जुर्माने की कार्रवाई की गई। मोती महल डीलक्स रेस्टोरेंट में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने पर नगर निगम ने 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। जोन 7 में में नालियों, नालों और सड़क के दोनों ओर फैले अवैध ढांचों को हटाया गया। इंदिरा नगर सेक्टर-17 स्थित सब्जी मंडी में तक एक्शन लिया गया। इसमें 4 काउंटर, 6 ठेला और 4 गुमटी हटवाई गई। जोन-8 में कालिंदी पार्क से शुरू होकर चिरैया बाजार होते हुए सेक्टर-7 तक एक्शन लिया गया।

# 104 साल का हुआ चिड़ियाघर, मना स्थापना दिवस

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान यानी लखनऊ चिड़ियाघर आज (29 नवंबर को) अपना 104वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर चिड़ियाघर परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें वे सभी वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और वन्यजीवप्रेमी शामिल हुए, जिन्होंने प्राणी उद्यान के विकास और संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

स्थापना दिवस के मौके पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे। टाइगर जब धूप बाहर निकला तो लोगों के चेहरे खिल उठे। चिड़ियाघर की निदेशक अदिति ने बताया कि यह दिन सभी के लिए बेहद खास है। इन 100 से अधिक वर्षों में चिड़ियाघर लंबी यात्रा तय की और नई




ऊंचाई पर पहुंचा। बदलते वक्त के साथ मॉडर्न हुआ, आधुनिक हुआ, साथ ही सुविधाओं का विस्तार हुआ।

कार्यक्रम के दौरान उन वरिष्ठ अधिकारियों का विशेष सम्मान किया गया जिन्होंने वर्षो से चिड़ियाघर के विकास में सक्रिय भूमिका निभाई है। इसके साथ ही उन कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए जिन्होंने वन्यजीवों की देखरेख में अपनी जिम्मेदारी को निभाया उन्होंने कहा कि यहां विभिन्न दुर्लभ प्रजातियों को एक ही स्थान पर देख पाना अपने आप में अनोखा अनुभव है।

### वन्य जीवों को गोद लेने वरिष्ठ नागरिकों का हुआ सम्मान

चिड़ियाघर प्रशासन द्वारा वन्य जीवों को गोद लेने वाले वरिष्ठ नागरिकों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने संरक्षण के इस अभियान को मजबूती प्रदान की है। प्रशासन के अनुसार चिड़ियाघर हर वर्ष लाखों दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहता है। यहां आने वाले बच्चों, छात्रों और बुजुर्गों को न सिर्फ मनोरंजन मिलता है बल्कि वे वन्यजीवों के इतिहास, उनकी आदतों, रहन-सहन और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों से भी रूबरू होते हैं। प्रयागराज से आए पर्यटक सत्य प्रकाश ने बताया कि चिड़ियाघर का भ्रमण उनके लिए बेहद ज्ञानवर्धक रहा।

# एसआईआर के बहाने संविधान को खत्म करने की हो रही है कोशिश : अखिलेश

**अखिलेश का आरोप- हर विधानसभा में 20 हजार वोट काटने का निर्देश**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीजेपी पर हमला बोला है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईआर के बहाने संविधान को खत्म करने की कोशिश की जा रही हैं। घोसी में उपचुनाव से पहले हर विधानसभा में 20 हजार वोट काटने के निर्देश दिए गए हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि घोसी में अभी सुधाकर सिंह की तेरहवीं भी



नहीं हो पाई है, बीजेपी ने तैयारी शुरू कर दी है। हर विधानसभा में 20-20 हजार वोट काटने के निर्देश दे दिए गए हैं। मऊ, सदर विधानसभा से 20000 वोट काट दिए गए हैं।घोसी लोकसभा के हर एक विधानसभा में 20000 हजार वोट काटे जा रहे है। अभी कई गांवों में बीएलओ नहीं गए हैं। अखिलेश यादव ने एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग की मंशा पर सवाल उठाए। मुझे समझ नहीं आता कि एसआईआर को लेकर बीजेपी इतनी जल्दबाजी में क्यों हैं? चुनाव आयोग और बीजेपी दोनों मिले हुए हैं। सरकारी डेटा बता रहा है कि सभी फॉर्म बांटे जा चुके हैं लेकिन ग्राउंड पर ऐसा नहीं है। ये सोची समझी साजिश है कि संविधान के तहत जो हमें वोट डालने का अधिकार है उसे छीनने की तैयारी है।सपा अध्यक्ष ने कहा कि एसआईआर के बहाने आरक्षण छीनने की कोशिश हो रही है। ये आपकी पहचान छीन लेंगे, वोट डालने का अधिकार छीन लेंगे। आपके ऊपर उल्टे सीधे दबाव बनाएंगे। देश में संविधान को खत्म किया जा रहा है। बीजेपी सारे वोटर का डेटा जुटा रही है।

### सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बीएलओ के परिजन को दो लाख का चेक सौंपा

**लखनऊ ।** मलिहाबाद के सरांवा गांव निवासी बीएलओ विजय कुमार वर्मा के परिवार को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को 2 लाख रुपए का चेक सौंपा। विजय वर्मा की बीते शुक्रवार को ब्रेन हैमरेज से मौत हो गई थी। यह आर्थिक सहायता लखनऊ स्थित सपा प्रदेश कार्यालय में प्रदान की गई। दोपहर करीब एक बजे विजय वर्मा के की पत्नी संगीता रावत, बेटे हर्षित वर्मा परिवार के 5 सदस्यों के साथ सपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। उन्हें वहीं यह चेक सौंपा गया। संगीता रावत ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा दी गई इस आर्थिक मदद से उन्हें कुछ राहत मिलेगी। संगीता रावत ने कहा विजय कुमार वर्मा के इलाज के दौरान अस्पताल में करीब 8 लाख रुपए खर्च हुए थे।

# गांवों में नालियों व आंतरिक सड़कों का प्राथमिकता से हो निर्माण : केशव मौर्य

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि गांवों में पानी की निकासी हेतु नाली एवं पर्याप्त सड़कों का होना ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत आवश्यक है, कहीं-कहीं वर्षा ऋतु में जल भराव की समस्या गम्भीर हो जाती है, जिससे ग्रामीणों को असुविधा होती है।

ग्रामीण क्षेत्र में पर्याप्त आंतरिक गलियां उपलब्ध हो और भराव, जल प्लावन की स्थिति बिल्कुल भी न हो, इस हेतु उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को व्यापक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने ग्रामों में जलभराव की समस्या के निदान हेतु नाली एवं नागरिक सुविधाओं हेतु आंतरिक सड़कों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराये जाने के निर्देश देते हुए कहा है कि मनरेगा गाइड लाइन्स में निहित प्राविधानों के तहत यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराये जाय। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि शासन द्वारा सभी जिला अधिकारियों, जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा को समय-समय पर जारी शासनादेशों दिशा निर्देशों का हवाला देते हुए कहा गया है कि ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत मनरेगा एवं राज्य वित्त चतुर्थ राज्य वित्त,14वां वित्त आयोग की धनराशि को अभिसरण कर प्रत्येक ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना के अनुरूप कार्यस्थलों का चिन्हांकन करके आवश्यकतानुसार पक्का खड़न्जा, नाली निर्माण कार्य कराये जाय।

# बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के कल्याण की समाज की सामूहिक जिम्मेदारी : थावरचंद गहलोत

**सरकार दिव्यांगजन शिक्षा, प्रशिक्षण और पुनर्वास पर निरंतर कार्यरत : कश्यप**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ में राष्ट्रीय संस्थान बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण के तत्वावधान में 31वें राष्ट्रीय अभिभावक सम्मेलन 2025 का शुभारम्भ कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप तथा मुख्यमंत्री सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी की उपस्थिति में शनिवार को हुआ।



राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने कहा कि बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के समग्र कल्याण की जिम्मेदारी समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। अभिभावकों को गार्जियनशिप संबंधी प्रक्रियाओं में सहयोग मिलना अत्यंत आवश्यक है ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके। उन्होंने परिवार संगठन द्वारा पिछले 30 वर्षों में किए गए सराहनीय कार्यों का उल्लेख करते हुए नीति-निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि राज्य सरकार बौद्धिक दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, प्रशिक्षण और पुनर्वास के लिए हर संभव कदम उठा रही है। प्रदेश सरकार की योजनाओं और नीतियाँ को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करते हुए, प्रत्येक पात्र दिव्यांगजन को लाभान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सलाहकार अवनीश अवस्थी ने समाज के सभी वर्गों से आह्वान किया कि वे बौद्धिक दिव्यांगजन को अवसर प्रदान कर समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएँ।

**बैठक** प्रवीण योजना में विद्यालयों व नामांकन संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि, 23,000 से अधिक छात्रों का पंजीकरण

# युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण व रोजगार सरकार की प्राथमिकता

**उद्योगों की मांग व युवाओं की रुचि के अनुसार नए ट्रेड शुरू करने पर बल**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने कौशल विकास मिशन मुख्यालय लखनऊ में विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि योगी सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए व्यापक प्रयास कर रही है।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और प्रशिक्षण केंद्रों की वास्तविक समय



आधारित निगरानी की जाए, प्रशिक्षकों की उपस्थिति और प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को प्रोत्साहित किया जाए, जबकि कमजोर प्रदर्शन वाले संस्थानों से लिखित स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए। उद्योगों की मांग और युवाओं की रुचि के अनुरूप नए व्यवसाय आरम्भ किए जाएं और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार क्षेत्रों का उन्नयन किया जाए ताकि युवाओं को उनके जनपद में ही बेहतर रोजगार के अवसर मिल सकें। बैठक में आईटीओटी लखनऊ, सुल्तानपुर के प्रशिक्षण आंकड़े प्रस्तुत कर बताया गया कि प्रशिक्षण सत्र 2015-16 से 2024-25 तक 3181 प्रशिक्षार्थियों में 3064 ने सीआईटीएस सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। सहारनपुर मंडल के 23 प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण राजकीय आईटीआई मुजफ्फरनगर में आयोजित किया गया। लखनऊ, अयोध्या, बस्ती सहित अन्य मंडलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और मजबूत करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की तथा मलवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर को नॉलेज पार्टनर बनाया गया है।

### दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना की प्रगति की भी समीक्षा

संस्थान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों, अनुदेशकों, कार्यदेशकों और अन्य कर्मचारियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। बैठक में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना की प्रगति भी प्रस्तुत की गई, जिसके अनुसार अब तक लगभग 2.59 लाख युवाओं को प्रशिक्षण, लगभग 2.33 लाख का मूल्यांकन और 1.52 लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। योजना के नए चरण डीडीयू 2.0 के लिए प्रशिक्षण सहयोगियों के आवेदन प्राप्त हो रहे हैं और चयन प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रोजेक्ट प्रवीण योजना के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों में विद्यालयों की संख्या, नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इस वर्ष के 62,326 के लक्ष्य के सापेक्ष 23,000 बच्चों का नामांकन पूरा हो चुका है। एडिट विद्यालयों को भी योजना में शामिल करने की अनुमति मिल चुकी है। कौशल प्रतियोगिताओं में प्रदेश के उत्कृष्ट प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए बताया गया कि इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025 के लिए प्रदेश में 1,09,249 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है, जो देश में सर्वाधिक संख्या है।

**पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न, 30 नवंबर तक शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा करने के आदेश**

# आज भी खुलेंगे सभी कार्यालय व विद्यालय




**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत पुनरीक्षण कार्य में लगे जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने मतदाताओं से गणना प्रपत्र प्राप्त कर डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए की 30 नवंबर रविवार को भी सभी प्राइमरी विद्यालय खुलेंगे और विद्यालयों में बच्चों की छुट्टी रहेगी। जिलाधिकारी ने कहा है कि 30 नवंबर रविवार को सभी कार्यालय भी खुलेंगे। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि 30 नवंबर की रात्रि तक सभी का शत-प्रतिशत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करा लिया जाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि गंभीरता से ससमय कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार एवं नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## यातायात जागरूकता गोष्ठी एवं रेट्रो-रिफ्लेक्टिव अभियान आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

- चिकित्सा प्रशिक्षुओं को सुरक्षा का संदेश, शहर में सड़क सुरक्षा के लिए नई पहल



यातायात माह नवम्बर के क्रम में पं0 रामप्रसाद बिस्मिल राज्य स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पर एक महत्वपूर्ण यातायात जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एवं क्षेत्राधिकारी नगर पंकज पंत के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें प्रभारी यातायात विनय कुमार पाण्डेय द्वारा चिकित्सा प्रशिक्षुओं को सड़क सुरक्षा के वैज्ञानिक, व्यवहारिक और मानवीय पहलुओं से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया आज सबसे अधिक असमय मौतें सड़क दुर्घटनाओं में हो रही हैं। एक छोटी सी लापरवाही केवल एक जीवन ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार का भविष्य अंधकार में धकेल देती है। बताया नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें। दोपहिया पर हेलमेट एवं चारपहिया में सीटबेल्ट का सदैव उपयोग करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिस जैसे आपातकालीन वाहनों को प्राथमिकता दें। राहवीर बनें – सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 'गोल्डन आवर' में अस्पताल पहुँचाएँ, 25,000 हजार पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र, और घायल के इलाज में 1,50,000 तक सहायता सरकार द्वारा दी जाएगी। सड़क दुर्घटनाएँ केवल नियम-उल्लंघन का परिणाम नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी की परीक्षा हैं। हम सब जागरूक रहें, और दूसरों को भी जागरूक करें–तभी दुर्घटनामुक्त शाहजहाँपुर संभव है। कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं के साथ प्रो0 डॉ0 अमित सक्सेना, विभिन्न विभागों के शिक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

## पदयात्रा में जिला युवा अधिकारी कर रहे दायित्वों का निर्वहन



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वी जयंती अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय पदयात्रा गुजरात के करमसद से एकता नगर (केवड़िया) तक 26 नवंबर से 6 दिसम्बर तक निकाली जा रही है। जिसमें जिला युवा अधिकारी शाहजहांपुर मयंक भदौरिया भी युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से दिए गए दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। यात्रा में अभी तक तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि, मुख्यमंत्री गुजरात, मुख्यमंत्री त्रिपुरा, केंद्रीय मंत्री व राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा जे पी नड्डा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडवीया, पीयूष गोयल, सर्बानंद सोनोवाल, वीरेंद्र कुमार, बी एल वर्मा, अजय टम्टा, अनुप्रिया पटेल, एसपी सिंह बघेल सहित गुजरात सरकार के विभिन्न मंत्रीगण, जनप्रतिनिधियों सहित माय भारत के युवा साथी भारी संख्या में इस यात्रा में शामिल हो रहे हैं।

## मोबाइल नहीं मिलने से रोजगार सेवक परेशान

**सिंधौली, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** रोजगार सेवकों ने मोबाइल उपलब्ध न होने की समस्या को लेकर एक बार फिर विकासखंड अधिकारी से मुलाकात की।

बताया गया कि 26 नवंबर को रोजगार सेवकों ने इस संबंध में वीडीओ को ज्ञापन सौंपा था। जिसके बाद वीडीओ ने सचिवों को नोटिस जारी करते हुए निर्देश दिया था कि रोजगार सेवकों को अच्छा और उच्च कोटि का मोबाइल उपलब्ध कराया जाए।

निर्धारित तीन दिन बीत जाने के बावजूद भी मोबाइल उपलब्ध न होने पर रोजगार सेवक दोबारा वीडीओ से मिलने पहुंचे। रोजगार सेवकों में अतीक खान, मनोज वर्मा, श्याम सिंह, लालाराम , रघुवीर आदि मौजूद रहे। इस दौरान विकासखंड अधिकारी ओमप्रकाश ने भरोसा दिलाया कि सचिवों को निर्देश दे दिए गए हैं और जल्द ही रोजगार सेवकों को मोबाइल उपलब्ध कराया जाएगा।

## विधवा पर तरस के बजाए क्लेम में मिली रकम भी धोखे से हड़प ली देवर व जेठ ने

- सास पर भी नॉमिनी बनकर बीमा की रकम हड़पने का आरोप
- गांव कुतुबपुर निवासी विधवा प्रेमा देवी की दास्तां



**तिलहर - शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पति की दुर्घटना में मौत होने के बाद जेठ , देवर और सास ने विधवा पर तरस खाने के बजाए उसे मिली क्लेम की रकम को भी धोखे से हड़प लेने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी तहरीर में 12 लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। मामला तिलहर कोतवाली क्षेत्र के गांव कुतुबपुर (कुदकापुर) का है । यहां की निवासी बब्बू की विधवा प्रेमा देवी ने पुलिस को बताया कि करीब दो साल पहले वह पति के साथ पंजाब में रहती थी । बकौल प्रेमा ट्रेक्टर पलटने से उसके पति गम्भीर घायल हो गए । और इलाज के दौरान 21 अक्टूबर 2024 को बब्बू की मौत हो गई। आरोप है कि उसके जेठ रामसिंह ने ट्रेक्टर मालिक से समझौता कर साढ़े तीन लाख रुपए ले लिए और उसके तीनों बच्चों के नाम एफडी बनवाने का भरोसा दिलाया। लेकिन आज तक एफडी नहीं बनबाईं। प्रेमा देवी ने बताया कि एक्सीडेंट क्लेम में उसे पांच लाख रुपए मिले। जो ग्रामीण बैंक डाभौरा में खाता में जमा कराए गए। उसने बताया कि देवर अमन कुमार ने उसकी चेकबुक व एटीएम कार्ड बनवाया और जमीन नाम करवाने के नाम पर धोखे से उससे चेकों पर उससे दस्तखत करा कर बीती 29 अक्टूबर को दो लाख , 31 अक्टूबर को ढाई लाख रुपए निकाल लिए । आरोप है कि एटीएम कार्ड से देवर अमन कुमार ने तीन नवंबर को चार बार में 40 हजार रुपए निकल लिए। आरोपों का सिलसिला यहीं नहीं थमा उसने बताया कि उसकी सास गंगा देवी ने उसके पति के बीमे में नॉमिनी बनकर साढ़े तीन लाख रुपए हड़प लिए। पुलिस ने दोनो पक्षों को कोतवाली बुलाकर मामले की पीड़िता के सामने ही पड़ताल की। जिसमें लगाए गए आरोपों की प्रथम दृष्ट्या पुष्टि हुई है। पुलिस के हस्तक्षेप पर आरोपी जेठ राम सिंह ने कुछ रुपए पीड़िता को लौटाए हैं। जबकि एक बड़ी रकम उससे हड़पने के मामले में देवर अमन व दस गंगा देवी के कारनामे की पड़ताल की जा रही है।

## बीएलओ ड्यूटी पर लगे शिक्षकों व कर्मचारियों के सहयोग की अपील

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

01 जनवरी 2026 की आधार तिथि के अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को शासन-प्रशासन द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

जिले के अनेक शिक्षक, शिक्षिकाएँ, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं अन्य विभागों के कर्मचारी बीएलओ के रूप में विपरीत परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपना दायित्व निभा रहे हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मीडिया प्रभारी एवं ब्लॉक भावलखेड़ा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने बताया कि इस दौरान कुछ अत्यंत दुःखद घटनाओं की जानकारी भी सामने आई हैं, जो सभी के लिए चिंता का विषय हैं।

उन्होंने समस्त शिक्षक-कर्मचारियों एवं नागरिकों से अपील की कि वे अपने आस-पास बीएलओ ड्यूटी कर रहे साथियों का मनोबल बढ़ाएँ आवश्यकता पड़ने पर सहयोग अवश्य करें, ताकि कोई साथी स्वयं को अकेला या अत्यधिक दबाव में महसूस न करे।

श्री तिवारी ने अधिकारीगणों से भी आग्रह किया कि वे बीएलओ के रूप में कार्य कर रहे शिक्षकों-कर्मचारियों के साथ संवेदनशील, सहयोगी एवं अभिभावक-सरीखा व्यवहार अपनाएँ तथा अनावश्यक दबाव एवं कठोर भाषा से बचें।

उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण का कार्य समय से और गुणवत्तापूर्वक अवश्य पूरा होगा, लेकिन किसी भी साथी का जीवन किसी भी ड्यूटी से बड़ा है। हम सब एक परिवार हैं इसलिए एक दूसरे का सहयोग करना हमारा नैतिक दायित्व है।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने कच्ची देसी शराब के साथ व्यक्ति को पकड़ा

**सिंधौली-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** मुखबिर खास ने पुलिस को सूचना दी की पीरताला रोड पर एक व्यक्ति अपने हाथ में प्लास्टिक की पिपिया जिसमें अवैध कच्ची देसी शराब पैक है लेकर पैदल आ रहा है । मुखबिर ने पुलिस को गन्ने की आड़ से बताया कि सामने जो व्यक्ति आ रहा है यह वही है ।जैसे ही वह व्यक्ति सामने आया पुलिस को देखकर शकपका गया और चक्रोड पर मुड़कर तेज रफ्तार से चलने लगा। पुलिस ने उसको पकड़ लिया जामा तलाशी लेने पर उसके पास एक प्लास्टिक की पिपिया में कच्ची देसी शराब बरामद हुई लाइसेंस मांगने पर वह मिन्नते करने लगा। पूछने पर उसने अपना नाम मुरली पुत्र पीतम निवासी गांव आलमपुर थाना सिधौली जनपद शाहजहांपुर बताया पुलिस ने रिर्पोट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की।

### एडीएम व एआरटीओ की संयुक्त कार्रवाई में चार ओवर लोडेड ट्रक सीज

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** जनपद में सड़क हादसों की रोकथाम एवं यातायात जनजागरूकता के उद्देश्य से निरंतर सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। ठंड में रात में कोहरे की वजह से कोई दुर्घटना न हो, इसके लिए गाड़ियों में रिफ्लेक्टर, लाइटें लगवाई जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को बरेली मोड़ पर एडीएम वित्त अरविंद कुमार और एआरटीओ प्रशासन एसके सिंह की संयुक्त कार्यवाही में 4 ओवर लोडेड ट्रक को थाना आरसी मिशन में सीज किया गया। एडीएम ने जिला खनन अधिकारी को भी कार्यवाही हेतु निर्देश दिया। एडीएम वित्त ने बताया कि ओवरलोड करने वाले वाहनों का चालान, सीज कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। यातायात नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है।

### बण्डा मंडी में धान तौल में गड़बड़ी करने बाले अधिकारियों को हटाने की मांग

- भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने डीएम को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**पुवायां, समृद्धि न्यूज।** बण्डा मंडी में लगे धान के क्रय केंद्रों पर तौल में धांधली को लेकर भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्यवाही करने को लेकर भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने डीएम को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम चित्रा निर्बाल को सौंपा। दिए हुए ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने बताया कि बंडा मंडी में किसान धान लेकर जा रहे है पिछले एक सप्ताह से मंडी के बाहर किसानों की ट्रालियों की लंबी कतार लगी है। लेकिन ट्राली अंदर नही ली जा रही है। किसानों का धान नही खरीदा जा रहा है ओर पोर्टल पर फर्जी खरीद दिखाई जा रही है। इस धांधली में केंद्र प्रभारी लिप्त है इसलिए इन भष्ट अधिकारियों को हटाया जाए और उन पर कार्यवाही की जाए। ज्ञापन देने बालो में जिलाध्यक्ष अनिल यादव, तहसील अध्यक्ष श्रीकृष्ण जाटव, ओमेंद्र यादव, प्रदीप आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में छात्रा घायल

**पुवायां, समृद्धि न्यूज।** गांव सकरापुर निवासी 11 वर्षीय छात्रा मेरिजबानो शनिवार को स्कूल से वापस घर जा रही थी। तभी एक बाइक पर तीन छात्र बाइक से तेज रफ्तार से आ रहे थे उसी समय छात्रा की साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से छात्रा गम्भीर घायल हो गई। राहगीरों ने बाइक चालक को पकड़ लिया और पुलिस बुलाकर सपुर्द कर दिया। जिसके बाद छात्रा के परिजनों को फोन किया। सूचना पाकर परिजन आनन फानन घटना स्थल पर पहुँचे। ओर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

## पंचायत सफाईकर्मी कर रहे बीएलओ का सहयोग



**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड सिंधौली में एसआईआर फॉर्म भरने के कार्य को तेजी देने के लिए पंचायत सफाई कर्मियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के विभिन्न गांवों में तैनात पंचायत सफाई कर्मियों को ब्लॉक मुख्यालय स्थित सभागार में बुलाया गया, जहां उनसे एसआईआर फॉर्म भरवाए जा रहे हैं। इस दौरान धर्मेंद्र कुमार, दीपांकर गौतम, अनुराग, धीरेंद्र, राजेश कुमार यादव, रामाधार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। फॉर्म भरने की प्रक्रिया की देखरेख कर रहे कानूनगो अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि पंचायत सफाई कर्मी फील्ड में बीएलओ का पूरा सहयोग कर रहे हैं और उन्हें दस्तावेजों के संकलन व सत्यापन कार्य में लगाया गया है, जिससे अभियान को गति मिल सके। उन्होंने बताया कि तिलहर एसडीएम ने भी ब्लॉक पहुंचकर निरीक्षण किया था।

वहीं जिलाधिकारी के निर्देश पर सौ प्रतिशत फॉर्म भरने वाले बीएलओ और संबंधित सहयोगियों को सम्मानित किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर फॉर्म भरने का कार्य निरंतर प्रगति पर है और समय-समय पर समीक्षा कर इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

## दिव्यांग कन्याओं के जीवन में रौशनी भरती संस्था, फिर हुआ एक भव्य विवाह समारोह

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शहर की सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में हमेशा आगे रहने वाली आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान ने एक बार फिर मानवीय करुणा और सामुदायिक सहयोग की मिसाल पेश की। संस्था ने शहर के एक कमजोर परिवार की दिव्यांग कन्या के विवाह की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाते हुए 29 नवंबर को उसका विवाह संपन्न कराया।

खिरनी बाग स्थित रामचरन लाल धर्मशाला को इस शुभ अवसर के लिए सुंदर फूलों और रोशनी से सजाया गया था। देर रात बारात के पहुंचते ही माहौल उल्लास से भर उठा। जनातियों और बारातियों ने डीजे की धुन पर खूब नृत्य किया।

द्वारचार पूजन और जयमाल के कार्यक्रम ने समारोह को परंपरागत गरिमा से भर दिया। बड़े-बुजुर्गों ने नव दंपति को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की।यह समारोह संस्था द्वारा कराया गया 128वां विवाह था। इससे पहले भी संस्था 127 कमजोर परिवारों और दिव्यांग कन्याओं के विवाह संपन्न करा चुकी है। सेवा और समर्पण की यह परंपरा शहर में एक प्रेरक मिसाल बन चुकी है। शुक्रवार को धर्मशाला में पूरी रस्में विधिवत संपन्न की गईं। जयमाल के उपरांत समिति की ओर से बारातियों और अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया गया।

संस्था के प्रदेश सचिव नीरज बाजपेई ने सभी आगंतुकों को भोजन कराया।देर रात आचार्य जी द्वारा हवन-पूजन सम्पन्न कराया गया और पवित्र अग्नि के साक्षी में फेरे करवाए गए। इसके बाद कन्या को गृहस्थी के उपहार देकर भावुक माहौल में विदाई दी गई। भव्यता और सरलता के संतुलन से सजाए इस आयोजन की सभी उपस्थित लोगों ने सराहना की। संस्था की यह पहल उन परिवारों के लिए आशा की वह लौ है, जो आर्थिक या शारीरिक कठिनाइयों के कारण अपनी बेटियों का विवाह नहीं कर पाते विवाह समारोह में मुख्य रूप से समिति के मुख्य संरक्षक हरि शरण बाजपेई प्रदेश सचिव नीरज वाजपेयी प्रदेश अध्यक्ष मीनाक्षी अग्निवेश गौरव त्रिपाठी सोनू अवस्थी मोनि मिश्रा अखिलेश सिंह कुशाग्र पंडित लक्ष्मीकांत मिश्रा ओम प्रकाश यादव मंडल अध्यक्ष नलिनी ओमर रेनू गुप्ता नीति सक्सेना सरिता मिश्रा अर्चना अग्निहोत्री मधु श्रीवास्तव मीनू गुप्ता संगीता अग्रवाल प्रेम नारायण हरीश बजाज संगीता मोहन रमन गुप्ता गरिमा बाजपेई मून शर्मा वेद प्रभा वाजपेई शांतनु सिम्मी सिंह अभय राज शक्ति शर्मा महिमा शुक्ला।निधि बहल, उषा मिश्रा, रिधि बहल ,विनंती देवास जागृति ग्रुप फाउंडेशन का सहयोग रहा।

### नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल का कारावास

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** नाबालिक के साथ दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने आरोपी को 20 वर्ष का कारावास की सजा सुनाते हुए 10 हजार के आर्थिक जुर्माना लगाया है। थाना मिर्जापुर क्षेत्रान्तर्गत एक गांव के रहने वाले वादी ने थाने पर तहरीर दी। जिसमें उसने लिखाया कि उसकी नाबालिग पुत्री उम्र 14 वर्ष के साथ गांव का ही रंजीत 6 माह से डरा धमकाकर बलात्कार करता रहा और उसकी पुत्री के गर्भ ठहर गया। गर्भ गिराने की दूषित मंशा से अभियुक्त रंजीत व सुनीता ने उसकी पुत्री को गर्भनिरोधक दवा खिलाई, जिससे उनकी पुत्री की हालत बिगड़ गयी और बेहोश हो गयी। फिर जब होश आया तो उसकी लड़की ने पूरी बात घर वालों को बताई । वादी मुकदमा पीड़िता के पिता ने इस गम्भीर मामले की सूचना और कानूनी कार्यवाही हेतु थाने पर मुकदमा पंजीकृत कराया। थाना पर मुकदमा पंजीकृत होने के बाद पुलिस ने विवेचना शुरू की और विवेचना के दौरान चिकित्सीय परीक्षण में बालिका की आयु 14 वर्ष तथा गर्भवती भी पाया गया। विवेचना पूरी करने के बाद विवेचक ने आरोप पत्र न्यायालय भेजा। जहां उसका ट्रायल शुरू हुआ, जिसके तहत अभियोजन ने वादी मुकदमा, पीड़िता एवं अन्य तार्किक साक्षियों का साक्ष्य पूर्ण कराया। पॉक्सो कोर्ट संख्या 43 के न्यायाधीश शिवकुमार तृतीय ने बहस के दौरान बचाव पक्ष व अभियोजन पक्ष के तर्कों को सुना तथा शासकीय अधिवक्ता दीप कुमार गुप्ता के तर्कों पर भरोसा जताया और अभियुक्त रंजीत को दोषी करार देते हुए धारा 376 भा0 दं0 सं0 व 3/4(2) पॉक्सो एक्ट में 20 साल का सश्रम कारावास तथा 10 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया। 卐14 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ किया गया यह दुष्कर्म व गर्भ ठहरने की यह घटना अत्यंत गम्भीर, जो समाज को भी प्रभावित करती है। कठोर दंड से अपराधियों को सबक लेकर भयभीत होकर अपने में सुधार लाने की जरूरत है। दीप कुमार गुप्ता शासकीय अधिवक्ता।

## यातायात जागरूकता को लेकर सहयोग संस्था ने लगाया कैंप

- यमराज बन रोड पर उतरे जेपी पब्लिक स्कूल के बच्चे

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



महानगर के सुभाष चंद्र बोस चौराहे पर पब्लिक को जागरूक करने हेतु सहयोग संस्था की ओर से यातायात जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एडीएम एफआर अरविंद कुमार, नगर आयुक्त डॉ विपिन मिश्रा, सीओ सदर प्रियांक जैन, एआरटीओ सर्वेश कुमार सिंह, यातायात प्रभारी विपिन मिश्रा आदि मौजूद रहे। कैंप की ओर से जेपी पब्लिक स्कूल व लीड कान्वेंट स्कूल के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी को यातायात के नियमों का पाठ पढ़ाया और जेपी पब्लिक स्कूल के बच्चे यमराज वन रोड पर उतरे और जो हेलमेट लगाए थे उनको गुलाब का फूल दिया व जो हेलमेट नहीं लगाए थे उनको गदा मारते हुए हेलमेट पहनाया और चित्रगुप्त से सभी का भविष्य दिखलबाया कि यातायात के नियमों का पालन करना अति आवश्यक है।

सहयोग संस्था के संस्थापक अनिल गुप्ता प्रधान व शाहनवाज खान एडवोकेट ने कहा कि हम सभी को यातायात के नियमों का पूर्ण रूप से पालन करना चाहिए। आज की तारीख में सबसे ज्यादा मौतें गाड़ी दुर्घटना से ही हो रही है। इतने लोग तो बीमारी से नहीं मरते हैं जितने गाड़ी एक्सीडेंट से खत्म हो रहे हैं।

संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता, महासचिव विकास सक्सेना ने जानकारी दी कि आज संस्था की ओर से दर्जनों लोगों को हेलमेट पहनाया गया व सैकड़ो लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने हेतु गुलाब का फूल देकर जागरूक भी किया गया। इस मौके पर एडीएम एफआर अरविंद कुमार ने सभी को जानकारी दी कि उन्होंने खुद अपने जीवन में एक बड़े एक्सीडेंट को झेला है जिसमें उनको काफी चोट आई थी और बह एक घंटे तक बेहोश भी रहे थे। इसीलिए सभी लोग यातायात के नियमों का पालन अवश्य ही करें। कार्यक्रम का संचालन संस्था के उपाध्यक्ष डॉ पुनीत मनीषी ने किया। अंत में कार्यकम प्रभारी स्तुति गुप्ता,सरदार हरजीत सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संस्था के कोषाध्यक्ष महेंद्र दुबे के साथ-साथ शिवम वर्मा, ममता यादव, सुमन गुप्ता, संगीता गुप्ता, हिना खान, लक्ष्मी गुप्ता, निदा नाज, मंजू, अंजली यादव, सुदामा प्रसाद, एन टी आई और संजय इंटर कॉलेज के बच्चे अपने टीचर्स के साथ मौजूद रहे।

## वृद्ध जन आश्रम में मनाया गया जितिन प्रसाद का जन्मदिन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



विनोबा सेवा आश्रम बरतारा में स्थित वृद्ध जन आश्रम में उस समय प्रसन्नता की छटा खिल उठी जब केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद के जन्मदिन का केक सबसे बुजुर्ग रामचंद्र के द्वारा काटते हुए उनके लंबे जीवन के लिए दुआ की जाने लगी।

उनका जीवन परिचय बताते हुए प्रगतिशील कृषक कौशल कुमार मिश्रा ने जितिन प्रसाद के बारे में कहा कि जितिन प्रसाद कहीं के भी सांसद रहे हों उन्होंने सदैव ध्यान शाहजहांपुर वासियों का रखा। उनके पूर्वजों का भी बहुत बड़ा रिश्ता इस शहीद नगरी से है। आज बुजुर्ग भाई बहनों के बीच में उनका जन्मदिन मनाने का एक अलग आनंद है।

इन बुजुर्गों के चेहरे पर जो खुशी का भाव दिख रहा है। वह बहुत बड़ी उपलब्धि है। आज उन्होंने अपने जीवन के 51 वर्ष पूर्ण कर 52 वें वर्ष में प्रवेश किया है। वह खूब कीर्तिमान स्थापित करें। यही हम सब की कामना है। अहिंसा पुस्तकालय की प्रभारी सीना शर्मा ने कहा कि गांधी जी की प्रतिमा की स्थापना के समय जितिन प्रसाद का आश्रम आना हुआ था। वह क्षण याद है।

वृद्धाश्रम के प्रबंधक ब्रह्मदेव गंगवार, विनोबा सेवा आश्रम के प्रबंध निदेशक मुदित कुमार, सेवा आश्रम के संस्थापक रमेश भइया, अनिल सिंह ने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर अर्पण पांडे, कमलेश प्रेमी, प्रदीप कुमार, अंजलि बहन चंद्रावती, अमर सिंह, कल्लू भाई, सुजीत सिंह ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सुधीर पाठक, विजय मिश्रा कालीशंकर, अनुज द्विवेदी आदि उपस्थिति रहे।

### पुष्टाहार लेने गई महिला से मारपीट

**जलालाबाद -शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव ग्राम शुक्लामई महिला किरण पत्नी राम रहीस ने थाने में शिकायत दर्ज कल शुक्रवार दोपहर के करीब 12 :00 बताया निवासी है। कि वह अपने के दो बच्चे नितिन आयु 3 वर्ष व अनाया उम्र 5 वर्ष का पुष्टाहार आंगनबाड़ी केंद्र पर लेने गई थी। पुष्टाहार माँगने गई तो आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने उसके साथ मारपीट की और आँगनबाड़ी केन्द्र से भगा दिया। महिला विवश होकर अपने घर चली आई। वह बहुत ही गरीब व असहाय महिला है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री गांव के एक दर्जन लोगों ने भी इससे पहले शिकायत की की यह बच्चों का मिलने वाला पुष्टाहार कटौती करके वितरित करती है और अधिकांश का केंद्र से गायब रहती है। वहीं पुलिस ने प्रार्थना पत्र मिलने के बाद कार्रवाई की बात कही है।

## विद्यालयों में किया गया तिथि भोजन का आयोजन

**सिंधौली-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विगत माह शासनादेश जारी कर किसी भी विशेष दिवस पर अध्यापकों तथा अधिकारियों को परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं हेतु तिथि भोजन दिवस मनाए जाने का सुझाव दिया था। आयोजन की सूचना उच्चाधिकारियों को भी साझा करने के निर्देश थे। इसी क्रम में विकासखण्ड में तैनात एआरपी अतुल शुक्ला तथा डॉ. रूपेंद्रजीत सिंह द्वारा क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय दिवाली तथा बढ़ेला पहुँचकर तिथि भोजन दिवस का आयोजन किया। इस दौरान दोनों एआरपी द्वारा विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को केला तथा बाल पॉइन्ट पेन वितरित किए गए। एआरपी अतुल शुक्ला ने बताया कि जारी शासनादेश में विशेष पर्व,महापुरुषों की जयंती अथवा शिक्षक या छात्र के जन्मदिवस,फल अथवा पौष्टिक आहार वितरण कर दिवस को उल्लासपूर्वक मनाने के सुझाव दिए गए थे। इसी क्रम में दोनों एआरपी ने अपनी-अपनी वैवाहिक वर्षगाँठ पर फल वितरण की व्यवस्था तय की तथा पहल को सार्थक रूप देते हुए तिथि भोजन दिवस का आयोजन किया। इस दौरान उपेन्द्र तिवारी, राखी सिंह, अनामिका, उमेश कुमार, उपेन्द्र नाथ मिश्र आदि मौजूद रहे।आयोजन पर क्षेत्रीय अध्यापकों तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# बिचौलियों की एंट्री से बढ़ी धान खरीद में गड़बड़ियां

▸ मंडी में अंगूठा खेल पर चर्चाएं तेज, आए दिन मंडी में होता हंगामा, जिम्मेदार मौन






**बंडा मंडी में धान खरीद का बड़ा खेल**

**बंडा (शाहजहांपुर), समृद्धि न्यूज।**

पुवायां क्षेत्र में अब धान की बिक्री लगभग शून्य की ओर पहुंच चुकी है क्योंकि किसानों के पास धान नहीं रह गया है। इसके उलट अगर सरकारी धान खरीद पर गौर करें तो आंकड़े चौकाने वाले निकलकर सामने आने लगे हैं। पहले जब बंडा मंडी में धान का अंबार लगा था तो खरीद रफ्तार नहीं पकड़ पा रही थी लेकिन बंडा मंडी में अब धान लगभग न के बराबर आ रहा है और शाम को सेंटरों पर धान खरीद तीन-तीन सौ क्विंटल हो रही है।

हालांकि कुछ दिनों से गेट पर लंबी कतार धान भरी ट्रालियों की लगने लगी है। जिसे सेंटर पर नहीं लिया जा रहा है, दो दिन हंगामा भी हुआ। लेकिन इसबार धान बिक्री करने में किसानों को जितनी परेशानी हुई शायद ही कभी हुई हो।

प्रदेश की सत्ता में मौजूद भाजपा सरकार ने किसानों को उनके धान का बेहतर मूल्य देने के लिए 2369 रुपये प्रति क्विंटल पर धान खरीदने के लिए क्रय केंद्र खोले। इसके तहत बंडा मंडी परिसर में भी कुल 24 क्रय केंद्र खोले गए।

सरकार का मानना था कि किसानों को उनकी उपज का बढ़िया भुगतान मिले तो किसानों को उम्मीद थी कि क्रय केंद्र पर धान बिक्री होने से लाभ हो जाएगा लेकिन जब सेंटर खोले गए तब तक 50 प्रतिशत से अधिक क्षेत्रफल का धान कटकर राइस मिलों पर बिक्री हो चुका था। इसके बाद बचे हुए कुछ किसानों ने सेंटरों का रुख किया तो केंद्र पर नमी ज्यादा पाए जाने पर तौल नहीं होने का दूसरा झटका लगा और उन किसानों ने भी तमाम झंझटों से बचने के लिए राइस मिल का रुख कर लिया। उंगलियों पर गिनी जा सकने वाली नाममात्र की संख्या वाले किसानों जो खुद का सोर्स या किसी की सिफारिश का धान सेंटरों पर तुल भी गया। इससे सरकारी आंकड़ों में यह भी साबित हो गया कि सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है। कुल मिलाकर जब तक किसानों के पास धान रहा तब तक सेंटरों पर होने वाली खरीद रफ्तार नहीं पकड़ सकी। उसी बंडा मंडी में अब सन्नाटे के बीच बिना तौल के खरीद बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। यह खरीद कैसे आगे बढ़ रही है यह तो वहां तैनात जिम्मेदार साहब ही बता सकते हैं।

वैसे तो बंडा मंडी में खोले गए क्रय केंद्रों की खरीद नाममात्र को हो सकी थी लेकिन आजकल पूरे शबाब पर है। बंडा मंडी में दो तरीके से धान खरीद हो रही है। एक तो मंडी गेट के दोनों तरफ सौ से अधिक धान भरी ट्रालियों की लाइन कई दिनों से लगी है। बताया जाता है इन ट्रालियों में भरा धान असली किसानों का नहीं है। कम मूल्य और किसानों से धान खरीदकर अब बिचौलियों की ओर से सेंटरों पर बिक्री करके मोटी रकम कमाने का फंडा अपनाया गया है। उधर राइस मिलों पर जमा पंजीकरण वाले किसानों के अंगूठे लगने के कारण गेट पर खड़ी ट्रालियों का धान अंदर सेंटरों पर नहीं भिजवाया जा रहा है। इसीलिए दोनों ओर से अपने अपने प्रयास जारी हैं। लेकिन सवाल है यदि गेट पर खड़ी ट्रालियों में किसानों का धान नहीं है तो कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है यदि किसानों का है तो तौल क्यों नहीं की जा रही है।

खैर वर्तमान में बंडा मंडी के अंदर इस समय अंगूठे का खेल तेजी से खेला जा रहा है। इसीलिए बृहस्पतिवार शाम को मंडी गेट पर लाइन में लगे ट्राली वालों की ओर से हंगामा किया गया। नतीजतन पुलिस को पहुंच कर मामले को शांत करना पड़ा। इसके बाद शुक्रवार को भी किसानों ने हंगामा किया तो एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर कर धान भरी ट्रालियों को मंडी के अंदर भिजवाया। लेकिन एक बार तो स्पष्ट है कि बंडा मंडी में धान खरीद में घोटाले की बू आ रही हैं यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई पर गाज गिर सकती हैं, लेकिन निष्पक्ष जांच संभव नहीं बताई जा रही हैं। क्योंकि इसमें बड़े बड़े लोगों को कमीशन जाने की बातें चर्चा में है।

### न जनप्रतिनिधि... न अधिकारी दे रहे ध्यान!

**मनमर्जी से चल रहा काम**

बंडा मंडी में सेंटरों पर लोगों की मनमर्जी से काम हो रहा है लेकिन न तो जनप्रतिनिधियों ने और न ही किसी अधिकारी ने इस ओर ध्यान देकर सिस्टम को सही करने की जरूरत समझी है। इसको लेकर क्षेत्र में कई तरह की चर्चाओं ने जन्म ले लिया है। लोगों का कहना है कि सरकार तक बात नहीं पहुंचने के कारण यहां हालात खराब हो रहे हैं। अगर प्रदेश स्तर तक इस सिस्टम की आवाज पहुंचाई जाए तो ही कुछ हो सकता है।

**अब शुरू हुआ खेल**

जिन किसानों ने राइस मिलों पर जो धान बिक्री किया था उनमें दो तरीके से खरीद हुई थी एक था नगद भुगतान तो दूसरा था सेंटरों के पंजीकरण पर। पंजीकरण राइस मिल पर देने पर सौ रुपये के रेट में इजाफा दिखाया जाता था। जिसके तहत सैकड़ों किसानों ने पंजीकरण पर धान बिक्री किया और पंजीकरण कराकर राइस मिलों पर जमा कर दिया। सबसे खास बात तो यह है कि खुलेआम राइस मिलो ने किसानों से कागज लिए जोकि सभी जानते है कि उन्होंने कागज क्यों जमा कराए हैं।

## वित्तमंत्री ने किया खेल स्पर्धा का गुब्बारे उड़ाकर शुभारंभ



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

युवा कल्याण विभाग के अंतर्गत विधायक खेल स्पर्धा की सदर विधानसभा क्षेत्र की स्पर्धा के आयोजन का शुभारंभ वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना के करकमलों से रंग बिरंगे गुब्बारे एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त, जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं समस्त क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी आदि की उपस्थिति विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसका परिणाम में वॉलीबॉल सब जूनियर बालक वर्ग में इस्लामिया इंटर कॉलेज शाहजहांपुर की टीम विजेता बनी, 1500 मीटर जूनियर बालक वर्ग में अनिल कुमार प्रथम, 1500 मीटर सीनियर बालक वर्ग में नरेश पाल प्रथम एवं राम अवतार द्वितीय, जूडो 59 किलोग्राम वर्ग में अरुणिमा सिन्हा प्रथम रही, जूनियर बालक वर्ग में आवास विकास की टीम विजेता रही शाहगंज की टीम उपविजेता रही। सीनियर बालक वर्ग लंबी कूद में विवेक कुमार प्रथम रहे, सोहेल कादरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालक 200 मीटर दौड़ में आयुष कुमार प्रथम, जबकि अरशद ने बाजी मारी। कुश्ती सब जूनियर बालक वर्ग में प्रशांत कुमार प्रथम रहे।

## खबरें एक नजर में

### छुट्टा जानवरों के झुंड को बचाने में पिकअप खाई में पलटी

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** हाईवे पर अचानक सामने आए छुट्टा जानवरों को बचाने के चक्कर में मुर्गों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। जिससे सभी एक हजार मुर्गों की मौत हो गई। इस दौरान तमाम स्थानीय लोग मुर्गों को बोरों में भरकर ले गए। शनिवार सुबह तड़के कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर धनेला के समीप स्थित पेट्रोल पंप के सामने सुबह करीब चार बजे हाईवे पर अचानक छुट्टा जानवरों का झुंड आ जाने के कारण उन्हें बचाने में एक पिकअप जो कि लखीमपुर के पलिया कस्बे स्थित मुर्गी फार्म से मुर्गे भरकर बरेली के आंवला कस्बा को जा रही थी । अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई।पिकअप चालक अकबर ने पिकअप में एक हजार मुर्गे भरे थे । जो पिकअप पलटने से सभी मर गए । इस दौरान राहगीर और क्षेत्र के लोग मौके पर पहुंच गए और मृत मुर्गों को बोरों में भरकर ले जाने लगे। अकबर के मुताबिक करीब ढाई लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

### शोक सभा आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** योग विज्ञान संस्थान ने वरिष्ठ योग साधक एनसी त्यागी के देहावसान पर शोक सभा कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।स्थानीय सीतापुर नेत्र चिकित्सालय केन्द्र पर हुई श्रद्धांजलि सभा में योग साधकों ने उनके योग के प्रति अविस्मरणीय योगदान को याद कर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में जिला प्रधान डॉ अवधेश मणि त्रिपाठी, जिला महिला योग प्रमुख ज्योति गुप्ता, केन्द्र प्रमुख राजेश दीक्षित, बिपिन रस्तोगी और रचना चांदना, डॉ राजेन्द्र कुशवाहा, सन्ध्या गुप्ता, रचना चांदना, पद्मा गुप्ता, वेदप्रकाश अग्रवाल, सौरभ गोयल, ललित मोहन, निमिषा मिश्रा, जवाहर लाल रस्तोगी, मधु सक्सेना, आलोक कुमार दुबे, तेजवीर गुप्ता, कौशल शुक्ला, रामेश्वरी, गीता सिंह, निशा वरनवाल, सुनील शर्मा, आशाराम गुप्ता आदर्श दीक्षित, रेनू मौर्या, रितु सिंह, संजय सक्सेना, विक्रम टिकैत व विनोद कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### दो बच्चों की मौत के बाद मिला 13 लाख का क्लेम, हिस्सा बटवारे को लेकर विवाद

**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद-शाहजहांपुर।** थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव कल्याणपुर के निवासी महिला सुषमा देवी पत्नी सत्यपाल देवी ने थाना जलालाबाद सहित उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देने के बाद शनिवार दोपहर के 1:00 देकर बताया छः वर्ष पूर्व प्रार्थिनी के घर में गैस लीक हो जाने से घर में आग लग गयी जिसमें नौ लोगों गम्भीर रूप से जल गये थे। आग से गम्भीर रूप से जले उसके पुत्र संदीप 12 वर्ष व रामतीर्थ 7 वर्ष की मौत हो गई थी। दोनों पुत्रों की मौत हो जाने पर सरकार द्वारा उसको क्लेम के 1300000- रूपया मिला था जिसमें से 260000- रूपया संतोष पुत्र श्रीपाल निवासी ग्राम नरैना थाना कांट क्लेम का पैसा निकलवाने में दलाली का ले चुके है। अब संतोष पुत्र श्रीपाल व वीर भान पुत्र संतराम निवासी ग्राम कल्यानपुर थाना जलालाबाद व भूरे पुत्र मरहम सिंह निवासी ग्राम चमरपुरा थाना मदनापुर धमकी देते हैं। कि यदि क्लेम के आधे पैसे हम लोगों को नहीं दिये तो हम लोग क्लेम के सारे पैसे तुमसे छीन लेंगे नहीं तो तुम्हें भी ऊपर पहुंचा देंगे। सबसे गरीब परिवार डरा हुआ और सहमा हुआ है और उसकी जान को खतरा बना हुआ है। महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### मुमुक्षु क्रिकेट लीग के आठवें मुकाबले में यूथ-इलेवन के नाम जीत



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में चल रही मुमुक्षु क्रिकेट लीग में आठवें दिन का मैच स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज की टीम यूथ-11 तथा श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ की टीम एसएसएमवी-11 के मध्य खेला गया। खेल के मैदान पर मौजूद दर्शकों की भीड़ का रोमांच एवं उत्साह देखने के काबिल था। मैच का टॉस यूथ-11 टीम ने जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। यूथ-11 टीम ने 16 ओवर में 3 विकेट खोकर 162 रनों का स्कोर खड़ा किया। एसएसएमवी-11 की टीम ने भी जवाबी पारी में बेहतरीन प्रदर्शन किया लेकिन यह टीम 16 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 146 रन ही बना सकी। नतीजतन जीत का दर्जा यूथ-11 के नाम रहा। 52 गेंदो पर 7 छक्के और 3 चौके जड़कर 74 रन बनाने वाले यूथ-11 के खिलाड़ी दीपक कुमार को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। खेल के दौरान शिवओम शर्मा कमेंटेटर की भूमिका में उपस्थित रहे। इस मौके पर खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई हेतु कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव डॉ अवनीश मिश्र, प्रो आदित्य सिंह, प्रो आलोक मिश्र, प्रो अजीत सिंह चारग, डॉ शालीन सिंह, डॉ प्रांजल शाही, डॉ हर्ष पाराशरी, डॉ आदर्श पांडेय सहित भारी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### टूटी सड़क से निकलना दूभर, जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे ध्यान

**पुवायां, समृद्धि न्यूज।** खुटार से जाने बाला लिंक रोड कई गांवों को जोड़ता है जो पूरी तरह जर्जर हो चुका है। ग्रामीणों का कहना है इस रोड़ पर आवागमन अत्यंत कठिन हो गया है। साथ ही कहा कि इस रोड़ पर अभी तक न ही किसी जनप्रतिनिधि की नजर पड़ी है लेकिन चुनाव के वक्त झूठे वादों में फसाकर वोट लेते है लेकिन अबकी बार पहले रोड़ उसके बाद वोट। पुवायां से खुटार हाइवे पर इनायतपुर के पास हाइवे से एक लिंग रोड़ कई गांवों बिलसा, बिलसिया, रसूलपुर खुर्द, मैनिया, पकड़िया मल्हपुर व बिलन्दापुर समेत कई गांवों को जोड़ती है। यह सड़क करीब 15 वर्षों से अधिक खराब स्थिति में है। क्षतिग्रस्त सड़क होने के कारण लोगों का आवागमन अत्यंत कठिन हो गया है, बच्चों को विघालय जाने तथा किसानों को अपनी फसल मंडी तक पहुचाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अगर इस रोड से एम्बुलेंस व आपातकालीन वाहन गांव तक जल्दी नही पहुँच पाते है जिस कारण गम्भीर स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसके अलावा गांव बिलसा की स्थिति ज्यादा खराब है जहां पिछले एक महीने से सड़क पर पानी भरा है जहां जल निकासी की व्यवस्था नही होने के कारण जल भरा पड़ा है। इस जलभराव के कारण सड़क दब गई ओर बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अभी तक कोई भी जनप्रतिनिधि ने आकर कोई सुध नही ली। ओर चुनाव के समय झूठे वादे करके हम लोगों से वोट लेते है लेकिन अबकी झूठे वादे में फंसने बाले नही है। पहले रोड़ उसके बाद वोट। ग्रामीणों ने जर्जर रोड़ की मरम्मत के लिए कई बार अधिकारियों को पत्र दिए लेकिन अभी भी सड़क मरम्मत की राह देख रही है।

## सज्जन कुमार की उपलब्धि अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणा

**सिंधौली -शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मशहूर शायर दुष्यंत कुमार कहते हैं कि कौन कहता है कि आसमान में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो,, यह पंक्ति लोगों को संदेश देती है कि कोई भी काम असंभव नहीं है बस उसके लिए दृढ़ संकल्प और पूरी मेहनत व लगन की जरूरत होती है।

ब्लॉक सिंधौली के कंपोजिट विद्यालय के सहायक अध्यापक सज्जन कुमार ने यह सिद्ध करके दिखाया है।

हौसला और लगन हो तो किसी भी कमी के बावजूद सफलता पाई जा सकती है। इसका उदाहरण प्रस्तुत किया है विकासखंड सिधौली के दिव्यांग शिक्षक एवं बीएलओ सज्जन कुमार ने। सज्जन कुमार प्राथमिक विद्यालय अनावा में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि उनका बूथ संख्या 317 पसियाखेड़ा है, जहां कुल 997 मतदाता पंजीकृत हैं। अपने दायित्व को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्होंने 24 नवंबर को ही 100 प्रतिशत एस आई आर फॉर्म पूर्ण कर लिए थे।

उनकी इस उत्कृष्ट कार्यशैली और समयबद्ध कार्रवाई को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। दिव्यांग होने के बावजूद सज्जन कुमार की कार्य के प्रति समर्पण भावना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

वहीं दूसरी ओर कई ऐसे बीएलओ भी हैं जिनका कार्य अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। इनके प्रति अधिकारियों द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा है कि वे अपने लंबित कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करें, ताकि निर्वाचन से जुड़े सभी दायित्व समय पर पूरे हो सकें। सज्जन कुमार की उपलब्धि अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

## श्री वृन्दावन लॉन व होटल का भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**



नगर के फरुखाबाद रोड पर भाजपा ग्रामीण मण्डल उपाध्यक्ष केशव मिश्रा के नवनिर्मित श्री वृंदावन लान एंड होटल का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण चन्द मिश्रा ने किया। लॉन संचालक केशव मिश्रा ने जानकारी देते हुये वताया की उनके लॉन एवं होटल सभी सुविधाओ से लैस व उचित मूल्य पर है शादी विवाह वअन्य कार्यक्रमो के लिये सभी सुविधा उपलब्ध है। इस मौके पर विधायक हरि प्रकाश वर्मा पूर्व पालिकाध्यक्ष मनेन्द्र गुप्ता समाजसेवी विनय शर्मा भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय महामंत्री चन्देश गुप्ता अनिल सिंह भाजपा जिला महामंत्री अनिल गुप्ता ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष विनोद अग्निहोत्री मनमोहन द्विवेदी गोपाल वीरन पाठक मुन्नू लाल मिश्रा मदन मोहन मिश्रा सहित कभी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। वही इस दौरान संचालक केशव मिश्रा ने आये हुये अतिथियों को अंग बस्त्र और स्म्रति चिन्ह देकर स्वागत किया।

### कजरीनूरपुर गोशाला में अव्यवस्थाओं का अंबार सीडीओ ने जताई नाराजगी

**चारा मशीन व पेयजलापूर्ति व्यवस्थाएं कराने के लिए दिये दिशा निर्देश**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** गोशालाओं में संरक्षित पशुओं की सही से देखभाल व उनके खाने के हरे चारा की व्यवस्था ठीक से न देख, सीडीओ डा.अपराजिता सिंह ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए अधीनस्थों की मौके पर ही क्लास लगाई। बता दे कि शनिवार को दोपहर बाद सीडीओ ने निगोही ब्लाक की कजरीनूरपुर गोशाला का निरीक्षण को पहुंची, जहां उन्होंने पाया कि वहां संरक्षित पशुओं के लिए चारा न पीने के पानी को समर्सिबल कराया गया है।जिसको देखकर उन्होंने बीडीओ को दिशा निर्देश दिए कि जल्द कार्य कराकर रिपोर्ट दे, सचिव व गोशाला केयरटेकर को सुधार के लिए कहा। इसके साथ ही सीडीओ ने आरआरसी सेंटर संचालन को भी निर्देशित किया।

### अलग अलग सड़क हादसों में दो गम्भीर घायल

**जिला मेडिकल कॉलेज रेफर**

**तिलहर - शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** अलग अलग हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक नगर के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी कुंवर बहादुर सिंह उर्फ बंटी पुत्र कुंवर प्रताप सिंह 36 शुक्रवार देर रात अपने दोस्त को निजी बस अड्डे पर पहुंचकर बाइक से लौट रहे थे। वह धोखे से हाइवे ओवरब्रिज पर चढ़ गए । इसी दौरान एक चौपहिया वाहन से जोरदार टक्कर हो गई । जिससे बंटी गम्भीर रूप से घायल हो गए । दोस्त गुड्डू ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां से गंभीर हालत में उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बाद में परिजन बंटी को बरेली के एक निजी हॉस्पिटल में ले गए। जहां उनका इलाज चल रहा है। उधर शनिवार सुबह करीब साढ़े साथ बजे गांव नौगंवा निवासी हीरालाल पुत्र बहादुर लाल दुर्घटना में घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस 108 से सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

## हाईटेंशन से चार एकड़ गन्ने की फसल राख



**खुटार, समृद्धि न्यूज।**

गांव रजमना के रहने वाले विमलेश कुमार के खेत में शनिवार दोपहर करीब दो बजे हाईटेंशन लाइन से चार एकड़ गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। खेत स्वामी ने मौके पर पहुंचे लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास करते रहे। जबकि सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग को बुझाया। बावजूद इसके काफी गन्ना जल गया और क्षति पहुंची। गांव रजमना निवासी विमलेश कुमार ने बताया कि गांव से कुछ दूर खुटार से बंडा जाने वाले मार्ग पर आठ एकड़ का खेत है। जिसमें गन्ने की फसल कर रखी है। खेत के ऊपर से हाईटेंशन लाइन निकली है। शनिवार दोपहर करीब दो बजे बिजली के तार आपस में टकरा गए। इससे बिजली के तारों से निकली चिंगारी गन्ने के खेत में गिर गई और इससे आग लग गई। आग ने भयानक रूप धारण कर लिया। इससे आग पूरे खेत में फैल गई। लोगों के देखने के बाद वह मौके पर पहुंचा। इसके बाद लोगों ने पेड़ों की टहनियों से आग को बुझाया शुरू किया और इसकी सूचना दमकल टीम को दी। खेत स्वामी विमलेश कुमार ने लोगों की मदद से जैसे-तैसे आग पर काबू पा लिया। इसके बाद फायर ब्रिगेड टीम पहुंची। के स्वामी विमलेश कुमार के अनुसार, हाईटेंशन लाइन से चार एकड़ गन्ने की फसल जल गई है। इसे काफी नुकसान पहुंचा है।

## बोलेरो कार सहित तीन गिरफ्तार एक बाल अपचारी हिरासत में

**मीरानपुर कटरा, शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज।**



कटरा पुलिस ने एक सनसनीखेज हत्या कांड का खुलासा करते हुए मात्र 12 घंटे के भीतर वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती दीक्षा भवरे तथा क्षेत्राधिकारी तिलहर सुश्री ज्योति यादव के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर पाल की टीम को यह बड़ी सफलता मिली। घटना 28 नवंबर की है, जब ग्राम पलुऊरा निवासी रामकुमार ने अपनी पत्नी छाया देवी की हत्या कर साक्ष्य छिपाने का आरोप लगाते हुए थाना कटरा में मुकदमा दर्ज कराया था। नामजद आरोपियों में अजयपाल उर्फ रविन्द्र, उसकी पत्नी बेबी, भाई रंजीत तथा रंजीत का नाबालिग पुत्र शामिल थे।

गंभीर अपराध की सूचना के बाद पुलिस ने जाल बिछाकर 29 नवंबर सुबह करीब 8:49 बजे ग्राम सहमापुर तिराहे से मुख्य अभियुक्त अजयपाल और रंजीत को गिरफ्तार कर लिया। जबकि अभियुक्ता बेबी और 16 वर्षीय बाल अपचारी को विधि सम्मत निगरानी में लिया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बोलेरो कार नंबर यूपी 24 ए सी 86 29 को भी धारा 207 MV Act के तहत सीज़ कर लिया। जनपदीय फील्ड यूनिट की मदद से अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस टीम बहगुल नदी किनारे मढ़ैया घाट पहुँची, जहां मृतका के शव को जलाया गया था। वहां से छाया देवी के 4 बिछुए, हड्डियों के अवशेष और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए गए। मुख्य आरोपी अजयपाल के खिलाफ पूर्व में भी आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज है, जबकि अन्य तीनों का आपराधिक इतिहास वर्तमान मुकदमे तक सीमित है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर पाल, दरोगा गौरव कुमार, सिपाही आशीष विकल, आशीष कुमार तथा महिला सिपाही आरती शामिल रहे। पुलिस ने सभी अभियुक्तों को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश कर दिया। कटरा पुलिस की इस तेज़ कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## कमिश्नर ने डीएम के सानिध्य में की विशेष पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा

▸ निश्चित समयावधि में पूरा कराएं विशेष पुनरीक्षण कार्य : चौधरी

**तिलहर - शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



कमिश्नर भूपेंद्र एस चौधरी ने तहसील पहुंचकर डीएम धर्मेंद्र प्रताप के सानिध्य में मतदाता विशेष पुनरीक्षण कार्यों की गहन समीक्षा कर जनपद की सभी तहसील के ईआरओ व एईआरओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कमिश्नर श्री चौधरी शनिवार अपरान्ह तीन बजे तहसील पहुंचे। यहां डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की सानिध्यता में जनपद में मतदाता विशेष पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने निश्चित समयावधि में एसआईआर कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए। तिलहर एसडीएम / ईआरओ श्री सरोज ने तहसील क्षेत्र में 60 प्रतिशत विशेष पुनरीक्षण कार्य होने की बात बताई गई। कमिश्नर ने इसमें तीव्रता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर में लगे सभी ईआरओ व एईआरओ बूथ लेवल ऑफिसर निरंतर संपर्क में रहकर पूरी जिम्मेदारी से कार्य को अंजाम देते हुए विशेष पुनरीक्षण कार्य पूरा कराएं । इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी । इस मौके पर एसडीएम प्रशासन रजनीश कुमार, एसडीएम सदानंद सरोज, तहसीलदार दीपेंद्र कुमार, नायब तहसीलदार पूनम मधुकर, रिजवान खान के अलावा तहसील सदर, पुवायां, जलालाबाद, कलान के एसडीएम, तहसीलदार समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे। करीब पौन घंटे तक समीक्षा के बाद कमिश्नर श्री चौधरी गंतव्य को रवाना हो गए।

### यातायात जागरूकता गोष्ठी आयोजित

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** यातायात माह के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कृभको फर्टिलाइजर्स लिमिटेड में एक विशेष यातायात जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी यातायात विनय कुमार पाण्डेय द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। प्रभारी यातायात द्वारा दोपहिया वाहन पर हेलमेट एवं चौपहिया वाहन में सीट बेल्ट अवश्य धारण करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। एम्बुलेंस, पुलिस एवं अग्निशमन वाहन जैसे आपातकालीन वाहनों को तुरंत रास्ता दें। नशे की हालत में वाहन बिल्कुल न चलाएँ। यदि चालक नशे में है, तो यात्रियों का कर्तव्य है कि 112 डायल कर सुरक्षित साधन से अपने गंतव्य तक जाएँ। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद कर राहवीर बनें। पीड़ित को 'गोल्डन ऑवर' के भीतर अस्पताल पहुँचाने पर 25,000 का नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जाता है। सड़क पर आपकी एक सावधानी—किसी परिवार की पूरी दुनिया बचा सकती है। यातायात नियम बोझ नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का कवच हैं। कार्यक्रम में वाइस प्रेसीडेंट विजय बाँगर, ए.के. चौहान, के.के. झा, प्रमोद कुमार 'प्रमिल' सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया जितिन का जन्मदिन



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद का 52वां जन्मदिन आज प्रसाद भवन कैम्प कार्यालय पर केक काटकर मनाया गया।

इस अवसर पर उपस्थित पार्टी जनों ने कहा कि आज हम सभी के लिए गौरव का विषय है कि आज हम सभी उस नेता का जन्मदिन मना रहे हैं जिन्होंने हम सभी का ही नहीं बल्कि पूरे जनपद का नाम अपने परिश्रम से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर ऊंचा किया है। अपने परिश्रम से उन्होंने प्रदेश के एक बहुत बड़े मंत्रालय की जिम्मेदारी का निर्वाहन करते हुए केंद्र सरकार में दो-दो महत्वपूर्ण मंत्रालयों का निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करते हुए हम सबका मान-सम्मान बड़ा रहे हैं यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है।

जन्मदिन समारोह के आयोजन में मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, छावनी परिषद के नामित सदस्य अवधेश दीक्षित, अनिल तिवारी, मनिल बाजपेयी, प्रशांत कठेरिया, मुकेश श्रीवास्तव, सुशील शुक्ल, आलोक प्रताप सिंह,अमित बाजपेयी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहकर अपनी शुभकामनाएं प्रदान कीं।

## जहरीले कारोबार पर नकेल

आज सिर्फ पंजाब-हरियाणा ही नहीं, देश के अन्य राज्यों में भी नशीले पदार्थों का बढ़ता घातक कारोबार गंभीर संकट की आहट सुना रहा है। आये दिन विभिन्न राज्यों में नशीले पदार्थों की बड़ी-बड़ी खेप बरामद होना इस संकट की भयावह तस्वीर उकेरता है। अब वयस्क ही नहीं, किशोर भी नशे की चपेट में आ रहे हैं। फिर वे अपने नशे के लिए पैसा जुटाने को अपराध की गलियों से गुजरने में गुरेज नहीं करते। हाल ही के कुछ गंभीर अपराधों का खुलासा होने पर किशोरों ने स्वीकार किया कि वे नशे हेतु पैसा जुटाने के लिए अपराध करने निकले थे। कमोबेश, ऐसा ही संकट नकली दवाइयों की आपूर्ति का भी है। पिछले दिनों देश के कई राज्यों में घातक कफसिरप पीने से कई बच्चे अपनी जान गंवा बैठे। इस आसन्न संकट को महसूस करते हुए नकली दवाइयों और मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए सात राज्यों के ड्रग्स कंट्रोलरों, पुलिस और सीआईडी अधिकारियों का एक महत्वपूर्ण सम्मेलन चंडीगढ़ में आयोजित किया गया, जिसका मकसद इन अधिकारियों को एक मंच पर लाकर कार्रवाई को अधिक कारगर बनाना था। इस रणनीतिक महत्व के सेमिनार का आयोजन हरियाणा के खाद्य और औषधि प्रशासन ने किया था, जिसका मकसद सीमावर्ती राज्यों के बीच बेहतर समन्वय, सूचना साझेदारी और तेज प्रवर्तन तंत्र विकसित करना था। यह स्वागत योग्य है कि देश में पहली बार सात राज्यों ने इस संकट को महसूस करते हुए इस दिशा में साझी पहल की। उल्लेखनीय है कि इस पहल में सीमावर्ती राज्यों पंजाब, राजस्थान, हिमाचल, उत्तराखंड व दिल्ली, महाराष्ट्र तथा हरियाणा के औषधि नियंत्रकों व वरिष्ठ अधिकारियों समेत 70 अधिकारियों ने भाग लिया। इन अधिकारियों ने अनुभव साझा करके भविष्य के लिए कारगर रणनीति को अंजाम देने पर गंभीर मंथन किया। बैठक में स्वीकार किया गया कि नशीले पदार्थों व नकली दवाइयों का कारोबार मात्र एक राज्य की समस्या नहीं है, बल्कि इससे कई राष्ट्रीय मुद्दे भी जुड़े हैं। इसमें दो राय नहीं कि देश के लिए घातक साबित हो रहे नशे के कारोबार पर अंकुश राज्यों के संयुक्त प्रयासों से ही संभव है। इसके लिए जरूरी है कि विभिन्न राज्यों के जिम्मेदार अधिकारी समय-समय पर इससे जुड़े डेटा साझा करने, पारदर्शी समन्वय और 'एक टीम, एक रणनीति' पर काम करें। साथ ही जरूरी है कि संबंधित अधिकारी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ काम करें। इस दौरान सात राज्यों के अधिकारियों ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग रोकने व नकली दवाइयों पर रोक लगाने के लिए सहयोग करने पर सहमति जतायी। इस नई चुनौती के मुकाबले के लिए विशेष प्रशिक्षण और सात राज्यों के ड्रग कंट्रोलरों और पुलिस अधिकारियों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान पर सहमति बनी। इसमें दो राय नहीं कि यह जहरीला कारोबार सिर्फस्थानीय मुद्दा नहीं है बल्कि विभिन्न राज्यों के बीच साझा चुनौती बना हुआ है, जिसका मुकाबल डेटा साझेदारी और पारदर्शी समन्वय से ही संभव है। खासकर सीमावर्ती राज्यों को तो अंतर्राष्ट्रीय व अंतरराज्यीय तस्करों से मुकाबले के लिए मिलकर काम करना बेहद जरूरी है। यही वजह है कि चंडीगढ़ में आयोजित सेमिनार के निष्कर्ष राज्य व केंद्र सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया ताकि साझी रणनीति तय की जा सके। दरअसल, हाल के दिनों में पंजाब व देश के समुद्री सीमा से जुड़े राज्यों में नशीले पदार्थों की जो बड़ी खेपें बरामद हुई हैं, उसने पूरे देश की चिंता बढ़ाई है। सवाल यह भी उठा है कि यदि नशीले पदार्थों की इतनी बड़ी मात्रा बरामद हुई है तो चोरी-छिपे कितनी बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ देश में पहुंच रहा होगा।

# राज्यों के लोक सेवा आयोगों में पारदर्शिता का संकट

**डॉ सत्यवान सौरभ**

राज्यों के लोक सेवा आयोगों की स्थापना संविधान ने इस उद्देश्य से की थी कि राज्य प्रशासन में प्रतिभा, ईमानदारी और योग्यता को प्राथमिकता मिले। विडंबना यह है कि जिन आयोगों पर निष्पक्षता को स्थापित करने की जिम्मेदारी थी, वे स्वयं वर्षों से पारदर्शिता के संकट से जूझ रहे हैं। अनेक राज्यों में पेपर लीक, भ्रष्टाचार, प्रश्नपत्र त्रुटियां, अस्पष्ट आरक्षण गणना और परिणामों की देरी जैसी घटनाओं ने आयोगों के प्रति जनता और युवाओं दोनों का भरोसा डगमगा दिया है। संविधान ने इन संस्थाओं को स्वतंत्र दर्जा दिया, परंतु व्यवहार में राजनीतिक दबाव, प्रशासनिक सीमाएँ और संस्थागत कमजोरियाँ इनके कार्यों को प्रभावित कर रही हैं। यही कारण है कि आयोगों की प्रक्रियाओं और संरचनाओं की गहन समीक्षा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है।

सबसे बड़ी समस्या आयोगों की नियुक्तियों से शुरू होती है। अनेक राज्यों में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्तियाँ योग्यता, अनुभव और विशेषज्ञता के बजाय राजनीतिक समीकरणों को ध्यान में रखकर की जाती हैं। सदस्य बनने के लिए आवश्यक योग्यता, आयु, अनुभव या पेशेवर पृष्ठभूमि को लेकर कोई स्पष्ट संवैधानिक मानदंड नहीं है। इसके कारण आयोगों पर पक्षपात व राजनीतिक पक्षधरता के आरोप लगते हैं। इसके विपरीत यूपीएससी नियुक्तियाँ पेशेवर, अनुभवी और विविध पृष्ठभूमि वाले वरिष्ठ अधिकारियों या शिक्षाविदों के हाथों में रहती हैं, जो उसकी विश्वसनीयता को मजबूत करती हैं। राज्यों में मानव संसाधन नियोजन भी कमजोर कड़ी है। कई बार वर्षों तक अधियाचन नहीं भेजा जाता, पद रिक्त पड़े रहते हैं, आर्थिक कारणों से भर्ती रोक दी जाती है या अधिसूचनाएँ अचानक जारी होकर फिर रद्द हो जाती हैं। यह अनियमितता पूरे चयन चक्र को बाधित कर देती है। इसके विपरीत केंद्र में 1985 में स्थापित कार्मिक मंत्रालय अधियाचन, सेवा शर्तें और भर्ती चक्र को व्यवस्थित रखता है। राज्यों में ऐसा कोई समर्पित ढाँचा न होने के कारण लोक सेवा आयोगों की कार्यक्षमता प्रभावित होती है।

अवसंरचना की कमी भी आयोगों के लिए गंभीर समस्या है। कई राज्यों में सुरक्षित प्रश्नपत्र भंडारण केंद्र, एन्क्रिप्टेड डिजिटल सिस्टम, केंद्रीयकृत परीक्षा केंद्र, आधुनिक स्कैनिंग व्यवस्था और डेटा सुरक्षा तंत्र तक उपलब्ध नहीं हैं। इस कारण पेपर लीक, ओएमआर गुम होने, मूल्यांकन संबंधी त्रुटियों और तकनीकी विफलताओं जैसी घटनाएँ सामान्य बन गई हैं। उम्मीदवारों में भय व असंतोष का माहौल इसी अव्यवस्था से पैदा होता है। प्रश्नपत्र निर्माण और अनुवाद में त्रुटियाँ व्यापक विवादों को जन्म देती हैं। राज्य आयोग अक्सर स्थानीय शिक्षाविदों के सीमित पैनल पर निर्भर रहते हैं, जिससे प्रश्नों का स्तर, विविधता और सटीकता प्रभावित होती है। कई बार अनुवाद में तथ्यात्मक त्रुटियाँ या अस्पष्टता रहती है, जिससे प्रश्नपत्र रद्द करने तक की नौबत आ जाती है।



**अवसंरचना की कमी भी आयोगों के लिए गंभीर समस्या है। कई राज्यों में सुरक्षित प्रश्नपत्र भंडारण केंद्र, एन्क्रिप्टेड डिजिटल सिस्टम, केंद्रीयकृत परीक्षा केंद्र, आधुनिक स्कैनिंग व्यवस्था और डेटा सुरक्षा तंत्र तक उपलब्ध नहीं हैं। इस कारण पेपर लीक, ओएमआर गुम होने, मूल्यांकन संबंधी त्रुटियों और तकनीकी विफलताओं जैसी घटनाएँ सामान्य बन गई हैं। उम्मीदवारों में भय व असंतोष का माहौल इसी अव्यवस्था से पैदा होता है। प्रश्नपत्र निर्माण और अनुवाद में त्रुटियाँ व्यापक विवादों को जन्म देती हैं। राज्य आयोग अक्सर स्थानीय शिक्षाविदों के सीमित पैनल पर निर्भर रहते हैं, जिससे प्रश्नों का स्तर, विविधता और सटीकता प्रभावित होती है। कई बार अनुवाद में तथ्यात्मक त्रुटियाँ या अस्पष्टता रहती है, जिससे प्रश्नपत्र रद्द करने तक की नौबत आ जाती है। राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों की भागीदारी न होना आयोगों की गुणवत्ता को सीमित रखता है।**

राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों की भागीदारी न होना आयोगों की गुणवत्ता को सीमित रखता है। मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी भी आयोगों की आलोचना का कारण है। कई राज्यों में उत्तर पुस्तिकाओं का डिजिटल मूल्यांकन नहीं होता। अलग-अलग मूल्यांकनकर्ताओं के बीच समरूपता नहीं रहती, मॉडरेशन असमान होता है और अंकों का निर्धारण स्थिर मानकों पर आधारित नहीं होता। इसके कारण चयन सूची और कट-ऑफ बार-बार विवादों में घिर जाती है, जिससे मामले अदालत तक पहुँचते हैं और भर्ती वर्षों तक लंबित रहती है।

आरक्षण गणना की जटिलता भी बड़ी चुनौती है। राज्यों में क्षेत्रीय कोटा, क्षैतिज व ऊर्ध्वाधर आरक्षण, विकलांग, भूतपूर्व सैनिक, महिला आरक्षण आदि कई स्तर होते हैं। मैनुअल गणना में त्रुटियों की संभावना बहुत अधिक रहती है। छोटी-सी गलती भी पूरी चयन प्रक्रिया को संदिग्ध बना देती है, और कानूनी विवादों के कारण परिणाम अटक जाते हैं। राज्यों के आयोग परीक्षा कैलेंडर का पालन नहीं कर पाते। कुछ राज्यों में पाँच-पाँच वर्षों तक मुख्य परीक्षा आयोजित नहीं होती। तिथियों का बार-बार बदलना, परिणामों में अत्यधिक देरी और साक्षात्कार प्रक्रिया का अनिश्चित होना न केवल उम्मीदवारों के करियर को प्रभावित करता है, बल्कि आयु सीमा बढ़ने और मानसिक तनाव जैसी समस्याएँ भी पैदा करता है। इस तरह की अविश्वसनीयता आयोगों की साख पर गहरा प्रश्नचिह्न लगाती है।

इन समस्याओं के समाधान के लिए व्यापक और दूरगामी सुधारों की आवश्यकता है। सबसे पहले आयोगों के सदस्यों की नियुक्ति में योग्यता-आधारित मानक अनिवार्य किए जाने चाहिए। न्यूनतम आयु, अधिकतम आयु, शैक्षणिक योग्यता, प्रशासनिक अनुभव और पेशेवर पृष्ठभूमि स्पष्ट रूप से निर्धारित हों। यह परिवर्तन संवैधानिक संशोधन के माध्यम से लागू किया जा सकता है। दूसरे, राज्यों में एक पृथक कार्मिक मंत्रालय की स्थापना की जानी चाहिए, जो मानव संसाधन योजना, अधियाचन प्रबंधन और भर्ती कैलेंडर को नियंत्रित कर सके। इससे आयोगों को नियमित परीक्षा कार्यक्रम बनाए रखने में मदद मिलेगी। यह व्यवस्था डीओपीटी की तरह स्थिरता और विश्वसनीयता पैदा करेगी। तीसरे, आयोगों की परीक्षा प्रक्रिया का संपूर्ण डिजिटलीकरण आवश्यक है। प्रश्नपत्र निर्माण, भंडारण, एन्क्रिप्शन, सीलिंग, डिजिटल मूल्यांकन, ओएमआर स्कैनिंग और परिणाम निर्माण-ड्डयद्य तकनीक द्वारा सुरक्षित किया जाना चाहिए।

इससे पेपर लीक की संभावना कम होगी और मानव त्रुटियाँ भी नियंत्रित होंगी। चौथे, पाठ्यक्रम का नियमित आधुनिकीकरण किया जाए। हर तीन वर्ष में विशेषज्ञ समिति द्वारा पाठ्यक्रम की समीक्षा अनिवार्य हो।

आधुनिक प्रशासन, विज्ञान-तकनीक, समसामयिक चुनौतियाँ और नई नीतियाँ पाठ्यक्रम का हिस्सा बनें, ताकि चयनित अधिकारी वर्तमान युग के अनुरूप दक्ष हों। पाँचवें, प्रश्नपत्र निर्माण में राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों को शामिल किया जाए। अन्य राज्यों के विशेषज्ञ, केंद्रीय विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर और विषय विशेषज्ञों की भागीदारी से प्रश्नपत्रों की गुणवत्ता, संतुलन और विश्वसनीयता बढ़ेगी। अनुवाद में भी प्रमाणित विशेषज्ञों का उपयोग किया जाए ताकि त्रुटियाँ न्यूनतम हों। छठे, मूल्यांकन प्रक्रिया को पारदर्शी और वैज्ञानिक बनाना होगा। डिजिटल मूल्यांकन, दो-स्तरीय मॉडरेशन, यूनिफॉर्म स्कोरिंग गाइडलाइन और असंगत अंकों पर स्वतः समीक्षा जैसे उपाय निष्पक्षता को सुनिश्चित करेंगे।

## विचार

# सोशल मीडिया व शब्द अनुशासन की जरूरत

**हृदयनारायण दीक्षित**

सोशल मीडिया पुराकथाओं जैसा हीरो बन गया है। यह दोधारी तलवार है। जानकारियों का स्रोत है। भौतिक जीवन के प्रपंच सोशल मीडिया के माध्यम से आमजनों तक पहुँचते हैं। उन्हें जरूरी या गैर जरूरी मानना व्यक्तिगत पसंद की बात हो सकती है। कुल मिलाकर सोशल मीडिया अनिवार्य बुराई के रूप में लिया जा रहा है। सोशल मीडिया में मनोरंजन है। ज्ञान है। पुस्तकें हैं। गीत संगीत भी हैं। जीवन को सुखमय बनाने वाले तमाम तत्व सोशल मीडिया का अंग हैं। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब सोशल मीडिया नहीं था तब मोबाइल फोन इस्तेमाल करने वालों की संख्या बहुत कम थी। घर में बहुधा एक या दो फोन होते थे, लेकिन अब परिवार के सभी सदस्यों के पास अपना-अपना मोबाइल है। मोबाइल केवल दूरभाष वार्ता का काम नहीं देता। वह चलता-फिरता टीवी है। बहुत सुंदर नोटबुक है। ज्ञात विश्व के सभी अनुशासनों का जीवन तंत्र है।

विश्व का समूचा ज्ञान सोशल मीडिया का भाग है। इसका एक बड़ा हिस्सा मनुष्य जीवन को क्षति पहुंचा रहा है। छोटे-छोटे बच्चे मोबाइल से चिपके रहते हैं। इस नुकसान को लेकर अनेक शोध हुए हैं। मैंने निजी जीवन में देखा है कि एक ही परिवार के सात सदस्यों के पास अलग-अलग मोबाइल हैं। किसी के पास दो या तीन मोबाइल भी हैं। मैं ऐसे ही एक मित्र के घर में मेहमान था। मैंने उनको बताया कि चाय में शक्कर नहीं रहेगी।

उन्होंने हमारे पास बैठे-बैठे अपनी पत्नी को फोन मिलाया। हमने पूछा चाय कहां बन रही है। उन्होंने कहा पीछे कमरे में। मैंने कहा आप जाकर भी बता सकते थे। उन्होंने कहा फोन है, तो क्यों जाएं? सोशल मीडिया से प्रसारित झूठी सूचनाएं समाज को क्षति पहुंचती हैं। दंगे-फसाद भी हो जाते हैं। सोशल मीडिया से पुलिस और प्रशासन को सुविधा हो रही है। वहीं अपराधी भी इसी के दुरुपयोग से बड़ी घटनाएं करके निकल जाते हैं। सोशल मीडिया में अराजकता है। कोई अपना नंगा चित्र पोस्ट करता है। कोई अश्लील चैट करता है। कोई देवी-देवताओं पर अपनी भड़ास निकालता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस अराजकता के विरुद्ध केन्द्र से कहा है कि कोई नियामक संस्था बनाई जाए। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को चार सप्ताह का समय दिया है। इस सूचना से लोगों को राहत मिली है। लेकिन यह आसान नहीं है। भारतीय संस्कृति के पक्षधर तो सोशल मीडिया के नियमन की खबर से खुश हैं, लेकिन वामपंथी ऐसे किसी संस्था या नियामक आयोग जैसी संस्था का विरोध करेंगे।

हम ऑस्ट्रेलिया से सीख सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया की संसद ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने वाले कानून पर 1 साल पहले सम्यक विचार किया था। अधिनियम पारित किया था। अगले महीने से कानून प्रभावी होने जा रहा है। भारत में अधिकांश परिवारों के बच्चे पूरी रात मोबाइल से चिपके रहते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने उचित समय पर अपना निर्देश दिया है। सोशल मीडिया के विनियमितिकरण पर ठोस विचार समय की मांग है।




**नरेन्द्र मोदी की सरकार ने साल 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने की घोषणा की है। सरकार अपना काम कर रही है। समाज भी अपना काम करे। देश के सभी नागरिकों से भाषा संयम की न्यूनतम अपेक्षा तो कर ही सकते हैं। निःसंदेह विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का स्वागत होना चाहिए। लेकिन अभिव्यक्ति में सुंदरता चाहिए। वाक् संयम चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आदरणीय है लेकिन इसके साथ ही संयम में रहने की भी आवश्यकता है। यह अस्तित्व सुंदर है। हमारे होने का स्रोत और आधार यही संसार है। हम ऑस्ट्रेलिया से सीख सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया की संसद ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने वाले कानून पर 1 साल पहले सम्यक विचार किया था।**

भारतीय संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है। संविधान निर्माताओं ने आदर्श लोकतंत्र के लिए अभिव्यक्ति की आजादी को मौलिक अधिकार बनाया है, लेकिन यह अधिकार असीम नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 19 में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, लेकिन इसी अनुच्छेद के खण्ड 2 में इस अधिकार की मर्यादा भी बताई गई है। इसमें कहा गया है कि भारत की संप्रभुता, अखण्डता, सुरक्षा, दुनिया के अन्य देशों के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बंध, लोक व्यवस्था, शिष्टाचार या सदाचार के हितों में अथवा न्यायालय अवमान के सम्बंध में विद्यमान किसी भी विधि के प्रवर्तन पर फर्क नहीं पड़ेगा। यह सुविदित है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग हो रहा है। भारत प्राचीन राष्ट्र है। भारत के लोगों के परिश्रम से राष्ट्र का सतत् विकास हो रहा है। नरेन्द्र मोदी की सरकार ने साल 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने की घोषणा की है। सरकार अपना काम कर रही है। समाज भी अपना काम करे। देश के सभी नागरिकों से भाषा संयम की न्यूनतम अपेक्षा तो कर ही सकते हैं। निःसंदेह विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का स्वागत होना चाहिए। लेकिन अभिव्यक्ति में सुंदरता चाहिए। वाक् संयम चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आदरणीय है लेकिन इसके साथ ही संयम में रहने की भी आवश्यकता है। यह अस्तित्व सुंदर है। हमारे होने का स्रोत और आधार यही संसार है।

## युवाओं को अब अपयश से भी मुक्ति



बीते 1980 के दशक में जब पहली बार दुनिया ने इस रहस्यमयी लाइलाज बीमारी एड्स के बारे में जाना था, तब साथ में यह भी जाना था कि यह कुछ युवाओं की संबंधों के मामले में गैरईमानदारी का नतीजा है। संक्रमित युवाओं को कलंक के रूप में देखा जा रहा था। वास्तव तब 15 से 24 वर्ष की आयु समूह के 95 फीसदी से ज्यादा संक्रमित युवा ही थे। जबकि 2005 में एड्स को लेकर जारी एक तथ्य पत्र अनुसार, एचआईवी संक्रमणों में ऐसे युवाओं की हिस्सेदारी 40 फीसदी तक है। यानी 25 सालों में युवा काफी हद तक इस अपयश से बाहर निकले। पहले माना जाता था कि अगर कोई एचआईवी संक्रमित है, तो वह युवा ही होगा और उसने यौन उच्छृंखलता की होगी। लेकिन अब एड्स सिर्फ युवाओं की बीमारी नहीं रह गई।

बड़े पैमाने पर नशेड़ी अधेड़ और नवजात भी इससे पीड़ित हैं। अब एड्स महज युवाओं में होने वाला संक्रमण नहीं। लेकिन अभी भी दुनिया में 30 से 40 लाख एचआईवी सक्रिय युवा ही हैं। अब एड्स पीड़ितों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। हालांकि अब हर आयु समूह के संक्रमित इसका हिस्सा हैं। साल 2024 के अंत में करीब 4 करोड़ 80 लाख एड्स संक्रमित थे, जिनमें 3 करोड़ 94 लाख वयस्क थे मगर 15 से 24 साल के युवाओं की संख्या 40 फीसदी से कम थी। एड्स संक्रमितों में युवाओं का प्रतिशत काफी घटा है। सवाल है आखिर इस कलंक के दुष्चक्र से युवा बाहर कैसे आए? दरअसल पिछले तीन दशकों में युवाओं को सबसे ज्यादा सुरक्षित यौन व्यवहार के लिए ट्रेंड किया गया है। अगर संयुक्त राष्ट्र और विश्व स्वास्थ्य संगठन के एड्स से बचाव के विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों को देखा जाए तो लगभग 60 से 70 फीसदी बजट जो कुल 3 दशकों में 4 ट्रिलियन डॉलर तक रहा है। इन संस्थाओं ने विशेषकर अफ्रीका में युवाओं को इससे बचाव हेतु शिक्षित किया है। प्यू रिसर्च के एक आंकड़े में सामने आया कि 90 फीसदी से ज्यादा युवा सुरक्षित यौन व्यवहार का महत्व समझते हैं और कंडोम के इस्तेमाल में उनका प्रतिशत बहुत ज्यादा है। पहली बार युवा इस मामले में सबसे आगे हैं कि सुरक्षित संबंध डर से मुक्ति की निशानी है। आज एसटीआई टेस्टिंग को लेकर भी उनमें जबर्दस्त जागरुकता है। यह भी सीखा कि एचआईवी महज एक संक्रमण है। जरूरी नहीं कि यह बीमारी यौन संबंधों के चलते ही हो। क्योंकि सबसे ज्यादा एड्स संक्रमण इस्तेमाल की जाने वाली सिरिंजों, रक्त संक्रमण और संक्रमित माता-पिता के बच्चों में होता है। पिछले एक दशक में एड्स पर आधे से ज्यादा नियंत्रण हासिल किया जा सका। भारत में भी एड्स मरीजों में युवाओं की तादाद घटी। 80 के दशक में जब एड्स नामक भयानक बीमारी का भंडाफोड़ हुआ, तब से लगातार युवाओं को इसके प्रति सजग बनाने का वैश्विक स्तर पर लक्ष्य रखा गया था, जिससे युवाओं ने कई महत्वपूर्ण बातें सीखी। जैसे-ड्रग यूजर्स के बीच साझी सिरिंज का इस्तेमाल कितना खतरनाक हो सकता है। अब बमुश्किल 2 से 4 फीसदी युवा नशीली दवाओं का उपभोग करते हुए साझी सिरिंज का इस्तेमाल करते हैं। यह भी कि असुरक्षित यौन संबंध एड्स की वजह बनते हैं। अब युवाओं ने सीख लिया है कि उन्हें इससे छुटकारा पाने के लिए परिवार से भावनात्मक समर्थन की जरूरत है।

## राशिफल



**मेषः-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं।

**बृषभ :-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कार्यों को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुन :-** भावनाओं पर नियंत्रणरख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**कर्क :-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी।

**सिंह :-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी।

**कन्याः-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा।

**तुलाः-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिकः-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी।

**धनुः-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं।

**मकरः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

**मीनः-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# हमारा संविधान सुरक्षा कवच है यह डराता नहीं

**पूरन चंद सरीन**

भारत का संविधान दुनिया में सबसे बड़ा लिखित दस्तावेज है जो विस्तृत है, लचीला है और उसमें कभी भी संशोधन करने की मजबूत प्रक्रिया है। देश के सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथ की 75वीं वर्षगांठ पर गंभीर चर्चा, कार्यशाला, वार्तालाप और संवाद होना चाहिए था लेकिन सरकारी खानापूर्ति और संवाद साधनों द्वारा मामूली खबर के रूप में लेना अचरज का विषय है। इस विशेष अवसर पर अनेक सप्ताह तक विचारमंथन होना चाहिए था क्योंकि संविधान प्रत्येक भारतीय के जीवन, व्यवहार और उसके आचरण का निर्णायक होता है। उसके प्रावधानों का दुरुपयोग न हो सके इसलिए निगरानी और सतर्कता आवश्यक है।

**अनेक संशोधन होने के बावजूद मूलभूत समस्याओं से प्रत्येक नागरिक जूझ रहा है, इसका विश्लेषण होना चाहिए। संविधान ने हमारे मौलिक अधिकार तय कर दिए हैं लेकिन वे सब को मिलते क्यों नहीं, यह जानना आवश्यक है। समता यानी बराबरी का अधिकार है और उसके साथ ही धर्म, जाति, लिंग, जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव न करने का निर्देश भी है। कानून के सामने सब बराबर हैं, सही है लेकिन इसे सिद्ध करना लंबी कानूनी प्रक्रिया है जिसमें पीढ़ियां तक गुजर जाती हैं। कहने को सभी के लिए समान अवसर हैं लेकिन व्यवहार में पैसा, पहुंच और ताकत का इस्तेमाल करने की सामर्थ्य रखने वाला ही उपयुक्त पाया जाता है। इसी तरह शेष सभी अधिकार हैं जो संविधान में बड़े सुंदर और प्रभावशाली शब्दों में लिखे गए हैं लेकिन उन्हें पाना हिमालय की चोटी पर चढने जैसा है जो हरेक के बस का नहीं है। कुछ नए संशोधन आवश्यक हैं। भ्रष्टाचार मुक्ति संशोधन महत्वपूर्ण विषय है।**

अनेक संशोधन होने के बावजूद मूलभूत समस्याओं से प्रत्येक नागरिक जूझ रहा है, इसका विश्लेषण होना चाहिए। संविधान ने हमारे मौलिक अधिकार तय कर दिए हैं लेकिन वे सब को मिलते क्यों नहीं, यह जानना आवश्यक है। समता यानी बराबरी का अधिकार है और उसके साथ ही धर्म, जाति, लिंग, जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव न करने का निर्देश भी है। कानून के सामने सब बराबर हैं, सही है लेकिन इसे सिद्ध करना लंबी कानूनी प्रक्रिया है जिसमें पीढ़ियां तक गुजर जाती हैं। कहने को सभी के लिए समान अवसर हैं लेकिन व्यवहार में पैसा, पहुंच और ताकत का इस्तेमाल करने की सामर्थ्य रखने वाला ही उपयुक्त पाया जाता है।

इसी तरह शेष सभी अधिकार हैं जो संविधान में बड़े सुंदर और प्रभावशाली शब्दों में लिखे गए हैं लेकिन उन्हें पाना हिमालय की चोटी पर चढने जैसा है जो हरेक के बस का नहीं है। कुछ नए संशोधन आवश्यक हैं। भ्रष्टाचार मुक्ति संशोधन महत्वपूर्ण विषय है। रिश्वतखोरी रोकने की सजावटी कोशिशें की जाती हैं और इसीलिए इसका बोलबाला कम नहीं होता बल्कि महिमा मंडन होता है। भ्रष्टाचारी की पहचान हो जाने और आरोप सिद्ध होने पर भी उसे दंड नहीं मिलता या कानूनी प्रक्रिया के मुताबिक कितने भी दोषी छूट जाएं लेकिन एक भी निर्दोष को सजा न हो, के आधार पर सभी आरोपी धीरे-धीरे मुक्त होकर वही करने लगते हैं जिसके वे आरोपी थे। जेल में रहे भी तो जी भर कर सभी सुविधाओं का उपभोग करते हैं। ऐसे में संविधान के अनुसार कानून का क्या मतलब है, इसके लिए ऐसा संशोधन जरूरी है कि जिस व्यक्ति को भ्रष्टाचार के आरोप सिद्ध होकर सजा मिली हो और सभी कानूनी विकल्प समाप्त हो गए हों, उसे मोहलत दिए बिना कम से कम उम्रकैद या फांसी की सजा हो। शिक्षा, इंटरनैट और डिजिटल संसाधन तक पहुंच सकने का मौलिक अधिकार हो। देश की गरिमा के लिए हरेक व्यक्ति का शिक्षित होना जरूरी है और शिक्षा भी कैसी जो भारतीय पारंपरिक ज्ञान विज्ञान पर आधारित होने के साथ आधुनिक ज्ञान का भंडार हो। इसके लिए इंटरनैट, डिजिटल संसाधन और आधुनिक टैक्नोलॉजी तक पहुंच सकने का मौलिक अधिकार पाने के लिए संविधान में संशोधन होना चाहिए। अभी तक इस पर धनपतियों और वैश्विक कंपनियों का कब्जा है और भारत में बनी टैक्नोलॉजी और तकनीक या हमारे प्राकृतिक संसाधनों पर उनका नियंत्रण है। हरेक व्यक्ति को इनका इस्तेमाल का अधिकार बिना किसी शुल्क के होना चाहिए। यह ऐसा क्रांतिकारी संशोधन होगा जो विश्व की बौद्धिक संपदा के साथ भारतीय समाज के विकास में अभूतपूर्व योगदान करेगा। आज की युवा पीढ़ी यानी जेन-जी के लिए वरदान होगा और अपना देश छोड़कर विदेशों में प्रतिभा का पलायन करने की रोकथाम करेगा। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल का यह स्वर्णिम अध्याय होगा और वे 2047 की बजाय 2030 तक ही अपनी घोषणाओं को साकार कर सकेंगे। देश भर में इंटरनैट और डिजिटल माध्यमों का उपयोग आसानी से करने के अधिकार से हरेक व्यक्ति इनसे अपनी और पूरे देश की सुरक्षा कर सकेगा। विदेशी या यहां तक कि कोई आतंकवादी भी भारतीय नागरिकों द्वारा स्वयं बनाए सुरक्षा चक्र को भेद नहीं सकेगा। ऐसी कोई भी गतिविधि तुरंत सार्वजनिक हो जाएगी और किसी विरोधी संगठन की हिम्मत नहीं होगी कि वह देश में किसी अनहोनी को अंजाम दे सके। प्रत्येक व्यक्ति का अपना सुरक्षा चक्र होगा और किसी भी क्षेत्र में इंटरनैट सेवाएं बंद करने की जरूरत नहीं रहेगी क्योंकि चोरी छिपे वारदात करने वाले देश या विदेश में कहीं भी हों, उन्हें हरेक नागरिक पहचान सकेगा। राजनीतिक उथल-पुथल रोकने के लिए संविधान में संशोधन किया जाए ताकि कोई भी

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# पेंशनरों ने कटोरी चम्मच बजाकर किया अनोखा प्रदर्शन

- रैली निकाल एसडीएम को सौंपा मुख्यमंत्री को सम्बोधित दस सूत्रीय समस्याओं के निस्तारण की माँग का ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज महोबा।**



शनिवार को वरिष्ठ नागरिक पेंशन सेवा संस्थान के बैनर तले इकट्ठा हुए सैकड़ो पेंशनरों ने 10 सूत्रीय मांगों के निस्तारण की माँग को लेकर ,कटोरियाँ और चम्मच बजाकर अनोखा प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन ने शहर के मुख्य मार्गो से जुलूस निकाला गया जिसमे दर्जनों महिलाओं सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक हाथों में तख्तियां लेकर तहसील परिसर पहुँचे जहाँ मुख्यमंत्री को सम्बोधित 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौपा गया।

जिला मुख्यालय में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश के आवाहन पर सैकड़ो की संख्या में वरिष्ठ पेंशनर्स ने हाथ में कटोरी-चम्मच बजाते हुए अनोखा प्रदर्शन किया और शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए तहसील परिसर में पहुँचकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित 10 सूत्रीय समस्याओं के निस्तारण की मांग का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

संगठन के महामंत्री बी.के.तिवारी ने बताया कि कटोरी का मतलब है हमारे बच्चे, जब हमारी कटोरी खाली होगी तो बच्चों का भविष्य खाली होगा। आज हम लोगों की आधी पेंशन तो इलाज में चली जाती है आखिर हम लोग अपने बच्चों को भरण-पोषण कैसे कर पाएंगे। इसलिए आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें हमारी पेंशन पर लागू हों इसके लिए हम लोगो ने आज ज्ञापन दिया है। इसके अलावा यहां का जिला प्रशासन उपेक्षा पूर्ण रवैया अपनाए हुए है यदि 17 दिसम्बर को जिलाधिकारी ने हमारी स्थानीय समस्याओं का समाधान नही किया तो हम लोग उनके खिलाफ नारेबाजी करेंगे। इस दौरान शिवकुमार त्रिपाठी, अरविन्द खरे, रामशरण त्रिपाठी, ईश्वरी प्रसाद तिवारी, कालका प्रसाद गुप्ता, ओपी सिंह, अरुण खरे, इस्तियाक खां,जगदीश कुमार, महेन्द्र गुप्ता, बसंतलाल गुप्ता, बाबूलाल नायक पनवाड़ी, योगेश पाठक चरखारी, राकेश कुमार थापक, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष पुष्पा सक्सेना, इन्द्रमा, गीता पाण्डेय, सत्यभामा, शहनाज परवीन, कमलेश शर्मा आदि ने सम्बोधित करते हुए पेंशनरों से जागरूक रहने एवं बुढ़ापे का सहारा पेंशन के हक लिए हर कुर्बानी के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

# सीओ ने किया पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज महोबा।**



क्षेत्राधिकारी रविकांत गौंड द्वारा मुख्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विभिन्न शाखाओं का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के अंतर्गत प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा तथा आईजीआसएस शाखा की कार्यप्रणाली, अभिलेख व्यवस्था एवं निस्तारण प्रक्रिया का विस्तृत अवलोकन किया गया।

प्रधान लिपिक शाखा में निरीक्षण के दौरान शाखा में दस्तावेज़ों की व्यवस्थित फाइलिंग, समयबद्ध निस्तारण की समीक्षा की गई। क्षेत्राधिकारी द्वारा अभिलेख अद्यतन रखने और अत्यंत महत्वपूर्ण पत्रावलियों का सुरक्षित एवं सुनियोजित सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आंकिक शाखा में निरीक्षण के दौरान वित्तीय पारदर्शिता, बजट उपयोग की स्थिति, भुगतान प्रक्रियाओं एवं सांख्यिकीय अभिलेखों की शुद्धता की समीक्षा की। उन्होंने शाखा को समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने और लेखा-जोखा अद्यतन रखने पर विशेष बल दिया। आईजीआरएस शाखा में निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी ने लंबित शिकायतों की स्थिति, निस्तारण की गुणवत्ता तथा शिकायतकर्ताओं को संतोषजनक समाधान प्रदान करने की प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा में किया जाए तथा पीडित से फीडबैक लेते हुए शतप्रतिशत समाधान सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित शाखाओं के प्रभारी अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड द्वारा सभी कर्मचारियों को कार्य में पारदर्शिता,उत्तरदायित्व और दक्षता बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है।

## खबरें एक नजर में

### नशे में धुत मजदूर फांसी पर झूला, इलाज से बची जान



**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को दोपहर शराब के नशे में धुत कर अधेड़ ने घर पर ही साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। परिजनों की नजर पड जाने पर उसे फंदे से उतारकर उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। उपचार के बाद हालत में सुधार है। कस्बे के वार्ड संख्या 4 धर्मेश्वर बाबा मुहाल में रहने वाले रामकरन निषाद 46 वर्ष मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है। शनिवार को दोपहर 2:00 बजे यह नशे में धुत होकर घर आया और साड़ी से छत में कुंडे में फांसी लगाकर लटक गया। तत्काल नजर पड़ जाने के चलते परिजन इसको फंदे से उतारकर इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार है। रामकरन निषाद के छोटे भाई बच्चू लाल ने बताया कि भाई ने नशे के चलते आत्मघाती कदम उठाया है। इलाज के बाद हालत में सुधार है।

### एसपी ने 30 आरक्षियों को किया इधर से उधर

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक लगातार पुलिस महकमे में बदलाव चला रही है। बीते दिनों एसपी ने निरीक्षक व उपनिरीक्षक के बाद 29 मुख्य आरक्षी व आरक्षियों का स्थानांतरण किया गया था। जिसमें से तीन सिपाहियों को लाइन हाजिर किया गया था। शुक्रवार की रात एक बार फिर से पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने 30 सिपाहियों का स्थानातरण कर उन्हें अलग अलग थाने भेजा है। जिसमें 20 पुलिस कर्मी ऐसे हैं, जिन्हें पुलिस लाइन से अलग अलग थानों में स्थानातरित किया गया है। इस कार्रवाई से महकमे में खलबली मची हुई है। स्थानातरण सूची में आरक्षी आकाश कुमार को मुस्करा से जरिया, अभिषेक कुमार यादव को जरिया से बिवांर, भूपेंद्र निरंजन को जरिया से चिकासी, प्रिंस कुमार को जरिया से सुमेरपुर, महिला आरक्षी सरिता तिवारी को जरिया से राठ, वंदना यादव को जरिया से राठ, हरदीप सिंह को चिकासी से कोतवाली नगर, सुरजीत यादव को राठ से कोतवाली नगर भेजा गया है। अन्य आरक्षियों को पुलिस लाइन से विभिन्न थानों में भेजा गया है।

### मुख्य आरक्षी की हार्ट अटैक से मौत

**बिवांर, समृद्धि न्यूज।** थानाक्षेत्र के टीहर गांव निवासी वीरेंद्र यादव (50) पुत्र गजराज यादव वर्तमान समय में ललितपुर के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मुख्य आरक्षी पद पर तैनाती था। गुरुवार को ड्यूटी के दौरान अचानक अचेत होकर गिर गए हैं। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक दो भाइयों में छोटा था। वह अपने पीछे पत्नी, एक लड़का व दो लड़कियों को रोते-बिलखते छोड़ गया है। शनिवार को मृतक के शव के अंतिम संस्कार में आसपास गांव के लोगों ने पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया है।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन घायल

**कुरारा, समृद्धि न्यूज।** थानाक्षेत्र में अलग अलग स्थानों में सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों द्वारा उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत में सुधार न होते देख तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बे के मनकी स्टैंड में शनिवार को कस्बा निवासी आशीष (16) पुत्र राम सिंह अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। वही सुशील (27) पुत्र रामबाबू निवासी शेखुपुर पारा जल्ला गांव के बीच बाइक से जा रहा था। तभी ट्रैक्टर की टक्करर लगने से घायल हो गया। उधर शिव मंगल (16) पुत्र गुलजारी निवासी पारा, कुरारा पारा मार्ग में अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से तीनों घायलों को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत मे सुधार न होते देख तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# मतदाताओं की उदासीनता ने बढ़ाई बीएलओ की टेंशन

- फार्म जमा न होने से परेशान हो रहे एसआईआर प्रक्रिया में लगे बीएलओ

**समृद्धि न्यूज कुलपहाड़/महोबा।**





एस आई आर फार्म भरकर जमा करने का कार्य अपने चरम पर है। जगह-जगह शिविर लगाकर गणना प्रपत्रों का काम किया जा रहा है, लेकिन कुछ मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्रों को भरकर वापस जमा नहीं किए जाने से बीएलओ की समस्या को बढ़ा दिया है। जबकि एस आई आर को 4 दिसम्बर तक पूर्ण किए जाने के लिए चुनाव आयोग द्वारा समय निर्धारित है।

बताते चलें कि इस समय जगह जगह शिविर लगाकर एस आई आर के तहत गणना प्रपत्रों का कार्य किया जा रहा है। पहले बीएलओ द्वारा घर घर गणना प्रपत्रों को वितरित किया गया था, जिन्हें मतदाताओं द्वारा भरकर वापस बीएलओ को जमा करने के लिए कहा गया था, लेकिन कुछ मतदाताओं द्वारा वितरित किए गए गणना प्रपत्रों को भरकर जमा नहीं किए जाने से इस कार्य में लगे कर्मचारियों की चिंता बढ़ा दी है।

बीएलओ के अलावा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी व उनकी टीम भी इस एस आई आर के कार्यों को समय से पूरा कराने में लगी हुई है। शिविर में मौजूद अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार ने बताया कि हमारी टीम भी इस कार्य को समय से पूर्व सम्पन्न कराने में लगी है, लेकिन कुछ मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्रों को भरकर जमा नहीं किया जा रहा है, जिससे बीएलओ की चिंता बढ़ी हुई है। इसी प्रकार सन्त विनोवा विधालय में शिविर लगाए बीएलओ राकेश सक्सेना, भुवनेन्द्र नामदेव आदि ने बताया कि हम लोगों द्वारा गणना प्रपत्रों का वितरण समय से घर घर कर दिया गया था, लेकिन कुछ लोगों द्वारा अभी तक गणना प्रपत्रों को भरकर जमा नहीं किए जाना सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है, जिससे इस कार्य को समय से पूरा करने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। जबकि 4 दिसम्बर अंतिम तिथि निर्धारित है। उन्होंने मतदाताओं से जल्दी से जल्दी गणना प्रपत्रों को जमा कर सहयोग करने की अपील की है, जिससे यह कार्य समय से पूरा हो सके।

# एसआईआर में लापरवाही पर 27 पंचायत सहायकों को सेवा समाप्ति का नोटिस

**समृद्धि न्यूज महोबा।** बीएलओ की सहायता के लिए लगाए गए पंचायत सहायकों के द्वारा एसआईआर में रुचि न दिखाने पर डीपीआरओ ने सख्त रुख अपनाते हुए 27 पंचायत सहायकों को सेवा समाप्ति का नोटिस जारी किया है। डीपीआरओ की सख्ती से अन्य कर्मियों में हड़कंप मच गया है। मतदाता सूचियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य ( एसआईआर ) में लापरवाही बरतने वालों पर प्रशासन की सख्ती शुरू हो गई है।

ग्राम पंचायत स्तर पर चल रहे काम में रुचि न लेने पर जनपद के चारों ब्लाकों में 27 पंचायत सहायकों की सेवाएं समाप्त करने के निर्देश डीपीआरओ ने दिए हैं। एडीओ पंचायत द्वारा तीन दिनों में पंचायत सहायकों की सेवा समाप्ति के प्रस्ताव ग्राम पंचायतों में भेज दिए जाएंगे। प्रशासन के कड़े रुख से गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे अन्य कर्मियों में हड़कंप मच गया है। प्रदेश भर में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्य में लगाए गए बूथ लेबल ऑफिसर (बीएलओ) के साथ कार्य में सहयोग के लिए सहायक बीएलओ भी तैनात किए गए हैं। इनके सहयोग के लिए ग्राम प्रधान, कोटेदार,पंचायत सहायक, ग्राम पंचायत सचिव, समेत सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। पर्यवेक्षण के लिए एसडीएम व तहसीलदारों को तैनात किया गया है। इसके बाद भी अभी तक जिले में केवल 50 फीसदी डाटा ही ऑनलाइन हो सका है। ऐसे में अब लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई की तलवार लटकने लगी है।

**कार्यस्थलों पर अनुपस्थित पाए गए पंचायत सहायक:-** जिला पंचायती राज अधिकारी चंद्रकिशोर वर्मा ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग की ऑनलाइन मीटिंग में सीडीओ बलराम कुमार ने सभी ब्लॉकस्तरीय अधिकारियों और पंचायत सचिवों को एसआईआर से संबंधित जिम्मेदारियां दीं हैं। पंचायत सहायकों को एसआईआर कार्य में सहयोग के लिए बूथ पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। सीडीओ के निर्देश के बाद पंचायत सचिवों से पंचायत सहायकों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली गई। जिसमें जिलेभर के 27 पंचायत सहायक कार्यस्थल से अनुपस्थित पाए गए। जिनमें चरखारी ब्लॉक की चार ग्राम पंचायतों ,कबरई और जैतपुर ब्लॉक की छह-छह ग्राम पंचायतों, व पनवाड़ी ब्लॉक की 11 ग्राम पंचायतों के पंचायत सहायकों की सेवा समाप्ति के प्रस्ताव एडीओ पंचायत को तीन दिनों में ग्राम पंचायत स्तर पर भेजने के आदेश दिए गए हैं।

### इन पंचायत सहायकों पर चला कार्रवाई का चाबुक

एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में कबरई ब्लॉक की ग्राम पंचायत, डिगरिया, श्रीनगर, सिचौरा, सिजहरी, ढिकवाहा और कबरई देहात के पंचायत सहायकों पर कार्रवाई होगी। जबकि पनवाड़ी ब्लॉक की ग्राम पंचायत अमानपुरा, विजयपुर, पनवाड़ी, नकरा, कोहनिया, किल्हौआ, काशीपुरा, तेईया, चौका, सौरा व बम्हौरीकुर्मिन के पंचायत सहायक, चरखारी ब्लॉक की ग्राम पंचायत अक्ठौंहा, कुड़ार, बमरारा व गौरहारी, जैतपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत गुढ़ा, जैलवारा, कमालपुरा, बिहार, थुरट और सलैयामाफ, के पंचायत सहायक शामिल हैं।

### एक दिसंबर तक जमा करें गणना प्रपत्र : डीएम

डीएम गजल भारद्वाज के अनुसार 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक भरे हुए गणना प्रपत्रों को जमा करना है। निर्वाचन कार्य राष्ट्रीय दायित्व है, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। डीएम ने मतदाताओं से गणना प्रपत्र एक दिसंबर तक संबंधित बीएलओ के पास जमा कराने की अपील की है, ताकि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से न छुटने पाए। उन्होंने इसके लिए सभी बीएलओ, पर्यवेक्षकों के साथ ही जनप्रतिनिधियों से अभियान को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग देने की अपील की है।

# शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई वार्षिक विषम सेमेस्टर की प्रथम दिन की परीक्षाएं

**समृद्धि न्यूज कुलपहाड़/महोबा।**



बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी की वार्षिक विषम सेमेस्टर की प्रथम दिन की परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। यह परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के साथ-साथ शासन के निर्देशानुसार कराई जा रही हैं। परीक्षा के प्रथम दिवस कोई भी परीक्षार्थी नकल करते नहीं पाया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी की वार्षिक विषम सेमेस्टर परीक्षाएं 29 नवम्बर 2025 ?से प्रारंभ हो गई है। इन परीक्षाओं को सम्पन्न कराने के लिए शासन के निर्देशानुसार कक्षों में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराई जा रही है। नगर क्षेत्र में जय बुन्देलखण्ड महाविद्यालय, श्री किशोर गोस्वामी महाविद्यालय एवं एसके महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा के प्रथम दिवस प्रथम पाली की परीक्षा में जय बुन्देलखण्ड परीक्षा केन्द्र पर प्रथम पाली हिन्दी साहित्य पंचम सेमेस्टर में 100 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 4 अनुपस्थित रहे जबकि बीएससी में सभी 13 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। श्री किशोर गोस्वामी महाविद्यालय परीक्षा केन्द्र में पंचम सेमेस्टर हिंदी साहित्य के 87 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 5 छात्र अनुपस्थित हुए। जबकि बीएससी के सभी 7 परीक्षार्थी उपस्थित रहे हैं। इसी प्रकार एसके महाविद्यालय परीक्षा केन्द्र में प्रथम दिवस परीक्षा में हिन्दी पंचम सेमेस्टर की प्रथम पाली में 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जबकि बीएससी के सभी 7 परीक्षार्थी उपस्थित रहे हैं। परीक्षा केंद्र जय बुन्देलखण्ड के अतिरिक्त केन्द्राध्यक्ष कृष्णकांत प्रजापति ने बताया है कि विषम सेमेस्टर परीक्षाएं शासन के निर्देशानुसार सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में नकल विहीन आयोजित कराई जा रही है। परीक्षार्थियों की गेट सर्च के साथ साथ परीक्षा कक्षों में भी जामा तलाशी के साथ शांतिपूर्ण ढंग से प्रथम दिन की परीक्षाएं सम्पन्न हो गई। कोई भी परीक्षार्थी नकल करते नहीं पाया गया है।

### हत्या की घटना को अंजाम देने का दोष सिद्ध होने पर सजा का ऐलान

**आजीवन कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से किया गया दण्डित**

**समृद्धि न्यूज महोबा।** पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में महोबा पुलिस द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप आज न्यायालय ए.एस.जे/एफ.टी.सी. कोर्ट महोबा द्वारा थाना कुलपहाड़ में पंजीकृत अभियोग मुकदमा धारा 302 भादवि से सम्बंधित अभियुक्त राजू अनुरागी पुत्र अच्छे लाल अनुरागी निवासी लोहिया नगर वार्ड न.5 कस्बा व थाना कुलपहाड़ को आजीवन कारावास व ?10 हजार/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# मेले में उमड़ रही भीड़, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**




श्री गायत्री महायज्ञ की 68वीं वर्षगांठ के मौके पर तपोभूमि में विशाल मेला लगा हुआ है। भीड़ को मद्देनजर रखकर थानाध्यक्ष ने मेला पुलिस चौकी की स्थापना करके कस्बा इंचार्ज को मेला प्रभारी बनाया है। सुरक्षा के लिए प्रभारी के साथ 26 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

श्री गायत्री महायज्ञ की वर्षगांठ में तपोभूमि प्रांगण में विशाल मेला लगा है। महिलाएं, बच्चे चरखी झूले आदि का आनंद उठाते हुए गृहस्थी का सामान खरीद रहे हैं। मेले की सुरक्षा के लिए थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने तपोभूमि प्रांगण में मेला पुलिस चौकी की स्थापना करके कस्बा इंचार्ज संजय राय को प्रभारी बनाया है। उनके साथ ड्यूटी में 26 पुलिसकर्मी लगाए गए हैं। यह कथा स्थल से लेकर यज्ञवेदी, मेला की सुरक्षा व्यवस्था देख रहे हैं। शनिवार को दोपहर में थानाध्यक्ष मेले में पहुंचे और मेला प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए यह व्यवस्था मेले में पहली मर्तबा की गई है।

# हैंडपंप खराब होने से पानी की किल्लत

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



विकास क्षेत्र के डामर गांव में पंचम के दरवाजे लगा हैंडपंप एक सप्ताह से अधिक दिन से खराब हो गया है। जिससे मोहल्ले के लोगों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा हे। गांव निवासी भगवानदीन, पूरन, हरिप्रसाद, टिंकू,अशोक, राम बाई आदि ने बताया


की एक सप्ताह से अधिक से हैंडपंप की

चेन टूट गई है। जिससे पानी नहीं दे रहा है। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी महेश कुमार से शिकायत की गई है। लेकिन अभी तक इसको ठीक नहीं कराया गया है। जिससे पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले के लोगों ने हैंडपंप ठीक कराए जाने की मांग की है।

# मनुष्य भी ईश्वर का स्वरूप : दुर्गा प्रसाद

- गायत्री महायज्ञ की वर्षगांठ में उमड़ रही भीड़

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**



मनुष्य में ईश्वर का अंश विराजमान है, इसलिए मनुष्य भी ईश्वर का स्वरूप है। उक्त उद्गार श्री गायत्री महायज्ञ के 68वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को धार्मिक आयोजनों में किसी तरह की मन में संशय नहीं रखना चाहिए। कथा सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

कथा के चौथे दिन का कथा का शुभारंभ करते हुए कथा व्यास ने 22 नवंबर 1957 को आयोजित प्रथम गायत्री महायज्ञ का सुंदर वृतांत सुनाते हुए कहा कि इस यज्ञ के बाद यह भुतहा स्थान तपोभूमि में बदल गया है। उन्होंने कहा कि जीवात्मा जब परमात्मा से अलग मान लेती है तभी वह सुख दुख के भ्रम में उलझ जाता है। सुख-दुख प्रकृति का नियम है। जीवन में आता जाता है। जिस दिन से जीवात्मा यह मान लेगा कि हम भगवान के हैं, तो उसका जीवन सफल हो जाएगा। कथा सुनने के लिए पंडाल खचाखच भरा हुआ था। वही इस मौके पर यज्ञवेदी में 65 कर्मकांडी ब्राह्मण 24 लाख गायत्री महामंत्र का जाप करके सुख समृद्धि की कामना कर रहे हैं। उधर यज्ञवेदी के सामने स्थित रामजानकी मंदिर में राम के विग्रह के खंडित होने पर शनिवार को नए विग्रह का विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर मंदिर में स्थापित किया गया।

### भैंस के भागने से महिला रस्सी में फंस कर घिसटी जिला अस्पताल रेफर

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** भैंस की रस्सी छोड़ने गई महिला को रस्सी खुलते ही भैंस भागने लगी और रस्सी में फंस जाने की वजह से महिला घसीटती हुई चली गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने मौदहा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर महिला को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के अरतरा गांव निवासी कुंती 65 वर्ष पत्नी गनेश दोपहर खेतों में भैंस खेतों में चराने गई थी भैंस के रस्सी बंधी हुई थी भैंस को महिला ने रस्सी पकड़ ली जिससे भैंस महिला को घसीटती हुई चली गई जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई वहां मौजूद लोगों ने परिजनों को सुचना दी जहां परिजन आनन फानन में नगर की सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# श्रीदेवी के बच्चे देने पर मालिक ने कराया बारहों संस्कार

- सोहर गीत गाकर जमकर थिरकी महिलाएं

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**



मनुष्य और पशुओं के मध्य रिश्ता कितना गहरा हो जाता है। इसका उदाहरण शुक्रवार की रात विदोखर पुरई में देखने को मिला। यहां के निवासी रामबाबू सोनी ने अपनी पालतू कुतिया के बच्चे देने के उपरांत धूमधाम के साथ बाराहों संस्कार कराकर आसपास पड़ोस के लोगों की जमकर खातिरदारी की। इस मौके पर महिलाएं ढोल बाजे पर जमकर थिरकी।

विदोखर पूरई निवासी रामबाबू सोनी के पास एक पालतू कुतिया श्रीदेवी है। विगत दिनों उसने बच्चे जन्मे थे। इस खुशी में रामबाबू ने शुक्रवार की शाम बाराहों संस्कार का आयोजन करके पड़ोस में सभी जगह पर बुलावा कराया और गाजे बाजे के साथ धूमधाम के साथ कार्यक्रम संपन्न कराया। उसके बाद लोगों की जमकर खातिरदारी की। इस मौके पर महिलाओं ने सोहर गीत गाते हुए ढोल बाजे पर जमकर थिरकी। यह आयोजन गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है।


## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1405/ई.ई.-3/जीएल-7/2025-26 दिनांक- 29.11.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 06.12.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित किए जाते है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 06.12.2025 को समय 01:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुयी सील्ड निविदायें उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के में 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे सायंकाल खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य/ आपूर्ति का विवरण | धरोहर राशि | निविदा का मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Reboring of 300mm dia OHT Rising Main Line and Fixing of 300mm dia Sluice Valve at Shankar Nagar Nirala Nagar OHT | 8100.00 | 450 | 07 दिवस |
| 2. | By Pass Arrangement of 250mm dia pipe to 400 mm dia Emergency Supply Line with Fixing of 250mm Dia Sluice Valve at Shankar Nagar Nirala Nagar OHT | 7200.00 | 400 | 07 दिवस |

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा खुलने के दिनांक को यदि कोई अवकाश हो अथवा किसी कारणवश कार्यालय बन्द हो तो अगला कार्यदिवस ही निविदा खुलने का दिनांक होगा। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-3**
**जलकल विभाग, नगर निगम**
**लखनऊ**

# 183 जोड़ों का विवाह सम्पन्न



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज ऑडीटोरियम में 178 हिन्दू और पांच मुस्लिम जोड़े कुल 183 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। विवाह समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति/अनु0जनजाति आयोग अध्यक्ष बैजनाथ रावत रहे जिनकी अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। अति विशिष्ठ अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, एमएलसी अंगद कुमार सिंह, पूर्व एमएलसी हरगोविन्द सिंह महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा, राजा कासिम सहित अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत, अध्यक्ष नगर पंचायत सहित, शशांक त्रिपाठी जिलाधिकारी, डॉ0 नीलम सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी, अभिलाषा त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी एवं समस्त सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, विभिन्न समाचार पत्रों तथा चैनलों के पत्रकार बन्धु, विभिन्न ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा नवविवाहित युगलों को आशीर्वाद दिया गया तथा प्रमाण पत्र वितरित किये गये। बैजनाथ रावत द्वारा अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित करके पुनीत कार्य किया है। इस योजना के कारण अब ऐसी कोई भी बेटी नहीं है, जिसकी गरीबी के कारण शादी न हो पाये क्योंकि सरकार अब वंचित बेटियों की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में करा रही है। सरकार द्वारा योजना का बजट 51 हजार रूपये से बढ़ाकर एक लाख रूपये करने के लिए मैं माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूँ।

## दो बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के इंधौलिया गांव के पास जैदपुर-सफदरगंज मार्ग पर हनुमान मंदिर के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई इस हादसे में दोनो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनो बाइको के परखच्चे उड़ गए स्थानीय लोगों ने तत्काल दोनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी जैदपुर पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हे बाराबंकी जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों की पहचान कोठी थाना क्षेत्र के असेरुआ निवासी हरीश और सफदरगंज थाना क्षेत्र के पिपरहा निवासी शिवम पुत्र प्रेमचंद के रूप में हुई है। हरीश के साथ बाइक पर बैठी एक महिला को भी चोटें आई है। डॉ देवेश पटेल ने बताया कि दोनो घायलो के सिर में चोटें आईं हैं। जिनमें हरीश की चोटें अधिक गंभीर हैं।

# आठवें वेतनमान में पेंशन पुनरीक्षण की मांग

▸ उम्र के आखिरी पड़ाव पर पहुंचे लोगों ने दिखाई संघर्ष की राह, जोरदार प्रदर्शन



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

जीने की तमन्ना और कुछ कर गुजरने की चाहत किसी उम्र की मोहताज नहीं होती। 65 से 95 साल के लगभग एक सैकड़ा वरिष्ठ नागरिकों ने अपने हक पाने की चाहत को लेकर धुंधलकी शाम में कैण्डिल रोशनी लेकर डेढ़ किमी पैदल यात्रा ''कैण्डिल मार्च'' निकालकर यह साबित कर दिया है कि सरकार वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के अधिकारों से वंचित करती है तो वरिष्ठ नागरिक भी सरकार के खिलाफ आवज बुलन्द कर सकते हैं।

सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसियेशन बाराबंकी द्वारा शनिवार की शाम लखपेड़ाबाग चैराहा स्थित अपने कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक कैडिल मार्च निकाला गया। इस कैण्डिल मार्च में ऐसे भी वरिष्ठ नागरिक जिनकी अवस्था 90 साल से अधिक और अस्वस्थता के कारण ह्वील चेयर पर चलकर कैण्डिल मार्च में भाग लिया, उनके जज्वात यह बता रहा है कि वे भी अपने अधिकारों की चिंता कर रहे हैं।

एसोसियेशन के अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा ने जिलाधिकारी को सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि केन्द्रीय आठवें वेतन आयोग के गठन विषयक भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग) के संकल्प पत्र दि0 03.11.2025 को देखते ही देश भर के पेंशनरों में निराशा एवं क्षोभ व्याप्त हो गया है। इसका मुख्य कारण पूर्व में अभी तक गठित केन्द्रीय वेतन आयोगों के विषय बिन्दु में पेंशनरों की पेंशन एवं अन्य लाभों का संदर्भ शामिल रहता रहा है, परन्तु मौजूदा आठवें वेतन आयोग के संकल्प पत्र में इस विषय को छोड़ दिया गया है। पूर्व अनुभव बताते हैं कि वेतन आयोगों के गठन के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि वेतन आयोग की अनुशंसाओं को लागू करने की तिथि के पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन पुनरीक्षण को वेतन आयोग के दायरे से बाहर कर दिया गया है। मोदी सरकार के कार्यकाल प्रारम्भ होने के कुछ ही समय पहले गठित सातवें वेतन आयोग के संकल्प पत्र दिनांक 28.02.2014 के पैरा (च) में स्पष्ट रुप से पेंशन के पुनरीक्षण एवं अन्य लाभों को वेतन आयोग के दायरे में लाया गया है, जिसमें उन सिद्धान्तों की जांच करना जिनसे पेंशन एवं अन्य सेवा नैवृत्तिक लाभों की संरचना शासित होनी चाहिये और इसमें इस तथ्य को ध्यान में रखते हुये कि 01.01.2004 को अथवा उसके बाद नियुक्त केन्द्र सरकार के सभी कर्मचारियों के सेवा नैवृत्तिक लाभ नई पेशन योजना के दायरे में आते हैं. उन कर्मचारियों की पेंशन में संशोधन भी शामिल है. जो इन सिफारिशों के प्रभावी होने की तारीख से पहले सेवानिवृत्त हो जायेंगे।

वर्तमान में आठवें वेतन आयोग के संकल्प 03.11.2025 में आयोग की रिपोर्ट लागू होने की तिथि के पहले के पेंशनरों के पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य लाभों को दिये जाने के विषय को छोड़ दिया गया है। इससे स्पष्ट है कि कर्मचारियों के वेतन भत्ते के पुनरीक्षण के साथ पेंशनरों की पेंशन का पुनरीक्षण नहीं होगा। आगे चलकर मंहगाई राहत पर भी खतरा उत्पन्न हो जायेगा, जो पेंशन पुनरीक्षित होने की नीति एवं परम्परा के बिल्कुल विपरीत है।

आठवें वेतन आयोग में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में न आने वाले कर्मचारियों की मृत्यु-सह-सेवानिवृत्त ग्रेच्युटी और पेंशन की समीक्षा पैराग्राफ (च) को ध्यान में रखते हुये उन पर सिफारिश करना संकल्प पत्र दि0 03.11.2025 में उल्लिखित किया गया है।

प्रस्तर 2 (च)3 में गैर अंशदायी पेंशन योजनाओं की गैर वित्त पोषित लागत पर विचार करने की बात उल्लिखित है। वैसे तो केन्द्र और राज्य सरकार की अनेक गैर अंशदायी पेंशन योजनायें चल रही हैं, किन्तु कर्मचारियों के लिए केवल एक पेंशन योजना 'परिभाषित लाभ पेंशन योजना चल रही है, जिसमें दिनांक 01.01.2004 के पहले के केन्द्रीय कर्मचारीगण सम्मिलित हैं। इस पेंशन योजना को गैर अंशदायी कहा जा रहा है, जो बिल्कुल ही अनुचित है, क्योंकि माननीय उच्चतम न्यायालय के पूर्ण पीठ जो मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित हुई थी, ने दिनांक 17.12.1982 को अपने निर्णय में स्पष्ट रुप से कहा है कि कर्मचारियों को जो पेंशन दी जाती है वह कोई सरकार का दान अथवा कृपा नहीं है। अपितु वह कर्मचारी की लम्बी सेवाओं का प्रतिफल है और माननीय न्यायालय ने उसे लंबित वेतन माना है। कैण्डिल मार्च निकालकर वरिष्ठ नागरिकों ने मांग की है कि आठवें वेतन आयोग की रिपोर्ट लागू होने की तिथि के पूर्व के पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य लाभों से सम्बन्धित मामला पूर्व वेतन आयोगों की भांति आठवें वेतन आयोग को भी तत्काल संदर्भित किया जाये तथा पुराने पेंशनरों की पेंशन एवं पारिवारिक पेंशन का पुनरीक्षण तथा अन्य लाभों से सम्बन्धित प्रकरण आठवें वेतन आयोग को भेजे गये टर्म्स आफ रिफरेंस दि0 03.11.2025 को संशोधित कराने का कष्ट करें।कैडिल मार्च में प्रमुख रुप से सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसियेशन के अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, महामंत्री अशोक कुमार सोनी, पूर्व न्यायाधीश रामचंद्र निगम, पूर्व सीएमएस डॉ एससी सोनकर, सुशीला बाजपेई, मुन्नी सिंह, सुशीला अंसारी, सुरेन्द्र कुमार वर्मा, राजेश गुप्ता, राम यज्ञ सरोज आदि एक सैकड़ा लोग कैडिल मार्च में भाग लिया।

## खबरें एक नजर में

### आबकारी व पुलिस विभाग की सयुक्त टीम की कार्रवाई में 60 ली. अवैध कच्ची शराब जब्त



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-01 एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा तहसील सदर के थाना गुरुबक्शगंज अंतर्गत ग्राम घाटमपुर एवं बसीगवा में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों / संदिग्ध घरों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान 60 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 450 किलोग्राम महुआ लहन बरामद कर मौके पर नष्ट करते हुए 03 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष का हुआ त्रैमासिक निरीक्षण



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष एवं वी0वी0 पैट भण्डारण कक्ष (वेयर हाउस का वाह्य निरीक्षण) का त्रैमासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं एवं आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित को दिये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### दस हजार का इनामिया पुलिस के हत्थे चढ़ा



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा वांछित इनामिया अभियुक्त सोनू उर्फ इसराक पुत्र इसरार खान निवासी बदलगढ़ को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना बाजारशुक्ल पर पंजीकृत अभियोग में लगभग दो वर्षों से फरार चल रहा था। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु जनपद पुलिस अधीक्षक द्वारा दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तारी के संबंध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष उ.नि. विवेक कुमार वर्मा, उ.नि. तुलसीराम, का. राजबहादुर, हे.का. आशीष कुमार सिंह सर्विलांस टीम, हे.का. आलोक सिंह स्वाट टीम, का. सिकन्दर खान आदि शामिल रहे।

### सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को जामो थाना क्षेत्र के हेरूवा गांव के पास एक बार फिर तेज़ रफ़्तार का कहर देखने को मिला है। मोड़ पर बाइक अनियंत्रित हुई और मकान की दीवार से जा टकराई। इस भीषण हादसे में बाइक सवार युवक सोनू उम्र 18 वर्ष निवासी जायस की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक फुरकान निवासी कुड़वार, जनपद सुलतानपुर, गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल फुरकान को सीएचसी जामो भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सोनू किसी कार्यवश सुल्तानपुर जिले के कुड़वार स्थित फुरकान के घर गया हुआ था, वहां से फुरकान उसे बाइक से छोड़ने जायस जा रहा था तभी हेरूवा गांव के पास मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। स्थानीय लोग हादसे को तेज़ रफ़्तार और मोड़ पर लापरवाही का नतीजा बता रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही जामो कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने बताया कि परिजनों को सूचना दे दी गई है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### बाल विवाह, दहेज और बाल श्रम को लेकर चला जागरूकता कार्यक्रम

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति अभियान के तहत मोहल्ला जायस के कुष्ठ आश्रम परिसर में महिला स्वैच्छिक समिति एवं सहारा जीवन जन कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह, दहेज और बाल श्रम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चाइल्ड लाइन केस वर्कर रुचि सिंह ने बताया कि बाल विवाह का मतलब 18 वर्ष से कम उम्र के लड़के या लड़की के विवाह से है। यह एक हानिकारक और अवैध प्रथा है जिससे शिक्षा और स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार, इस तरह के विवाह निषिद्ध हैं। विवाह के लिए लड़के की न्यूनतम आयु 21 और लड़की की 18 वर्ष है। प्रबंधक संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि दहेज प्रथा में शादी के दौरान दूल्हे के परिवार को दुल्हन के परिवार की ओर से नकदी, सामान या संपत्ति देना शामिल है। यह एक सामाजिक बुराई है, जो कि दुल्हन के परिवार पर वित्तीय बोझ डालती है। समाजसेविका एवं सचिव नीरज पांडेय ने बताया कि बाल श्रम गरीबी का कारण और परिणाम दोनों है। यह गरीबी के चक्र को बनाए रखता है, क्योंकि यह बच्चों को शिक्षा से दूर रखकर भविष्य में अच्छी नौकरी पाने के अवसरों को भी कम कर देता है। यह गुलामी, तस्करी और शोषण जैसी प्रथाओं का रूप ले सकता है। कार्यक्रम में सोनू प्रधान, सभासद सर्वेश, लक्ष्मी जायसवाल, मुन्नी देवी प्रतीक त्रिपाठी, योगेश कुमार आदि शामिल हुए।

### नशा एक सामजिक अभिषाप विषयक पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत समाज में नशे के विरूद्ध जन जागृति लाने के लिए अमन नशा मुक्ति केन्द्र व मद्य निषेध विभाग सीतापुर के संयुक्त तत्वाधान में विश्म्भर इण्टर कालेज में छात्र/छात्राओं में नशे के दुष्परिणम व नशा एक सामजिक अभिषाप विषय पर पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर प्रबन्धक अवनेन्द्र विक्रम सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि नशे के सेवन से व्यक्ति का सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक पतन हो जाता है। उपस्थित छात्रो से संकल्प करवाया कि वह अपनी जिन्दगी में नशे का सेवन नही करेगे। प्रतियोगिता में विजयी छात्र/छात्राओं को पुरूस्कार वितरित किये गये। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जीवेशतरत्न तिवारी, पंकज यादव, चॉद मोहम्मद व कालेज के अध्यापक आदि लोग उपस्थित थे।

### चकबंदी अधिकारी को बनाया गया नोडल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार गणना प्रपत्रों के संग्रह एवं उनके डिजिटाइजेशन का कार्य 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक निर्धारित अवधि में कराया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान के निर्देश पर सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदेय स्थलों पर नियुक्त बीएलओ द्वारा डिजिटाइज्ड गणना प्रपत्रों का 2003 की मतदाता सूची से 2025 की सूची तक ऑनलाइन मैपिंग कराए जाने हेतु बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। साथ ही निर्देशित किया गया है कि नोडल अधिकारी अपने अधीनस्थ चकबंदी अधिकारियों, सहायक चकबंदी अधिकारियों के साथ प्रत्येक तहसील में पांच-पांच तकनीकी दक्ष कार्मिकों की तत्काल तैनाती सुनिश्चित कर सभी तैनात कार्मिकों को 29 नवंबर को पूर्वान्ह 10 बजे संबंधित उप जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर कार्य प्रारंभ करना होगा। कार्य पूर्ण होने तक तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर कार्य समापन तक प्रभावी रहेगा।

## मासूम बच्ची को बाइक सवार ने मारी टक्कर, गम्भीर रूप से घायल

**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



स्कूल से घर जा रही मासूम बच्ची को तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई।स्थानीय लोगों ने उसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया जहां से हालत गंभीर होने पर बाराबंकी रेफर कर दिया गया है।मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र बेलहरा चौकी अंतर्गत कैथा गांव निवासी मोहम्मद फारूक की करीब सात वर्षीय पुत्री उमैमा शनिवार दोपहर स्कूल से घर जा रही थी तभी बेलहरा कस्बे में लच्छीपुर चौराहे के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरन्त हादसे की सूचना बच्ची के घर वालों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल अवस्था में बच्ची को एक निजी चिकित्सक के यहां ले गए जहां पर उसकी हालत गंभीर होने पर उसे बाराबंकी रेफर कर दिया गया है।वहां जांच के बाद डाक्टरों ने बताया कि बच्ची के दाहिने पैर की हड्डी पूरी तरह से टूट गई है। फिर हाल बच्ची का इलाज जारी है,पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# राष्ट्रीय स्तर पर चमका एस.जे.एस. लालगंज का सितारा

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



नगर के सर्वश्रेष्ठ विद्यालय एस.जे.एस. पब्लिक स्कूल लालगंज से कक्षा 12 तक की शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात नेहा देवी ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

इन्होंने राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज मैनपुरी में बी.टेक. इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में दाखिला लिया और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग में चयनित हुई हैं। नेहा ने अपने कैरियर की शुरुआत प्रतिष्ठित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO), रक्षा मंत्रालय भारत सरकार में रिसर्च इंटर्न के रूप में की। इलेक्ट्रो तकनीकी ईई अनुसंधान में उत्कृष्ट कार्य किया। नेहा ने तकनीकी नेतृत्व और सामाजिक योगदान दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की। शिक्षा के साथ-साथ इन्होंने एनएसएस के माध्यम से सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाई और एथलेटिक्स में गोल्ड मेडल जीत कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा को साबित कर दिखाया। वर्तमान समय में नेहा ने न्यूरोमॉर्फिक कंप्यूटिंग के साथ ए आई में अभूतपूर्व योगदान दिया है। इनकी शोध टीम ने प्रतिष्ठित IEEE सम्मेलन 2025 में न्यूरोमॉर्फिक कंप्यूटिंग का उपयोग करके एआई मॉडल में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए मस्तिष्क-प्रेरित कंप्यूटिंग आर्किटेक्चर की जाँच÷ शीर्षक से अपना शोध-पत्र प्रकाशित किया है।

यह शोध-पत्र न्यूरोमॉर्फिक कंप्यूटिंग की क्रांतिकारी अवधारणा है जो एआई प्रणालियों को अधिक ऊर्जा-कुशल और तेज़ बनाने के मानव मस्तिष्क की कार्यप्रणाली की नकल करता है। यह ए आई मॉडल अध्ययन मस्तिष्क-प्रेरित आर्किटेक्चर प्रस्तुत करता है जो प्रदर्शन से समझौता किए बिना ऊर्जा आवश्यकताओं को काफी कम कर सकता है। इन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य मानव संज्ञान और मशीन लर्निंग दक्षता के बीच की खाई को पाटना है। इस तरह के दक्षता संबंधित कार्यक्रम हमें बचपन से हमारे विद्यालय एस.जे.एस. पब्लिक स्कूल लालगंज में हमेशा से सिखाए जाते रहे हैं जिसके कारण आज हम इस मुकाम पर पहुंच पाए हैं। इन्होंने अपनी इन सभी उपलब्धियां का श्रेय अपने माता-पिता, अपने शिक्षकों तथा अपने विद्यालय एस.जे.एस. पब्लिक स्कूल लालगंज को दिया।

## दो दिवसीय क्रीड़ा महोत्सव समापन पर पुरस्कार वितरित




**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी बगहा में इंटर हाउसेज स्पोर्ट्स मीट के दो दिवसीय क्रीड़ा महोत्सव के समापन पर आठवां पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। विविध प्रकार के खेलों के लिए लगभग दो सौ प्रतिभागियों को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गये। आयोजन की शुरुआत विशेष अतिथियों में राघवन कुमार एस एच ओ थाना सलोन महेन्द्र सिंह,अजय सिंह,उत्तम कुमार सिंह,देवेश चौधरी सब-इंस्पेक्टर सलोन एवं विद्यालय समूह के संस्थापक प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा तथा तारकेश्वर सिंह प्रधानाचार्य न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली, के बैज अलंकरण एवं बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई।इस मौके पर विद्यालय के प्रबंध शशिकांत शर्मा ने अपने वक्तव्य में खेल को जीवन का अभिन्न अंग बताया और कहा की खेल व्यक्ति के जीवन को अनुशासित और ऊर्जावान बनाते हैं साथ ही टीम भावना के साथ काम करने की प्रेरणा भी देते हैं।इसलिए बच्चों को मोबाइल से मन हटाकर विविध प्रकार के खेलों के प्रति दिलचस्पी बढ़ाने की जरूरत है। प्रधानाचार्या कामाक्षा सिंह द्वारा सभी सम्मानित अतिथियों के प्रति आभार एवं सभी शिक्षक- शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।ह्य

# तीन जोड़े आपसी मतभेद भुला एक साथ रहने को हुए राजी



▸ परामर्श केंद्र का प्रयास, रिश्तों में पुनः विश्वास

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत परिवार परामर्श केंद्र पुलिस लाइन सीतापुर में पति-पत्नी से संबंधित पारिवारिक विवादों को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र एवं काउंसलर के द्वारा शिकायतकर्ता व विपक्षीगणों को सुनकर काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान 03 जोड़े 1.नूरी मोहम्मद पत्नी सैय्यद मोहम्मद निवासी ग्राम मेहदीशाह मजरा वजीर बाग थाना सहादतगंज लखनऊ 2.सिम्मी कुमारी पत्नी हरीओम तिवारी निवासी ग्राम चिनहटा थाना रामकोट सीतापुर 3.सोनी देवी पत्नी पंकज निवासी चन्दौरवा थाना कमलापुर सीतापुर ने आपसी मतभेद दूर कर एक साथ रहने को राजी हुए एवं परिवार परामर्श केंद्र द्वारा 03 जोड़ो की विदाई कराई गई। काउंसलिंग के दौरान प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी उ0नि0 गीता सिंह, आरक्षी शिवा ढाका, काउंसलर- विकास वर्मा, शांता महावर आदि मौजूद रहे।

# सामूहिक विवाह योजना में 288 जोड़े हुए एक दूजे के

▸ 287 ने मंत्रो के बीच लिए फेरे, एक का कराया गया निकाह

▸ उद्यान मंत्री के साथ डीएम-एसपी ने वर वधु को दिया आशीर्वाद, सीडीओ भी रहे मौजूद



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जिले के सतांव स्थित गन्ना कांटा मैदान में भव्य मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 288 जोड़ों ने वैदिक विधि विधान से विवाह-सूत्र में बंधकर अपने जीवन की नई शुरुआत की। इसमें से 287 जोड़ों ने हिंदू रीति-रिवाज़ के अनुसार फेरे लिए एवं 01 मुस्लिम जोड़ों का निकाह सम्पन्न कराया गया। विवाह कार्यक्रम में बछरावां से 90, न0 प0 बछरावां से 02, हरचंदपुर 40, सतांव 40,महाराजगंज 45, खीरों 6, लालगंज 10, न0प0 लालगंज 01, शिवगढ़ 41, सरेनी 06,न0 प0 शिवगढ़ से 07 जोड़े शामिल हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्यानमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने नव जोड़े को आशीर्वाद दिया और उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को विवाह संबंधी सहयोग उपलब्ध कराना है, जिसके अंतर्गत शासन की ओर से प्रत्येक जोड़े को कुल एक लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में सभी नवविवाहित जोड़ों को शासन द्वारा निर्धारित विवाह अनुदान एवं आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने भी वर-वधुओं को आशीर्वाद देते हुए शुभकामनाएं दीं।

## नशे के विरुद्ध जन जागरूकता एवं रेस्क्यू अभियान आयोजित



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** डीएम हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार जनपद में चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत ऑपरेशन मुक्ति अभियान का आयोजन विबग्योर पब्लिक इंटर कॉलेज में किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में यह अभियान 21 नवम्बर से 30 नवम्बर 2025 तक जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बाल विवाह एवं बाल श्रम जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जनजागरूकता फैलाना तथा आवश्यकतानुसार रेस्क्यू की कार्यवाही करना है। इसी क्रम में बाल विवाह एवं बाल श्रम के विरुद्ध जन जागरूकता एवं रेस्क्यू अभियान का आयोजन किया गया।

## डीएम ने बूथ लेवल अधिकारियों को किया सम्मानित



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने एन0आई0सी0 कक्ष में शुक्रवार को 150-सेवता विधानसभा क्षेत्र के 02 बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अन्तर्गत इन बी0एल0ओ0 द्वारा शतप्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य निर्धारित समय से पूर्व ही पूर्ण कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है।

सम्मानित होने वाले बूथ लेवल अधिकारियों में रोजगार सेवक मनोज कुमार एवं रोजगार सेवक विनोद शामिल रहे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम जर्नादन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एसआईआर के दृष्टिगत आज भी खुलेंगे परिषदीय विद्यालय



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत जनपद में बीएलओ द्वारा एसआईआर का कार्य तेज़ी से जारी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, के निर्देशों के अनुपालन में जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर रविवार, 30 नवंबर को समस्त परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय निर्वाचन कार्य के लिए खुले रहेंगे। छात्रों के लिए पूर्व की भांति अवकाश रहेगा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग से नियुक्त बीएलओ विद्यालयों में रहकर गणना प्रपत्रों के संग्रह, डिजिटाइजेशन एवं अन्य आवश्यक निर्वाचन संबंधी कार्य संपादित करेंगे। साथ ही शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक, बीएलओ की सहायता के लिए विद्यालय में उपस्थित रहेंगे।

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चलाया गया अभियान



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने व सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शनिवार को यातायात जागरूकता माह नवंबर के उन्तीसवें दिन यातायात पुलिस द्वारा कस्बा गौरीगंज में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया गया, तथा ब्रेथ एनालाइजर से चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 210 वाहनों का चालान कर 2,23,000 रुपये जुर्माना योजित किया गया है।

# गहन पुनरीक्षण जागरूकता शिविर आयोजित



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खण्ड जामो के अंतर्गत कस्बा जामों स्थित सेंट मेरी सीनियर सेकेंडरी कान्वेंट स्कूल में मतदाता सूची को लेकर चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत फार्म का वितरण और संकलन कर जिले की रैंकिंग में जामो ब्लॉक को सुधार लाने के लिए यह आयोजन राजा उमारमण चैरिटेबल ट्रस्ट जामों कोट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य ट्रस्टी व समाजसेवी कुंवरानी मधुरिमा सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रीति तिवारी एसडीएम गौरीगंज किन्ही कारणों से नहीं आ पाई। जिसके चलते बीडीओ जामों, राजस्व निरीक्षक अशोक तिवारी व बीएलओ के मौजूदगी में कार्यक्रम प्रारंभ करना पड़ा। बीडीओ ने संबंधित बीएलओ को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र के मतदाताओं से फॉर्म को लेकर ऑनलाइन किए जाने की संख्या में वृद्धि करें तथा फार्मों के वितरण व संकलन का कार्य तेजी से करें। जिससे अमेठी में जामों का एक अलग स्थान रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में वर्तमान प्रमुख पूनम कुमारी, पूर्व प्रमुख अनिल सिंह, अनंतराम पांडेय, प्रेम शंकर पांडेय, प्रधान गुड्डू मिश्रा, राजेंद्र शुक्ला, राज नारायण उपाध्याय, श्याम जी पांडेय, डॉ अनिल मिश्रा, पप्पू पाण्डेय, सुधाकर श्रीवास्तव संदीप सिंह आदि उपस्थित थे।

# चकबन्दी प्रक्रिया निरस्त करने की उठायी मांग

▸ किसानों ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



चकबन्दी प्रक्रिया के विरोध में सैकड़ों किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां किसानों ने जमकर नारेबाजी की और एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए चकबन्दी प्रक्रिया को तत्काल निरस्त कराने की मांग की। किसानों ने आरोप लगाया कि चकबन्दी से जुड़े लेखपाल और अधिकारी मिलकर कीमती जमीनों को दूसरों के हिस्से में डालने की साजिश कर रहे हैं, जबकि सड़क से दूर सस्ती जमीनें किसानों को दी जा रही हैं। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि प्रक्रिया निरस्त नहीं हुई तो वे सामूहिक आत्मदाह करने को विवश होंगे। किसानों का कहना है कि जलालाबाद ब्लाक क्षेत्र में चल रही चकबन्दी प्रक्रिया पूरी तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। कस्बे से लेकर ग्राम पंचायत सचिवालय तक कई बार विरोध प्रदर्शन किए जा चुके हैं, लेकिन जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो किसान कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करने को मजबूर हुए। कलेक्ट्रेट में किसानों के उग्र होते प्रदर्शन को देखते हुए अतिरिक्त एसडीएम अविनाश गौतम मौके पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की। उन्होंने बताया कि फिलहाल एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद चकबन्दी का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा और उसी आधार पर आगे निर्णय लिया जाएगा। किसानों ने कहा कि उनकी एक ही मांग है। चकबन्दी प्रक्रिया को तत्काल निरस्त किया जाए। आरोप लगाया कि चकबन्दी के नाम पर किसानों की कीमती जमीनें हड़पकर अन्य लोगों को दी जा रही हैं, जिससे किसान शोषण का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मांग पूरी न होने तक किसान धरना- प्रदर्शन जारी रखेंगे। किसानों ने समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण से मुलाकात कर पूरे मामले से अवगत कराया। मंत्री ने चकबन्दी प्रक्रिया रुकवाने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में कन्हैया तिवारी, विनय अवस्थी, हीरालाल, आरपी वर्मा, रामजी पाठक, राहुल सैनी, कल्लू तिवारी सहित सैकड़ों महिला व पुरुष किसान रहे।

## ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत

**समधन, समृद्धि न्यूज।** एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर एक अज्ञात युवक की मौत हो गई घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने काफी छानबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका है।

समधन नगर के नजदीक नेशनल हाईवे रेलवे के पास रेलवे ट्रक पर शनिवार दोपहर बाद करीब 2:30 बजे कानपुर से फर्रुखाबाद जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर एक अज्ञात युवक की कटकर मौत हो गई घटना की जानकारी पाकर समधन चौकी पुलिस व जीआरपी मौके पर पहुंची इसके वाद पुलिस की ओर से अज्ञात युवक की शिनाख्त के काफी प्रयास किये गये लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका है। समाचार लिखे जाने तक शव का पंचनामा नहीं भरा गया था।

# विधायक को दिया खाटू श्याम निशान यात्रा का आमंत्रण

## 5 दिसंबर को धूमधाम से निकाली जाएगी बाबा खाटू श्याम की निशान शोभायात्रा

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



श्री खाटू श्याम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय को खाटू श्याम निशान यात्रा का आमंत्रण देकर इस विशाल कार्यक्रम में सहयोग की अपील की।

श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता, संदीप दुबे, अमित भारतीय, बृजेश गुप्ता, आनंद गुप्ता, दिलीप गुप्ता, रामदत्त गुप्ता, अवधेश मिश्रा छोटे, पल्ली पांडेय, विनोद गुप्ता व गोविंद गुप्ता (न्यू पापा होटल) ने मोती माला के साथ अंग वस्त्र पहनाकर एवं खाटू श्याम का प्रतीक चिन्ह भेंट करके विधायक अर्चना पांडेय को सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने कहा नगर में 5 दिसंबर शुक्रवार को बाबा खाटू श्याम की भव्य निशान शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी।

बाबा के सभी भक्त 5 दिसम्बर को सुबह 10 बजे सौरिख रोड स्थित सिद्धपीठ मां कालिका देवी मंदिर पर एकत्र होंगे। यहां पर माता के दरबार में पूजा के बाद रथ पर विराजमान बाबा खाटू श्याम की पूजा होगी और फिर 11000 निशान के साथ भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हो जाएगी। इसका समापन विशुनगढ़ रोड स्थित रामलीला मैदान में होगा। यात्रा में शामिल सभी श्याम भक्तों के लिए वहां पर भंडारा प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी।

# क्विज प्रतियोगिता में विवेकानंद हाउस ने मारी बाजी

▸ अवध एजुकेशन सेंटर में हुआ आयोजन
▸ शेष सभी हाउस को प्रदान किए गए सांत्वना पुरस्कार

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



अवध एजुकेशन सेंटर में आयोजित जीके क्विज प्रतियोगिता में विवेकानंद हाउस ने प्रथम आकर बाजी मार ली। जीके क्विज प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउसों विवेकानंद हाउस, कलाम हाउस, टैगोर हाउस और सुभाष हाउस से 4 टीमों ने प्रतिभाग किया। 5 राउंड में संपन्न हुई क्विज में प्रश्नोत्तर राउंड, ऑडियो, वीडियो, रैपिड फायर और बजर राउंड से प्रत्येक राउंड में सभी प्रतिभागियों ने रोचक प्रश्नों के उत्तर दिए। क्विज के अंत में विवेकानंद हाउस विजेता घोषित हुआ। विजेता हाउस को प्रबंधक संदीप सेंगर ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

शेष सभी हाउस को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य शिवम मिश्रा ने कहा इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, निर्णय लेने की क्षमता और भाषण कौशल को बढ़ाती हैं। अतः समय समय पर विद्यालय में इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। शिक्षिका मोनिका द्विवेदी के संचालन में हुई क्विज प्रतियोगिता में अनुज वर्मा, आलोक चतुर्वेदी, ज्योति दुबे, आशीष अग्निहोत्री, अतिशय पांडेय, ज्योति शुक्ला, दीपा दीक्षित, तरु तिवारी, सची त्रिपाठी, अंशु सिंह, ईशा सिंह, अभय सिंह व प्रखर अवस्थी सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## बाबा नीम करोली महाराज के जन्मोत्सव पर भंडारे में श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पीपल चौराहा स्थित श्री विजय नाथ मंदिर के पास बाबा नीम करोली महाराज के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मंगलम ज्वेलर्स एवं समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष प्रियतेश तोमर के नेतृत्व में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु प्रसाद लेने पहुंचे। इस अवसर पर प्रियतेश तोमर ने कहा बाबा नीम करोली महाराज हम सभी के प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने सिखाया कि प्रेम, सेवा और समर्पण ही जीवन का सच्चा मार्ग है। 'सब एक हैं, प्रेम करो और सेवा करो' यही बाबा का संदेश है। आज इस भंडारे के माध्यम से हम उनके उस संदेश को जीवंत कर रहे हैं। इस पुनीत आयोजन में आर्यन गुप्ता, गोविंद यादव, रोहित गुप्ता, सुशांत गुप्ता, मोनू वर्मा, विपिन वर्मा, अंशु वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। भंडारे में पूरी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया।

# ई-स्टांप एवं ई-कोर्ट फीस सुविधा केंद्र का शुभारंभ

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



तहसील के रजिस्ट्री ऑफिस में सरकारी और न्यायिक प्रक्रियाओं को अधिक सरल, पारदर्शी व त्वरित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए ई-स्टांप एवं ई-कोर्ट फीस सुविधा केंद्र का शुभारंभ एआईजी स्टांप श्रीमती सुषमा व उपनिबंधक विशाल गुप्ता ने किया।

एआईजी स्टांप श्रीमती सुषमा ने बताया इस केंद्र के माध्यम से नागरिक अब आसानी से इलेक्ट्रॉनिक रूप से ई स्टांप पेपर खरीद सकेंगे और अदालती शुल्क का भुगतान कर सकेंगे। इससे स्टांप शुल्क और कोर्ट फीस के लिए किसी अतिरिक्त शुल्क दिए बिना सुविधाजनक रूप से काउंटर से प्राप्त किया जा सकेगा। यह प्रणाली समय की बचत करने के साथ-साथ जनता के लिए सुविधाजनक भी है। उन्होंने बताया कि जनरेट किए गए ई-स्टांप और ई-कोर्ट फीस रसीदें डिजिटल माध्यम से सत्यापित होने के कारण जालसाजी की संभावना लगभग समाप्त हो जाएगी। सभी शुल्क सीधे सरकारी पोर्टल पर जमा होंगे, जिससे किसी भी अतिरिक्त शुल्क या बिचौलियों की भूमिका खत्म हो जाएगी। इस पहल का उद्देश्य 10 से 500 रुपए तक के ई-स्टांप की अंकित मूल्य श्रेणियों की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करना है, जिससे नागरिकों को उनके नजदीकी क्षेत्र में ही सभी स्टांप सेवाएं प्राप्त हो सकेंगी। कार्यक्रम में स्टॉक होल्डिंग के कानपुर मंडल नोडल अधिकारी लव त्रिपाठी व असिस्टेंट मैनेजर आशीष वर्मा सहित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी और तहसील के एडवोकेट उपस्थित रहे।

## नाबालिग छात्रा से छेड़छाड के मामले में एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नाबालिग छात्रा के साथ अधेड़ व्यक्ति द्वारा की गई छेड़छाड़ के मामले में पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट पीड़िता की मां ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। मालूम हो कि कुछ दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक नाबालिग छात्रा के साथ गांव के ही अधेड़ व्यक्ति द्वारा बार-बार अश्लील इशारे और छेड़छाड की हरकतें करने का मामला सामने आया था और जब नाबालिग ने यह बात अपनी मां को बताई तो मां-बेटी ने आरोपी के घर जाकर शिकायत की थी। जवाब में आरोपी के बेटों व स्वयं अधेड़ व्यक्ति ने दोनों को जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की थी, जिसकी शिकायत पीड़िता की मां ने थाने में दर्ज कराई थी। पीड़ित महिला का कहना है कि पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की और केवल खानापूरी कर मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की। थाने की उदासीनता से क्षुब्ध होकर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# खाद संकट और नकली दवा से त्रस्त किसानों ने जताया रोष



▸ भाकियू किसान संगठन ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की दी चेतावनी

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

खाद की भारी किल्लत और नकली कीटनाशक दवाओं से परेशान किसानों का गुस्सा सड़क पर आ गया। भारतीय किसान यूनियन (किसान) के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला के निर्देश पर प्रदेश प्रवक्ता डॉ. रजनीश दुबे व जिला महासचिव आनंद तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों किसान कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि रबी फसल के लिए जरूरी यूरिया व डीएपी खाद की आपूर्ति पूरी तरह ठप है। जो थोड़ी-बहुत खाद आ भी रही है, वह निर्धारित मूल्य से कई गुना अधिक दाम पर मिल रही है। इसके अलावा बाजार में नकली कीटनाशक दवाएं धड़ल्ले से बिक रही हैं, जिनसे फसलें जल रही हैं और किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। डॉ. रजनीश दुबे ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने शीघ्र खाद आपूर्ति सुचारू नहीं की और नकली दवा विक्रेताओं पर कार्रवाई नहीं की तो संगठन उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। आनंद तिवारी ने कहा कि अन्नदाता को ही लूटा जा रहा है, यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस दौरान अभिषेक पाठक, शांतनु यादव, अखिलेश शाक्य, दिनेश चतुर्वेदी, रज्जन चतुर्वेदी, अनुज राजपूत, गौरव राजपूत, सौरभ ठाकुर, संतोष दुबे, रामकुमार, विक्रांत चतुर्वेदी सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## एसआईआर को लेकर नगर पालिका ने झोंकी पूरी ताकत



**छिबरामऊ, कन्नौज।** मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को सफल बनाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने पूरी ताकत लगा दी है। बाजार में लगे अनाउंसमेंट सिस्टम से लगातार फार्म जमा करने की चेतावनी दी जा रही है।

शनिवार देर शाम नगर पालिका सभागार में सभी बीएलओ की महत्वपूर्ण बैठक हुई। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने निर्देश दिए कि फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर है, इसलिए अगले दो दिनों में सभी फार्म एकत्र कर लिए जाएं। उन्होंने वार्ड सभासदों से भी सहयोग मांगा। ईओ सुनील कुमार सिंह ने सख्त हिदायत दी कि जो लोग फार्म नहीं भर रहे, उनके घर के सामने मकान के साथ सेल्फी लेकर बीएलओ सबूत रखें, ताकि बाद में कोई शिकायत न कर सके। फीडिंग में दिक्कत आने पर पालिका कर्मचारियों से मदद लेने को कहा गया। चेतावनी दी गई कि फार्म नहीं जमा करने वालों का वोट नहीं बनेगा और इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। बैठक में कई बीएलओ ने अपनी समस्याएं भी रखीं।

# भाजपा आईटी सेल की मानीटरिंग व्यवस्था का मंत्री ने किया निरीक्षण

▸ मतदाता पुनरीक्षण कार्य को तेज गति से करने के निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लेते मंत्री असीम अरुण

मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत भाजपा मुख्यालय में संचालित मानीटरिंग सेल का समाज कल्याण मंत्री एवं सदर विधायक असीम अरुण ने निरीक्षण किया। उनके साथ जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया भी मौजूद रहे। मंत्री असीम अरुण ने आईटी सेल द्वारा अभियान में की जा रही प्रगति की जानकारी ली और संबंधित पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने जनपद में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्य को तेज गति से और अधिक प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान आईटी सेल भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने मंत्री को अवगत कराया कि उनकी टीम मतदाताओं के फार्म भरवाने में लगातार सहायता कर रही है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान आईटी सेल टीम के श्याम दुबे, पीयूष शुक्ला, सनी दुबे, उदय शुक्ला, प्रेम शंकर तिवारी, विमल ठाकुर, राहुल त्रिपाठी और अभिजीत राज मिश्रा मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में गांव में खड़ी लोडर जली

**जालौन, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में गांव में खड़ी लोडर गाडी में आग लग गई। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल ने आग बुझाई। तब तक से लोडर जलकर खाक हो गई। पीड़ित वाहन स्वामी ने गांव के ही व्यक्ति पर आग लगाने का संदेह व्यक्त करते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा निवासी भानु प्रताप सिंह ने पुलिस को बताया कि वह गांव में घर के बाहर सड़क हटकर अपनी लोडर गाड़ी को खड़ी करता है। इसके बाद भी गांव के कुछ लोग एतराज करते हैं। आरोप लगाया कि उन्होंने लगभग एक माह पूर्व लोडर में आग लगाने की धमकी दी थी। बताया कि 24 नवंबर की रात उसने लोडर को अपने स्थान पर खड़ा किया था। कुछ देर बाद गांव के लोगों ने बताया कि उसकी लोडर में आग लग गई है। जब वह मौके पर पहुंचा और आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग नहीं बुझ सकी। जब उसने दमकल और यूपी 112 को सूचना दी। सूचना पर पुलिस और दमकल भी मौके पर पहुंच गई। लेकिन जब तक आग बुझाई जाती, तब तक लोडर जलकर खाक हो चुकी थी।

## वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में वांछित

**कोंच(जालौन)।** कोतवाली पुलिस ने दिन शनिवार को एक प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि अपराध एवं बांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह मय हमराह आरक्षी नीतेश कुमार ने मुकदमा संख्या 241/2025 धारा 108 बीएनएस से सम्बंधित अभियुक्त देवेंद्र पुत्र घनश्याम निवासी डाढ़ी को मारकंडेश्वर तिराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# सड़क निर्माण को लेकर हंगामा करने वालों के चेहरे स्याह, जांच में गुणवत्ता मानक पाए गए सही

**माधौगढ़ जालौन, समृद्धि न्यूज।**

रुद्रपुरा गांव में बनी सड़क की खराब गुणवत्ता को लेकर 26 तारीख को एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने एसडीएम माधौगढ़ राकेश सोनी से शिकायत की थी। शिकायत के दौरान ग्रामीणों और एसडीएम के बीच तीखी नोकझोंक हो गई।

ग्रामीणों का आरोप था कि एसडीएम ने उनकी शिकायत लेना ही नहीं चाहा और दरवाज़ा बंद कर दिया। मामले ने तूल पकड़ा तो जिलाधिकारी राजेश पांडेय ने पूरे प्रकरण की जांच के आदेश दिए। आदेश के बाद अपर जिलाधिकारी और पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता मौके पर पहुंचे और सड़क की गुणवत्ता का परीक्षण किया। जांच रिपोर्ट में सड़क मानकों के अनुरूप पाई गई। अधिकारियों के अनुसार सड़क पर अभी सिर्फ प्रथम कोट डाला गया था और सील कोट का कार्य शेष था।



रुद्रपुरा गांव सड़क

अधूरी परत को देखकर ही ग्रामीणों ने खराब निर्माण का संदेह जताया और विवाद खड़ा हो गया। उधर, एसडीएम राकेश सोनी ने कहा कि यह पूरा विवाद उनके खिलाफ सुनियोजित षड्यंत्र का हिस्सा था।उन्होंने कहा मैंने पहले भी गांवों की अनेक सामूहिक शिकायतें सुनी हैं, तब कोई विवाद नहीं हुआ। हाल ही में मौरंग से भरे ट्रकों पर कार्रवाई की थी, उसी कारण मेरे खिलाफ माहौल बनाने की कोशिश की गई। अवैध कार्यों को रोकने की कीमत मुझे इस रूप में चुकानी पड़ी।

## सड़क पर पालतू पशुओं को बांधने से लोगों को आवागमन में दिक्कत

**जालौन।** गांव में बनी पक्की सड़क पर ग्रामीण अपने पालतू पशुओं को बांध देते हैं। मुख्य मार्ग पर पशुओं के बंधे होने के कारण लोगों को निकलने में दिक्कत होती है। मना करने पर पशु पालक झगड़ा करने लगते हैं। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नैनपुरा में ग्रामीणों के लिए गलियों को पक्का करा दिया गया है। गांव की गलियां लोगों को आवागमन के लिए पक्की कराई गई हैं। आम जनता के बनी सीसी सड़क पर गांव के कुछ पशु पालक अपने जानवरों को बांध देते हैं। सड़कों पर जानवरों के बैठने के कारण सड़क पर गंदगी पड़ी रहती है। वहीं जानवरों के कारण वाहन निकालने में दिक्कत होती है। जब राहगीर पशु पालकों को सड़क पर जानवरों को न बांधने के लिए कहते हैं तो पशु पालक झगड़ा करने पर आमदा हो जाते हैं। पशु पालकों से परेशान ग्रामीणों में अनिल कुमार, मनोज कुमार, संतोष आदि ने एसडीएम हेमंत पटेल को शिकायती पत्र देकर गांवों की मुख्य मार्ग से गांव तक जाने वाली गलियों की पक्की सड़क पर पशुओं को बांधने वाले पशु पालकों के खिलाफ कार्रवाई कराने की मांग की।

## सूचना

मेरी कक्षा 10 की अंक तालिका में मेरा नाम जयवीर दर्ज है, जबकि आधार कार्ड में जयवीर शाक्य दर्ज है, दोनों ही नाम मेरे हैं, मुझे दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाये।

**जयवीर शाक्य पुत्र लालाराम शाक्य निवासी मोहल्ला सधवाड़ा, कस्बा कायमगंज, फर्रुखाबाद।**

## संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र अभिषेक वर्मा पुत्र मुनीम कुमार जो आये दिन मुझे अकारण परेशान करते हैं और मेरा कहा नहीं मानते तथा मनमानी करते हैं। उनके चाल चलन ठीक न होने एवं दुर्व्यवहार के कारण मैंने उन्हें अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर अपने समस्त सम्बंध विच्छेद कर लिया हैं।भविष्य में उनके द्वारा किये गये कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगे। इनके द्वारा किये गये कृत्यों से मेरा व मेरी पत्नी और मेरे परिवार से कोई लेना-देना नहीं होगा।

**मुनीम कुमार पुत्र स्व. फूलचंद्र निवासी ग्राम अटनहिया पो. मुड़िया खेड़ा थाना कोतवाली सदर जिला, लखीमपुर खीरी।**

# पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने की बनी रणनीति

**कालपी जालौन, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार को तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में चिकित्साधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी 14 दिसंबर को होने वाले पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान को शत-प्रतिशत सफ्ल बनाने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक के दौरान कालपी चिकित्साधीक्षक डॉ. दिनेश बरतिया ने बताया कि कालपी नगर के 15 वार्डों में 33 स्थायी बूथ स्थापित किए जाएंगे, जहां 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप समेत अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर 5 ट्रांजिट बूथ संचालित किए जाएंगे, ताकि कोई भी बच्चा दवा से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि 15 से 19 दिसंबर तक स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाएंगी।

जो बच्चे इस दौरान छूट जाएंगे, उन्हें 22 दिसंबर को दवा पिलाकर प्रतिरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। उपजिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप अभियान को पूरी कुशलता एवं गंभीरता से संचालित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 0 से 5 वर्ष की आयु का एक भी बच्चा छूटने न पाए।बैठक में डॉ. सपना, विश्व स्वास्थ्य संगठन के पर्यवेक्षक राहुल कुमार, सुपरवाइजर तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमें मौजूद रहीं।

## नगर पालिका परिषद ने ग्वालियर तक रेलवे लाइन विस्तार की उठायी मांग

**कोंच,जालौन।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता की अगुवाई में दिन शनिवार को रेल मंडल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार को एक पत्र सौंपते हुए बताया कि जालौन फफूंद होते हुए भिण्ड ग्वालियर तक रेलवे लाइन विस्तार हेतु कई बार सर्वे हो चुका है। लेकिन किन्हीं कारणों बस आज तक कोच से रेलवे लाइन का विस्तार नहीं हो सका जिसके कारण नगर वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जबकि आजादी के पूर्व से नगर में रेलवे स्टेशन स्थित है। लेकिन इसका विस्तार नहीं हो सका पालिका अध्यक्ष ने रेल मंडल प्रबंधक से कौन से जालौन फफूंद होते हुए भिंड ग्वालियर तक रेलवे लाइन विस्तार कराए जाने की मांग की है। जिससे नगर एवं आसपास के लोगों को इसका लाभ मिल सके इस दौरानसभासद मनोज गुप्ता लता राज अनिल वर्मा रविकांत कुशवाहा नंदिनी कुशवाहा सुनीता सीमा देवी सहित दंगल यादव बादाम सिंह कुशवाहा नरेश कुशवाहा देवेंद्र गुर्जर शहद तमाम प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# स्कूली वैन में ओवरलोड ट्रक ने मारी टक्कर, हादसा होने से बचा

**कोंच जालौन, समृद्धि न्यूज।**

नदीगांव रोड स्थित बाबू पैलेस के पास दिन शनिवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया विवेकानंद ग्लोबल स्कूल की वैन बच्चों को घर छोड़ने जा रही थी। कुछ बच्चे वैन में बैठे थे तभी बाबू पैलेस के पास गुरसरांय की ओर से ओवरलोड गिट्टी से भरा ट्रक आ रहा था। जो जालौन जा रहा था अचानक ट्रक ने स्कूली वैन में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बच्चे घबराकर चीखने-चिल्लाने लगे और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन स्थानीय लोगों ने समझदारी दिखाते हुए पेट्रोल टैंक के पास ट्रक को घेरकर रोक लिया और चालक को पकड़ लिया। हादसा बेहद भयावह हो सकता था, लेकिन गनीमत रही कि किसी भी बच्चे को गंभीर चोट नहीं आई। घटना के बाद बच्चों ने तत्काल अपने अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन को फोन कर जानकारी दी। सूचना मिलते ही मंडी चौकी इंचार्ज नीतिश कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ट्रक चालक रविंद्र कुमार निवासी दशहरी, इटौरा को हिरासत में ले लिया और ट्रक को चौकी ले जाकर खड़ा करा दिया।


## कार्यालय ग्रा0पं0 न्यामतपुर भुक्सी विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकःमीमो/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 — दिनांक 29/11/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत न्यामतपुर भुक्सी विकास खण्ड शमशाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 30/11/2025 से दिनांक 06/12/2025 को अपरान्ह 04:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 06/12/2025 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 30/11/2025 से दिनांक 06/12/2025 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | अंत्येष्टि स्थल के अंदर परिसर में मिट्टी भराव कार्य | 2,16426 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | बेहटा बल्लू डामर रोड से कब्रिस्तान तक मिट्टी व खण्ड़जा मरम्मत कार्य | 1,01682 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (शाहीन बेगम) — ग्रा0पं0 न्यामतपुर भुक्सी, वि0ख0 शमशाबाद — सचिव (यशकांत सिंह)

# स्वास्थ्य मेले से नदारद रहे डॉक्टर, तड़पते रहे मरीज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में शनिवार को आयोजित स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर एक बार फिर मज़ाक बनकर रह गया। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलने वाले इस मेले में डॉक्टरों और कर्मचारियों की घोर लापरवाही देखने को मिली। जिसने पिछली बार हुई एक व्यापारी की दर्दनाक मौत की यादें ताज़ा कर दीं।



मेले में नदारद चिकित्सक



बंद पड़े चिकित्सकों के कक्ष

मेले में दोपहर तक हालात चिंताजनक थे। लगभग साढ़े बारह बजे जब संवाददाता ने मेले का जायजा लिया, तो सीएचसी परिसर में एक भी डॉक्टर, फार्मासिस्ट या वार्डबॉय मौजूद नहीं था। मेले के लिए लगाई गई कुर्सियाँ और मेजें खाली पड़ी थीं। दंत परीक्षण कक्ष, हृदय रोग कक्ष, मरहम पट्टी कक्ष और नेत्र परीक्षण कक्ष जैसे महत्वपूर्ण कमरे ताला लगाकर बंद मिले। यह लापरवाही तब सामने आई है जब अस्पताल में ओपीडी के लिए भी 145 मरीज दवा लेने पहुँचे थे। स्थानीय लोगों में इस लापरवाही को लेकर गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है। कुछ समय पहले इसी सीएचसी की लापरवाही के कारण नगर के व्यापारी नन्हेंलाल गुप्ता की मौत हो गई थी। इस घटना को हमारे समाचार पत्र ने प्राथमिकता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद उच्चाधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए एक जाँच टीम गठित की थी। जाँच अभी चल ही रही है और मृतक के परिजन दोषियों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, लेकिन शनिवार को हुई घटना ने साबित कर दिया है कि अस्पताल प्रशासन पर जाँच का कोई असर नहीं पड़ा है। क्षेत्रीय लोगों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि इस गंभीर लापरवाही को तुरंत संज्ञान में लिया जाए और ड्यूटी से नदारद रहने वाले और आमजन के स्वास्थ्य के प्रति असंवेदनशील चिकित्सकों व कर्मचारियों पर कठोर और ठोस कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी हृदय विदारक घटनाएँ दोबारा न हों।

# डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने एसआईआर बूथ प्रहरी परामर्श एवं सहायता केंद्र का किया शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




शुभारंभ अवसर पर लोगों को जागरुक करते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

विधानसभा अमृतपुर के पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने शनिवार को राजेपुर स्थित एसआईआर बूथ प्रहरी परामर्श एवं सहायता केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए एसआईआर के बारे में जागरुक किया तथा कहा कि वह एसआईआर फार्म अवश्य भरकर समय रहते जमा कर दें, अन्यथा वह वोट डालने से वंचित रह जायेंगे। फार्म बीएलओ से प्राप्त किया जा सकता है और भरकर बीएलओ के पास जमा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रविवार को भी बीएलओ स्कूल में तैनात रहेंगे। इसलिए छूटे हुए लोग लोग रविवार को विद्यालयों में पहुंचकर अपना फार्म भरकर जमा कर दें। इस मौके पर आयोजक धर्मेंद्र यादव, रामशंकर यादव प्रधानाचार्य, अनुराग यादव जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी विपिन यादव, मोनू कुशवाह, अनिल यादव, रेशम पाल, परवेंद्र सिंह, अंकित यादव आदि मौजूद रहे।

# जानलेवा हमले के मामले में दो सगे भाइयों सहित तीन पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




▸ सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 1 दिसंबर की तिथि नियत

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम शैली रॉय ने रामबहादुर, राजकुमार पुत्रगण चेतराम, बंटू पुत्र राजकुमार समस्त निवासीगण बबुरारा नवाबगंज को जानलेवा हमले के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 1 दिसंबर की तिथि नियत है।

बीते 18 वर्षों पूर्व थाना नबावगंज क्षेत्र के ग्राम बबुरारा निवासी प्रमोद कुमार पुत्र बाबूराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 28 अगस्त 2007 को वह अपने खेत से घर आ रहा था, तो राकेश के घर के सामने उसकी चाची की जगह को कब्जियाना चाहते है। इसलिए मुझे समय करीब छः बजे गांव के रामबहादुर, राजकुमार, रामप्रकाश, बंटू ने अपने-अपने हाथों में लिए हुए टकोरा व लाठी डंडों से मुझे मारापीटा। जिससे मेरी पीठ में चोटें आईं। मौके पर गांव के कई लोग आ गए। उन लोगों ने मुझे बचाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैली रॉय ने रामबहादुर, राजकुमार, बंटू को दोषी करार दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 1 दिसंबर की तिथि नियत है। मुकदमा विचारण के दौरान रामप्रकाश की मृत्य हो गई थी।

# प्रथम तिलक वशिष्ट मुनि कीन्हा..,चौपाई की प्रस्तुति पर हुआ भगवान श्री राम का राजतिलक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ भण्डारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

श्री रामदरबार मूर्ति स्थापना दिवस समारोह का श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ समापन सम्पन हुआ। इस अवसर पर हवन पूजन एवं अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन भी किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपास्थिति रही। अखण्ड रामायण पाठ की चौपाई प्रथम तिलक वशिष्ट मुनि कीन्हा, पुनि सब विप्रन आयुष दीन्हा.....की प्रस्तुति पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम का राजतिलक किया और जयकारे लगाये। श्री हनुमान प्राचीन सब्जी मंडी फतेहगढ़ में आयोजित कार्यकम में अखण्ड रामायण पाठ के समापन अवसर पर पंडित हृदेश दीक्षित, आचार्य जितेन्द्र प्रकाश मिश्रा, आर्चाय सन्तोष शुक्ला ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन सम्पन्न कराया। सामूहिक भण्डारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दो दिवसीय श्री राम दरबार मूर्ति स्थापना दिवस समारोह में भक्ति रस की गंगा बही। कार्यक्रम में यजमान रमा सक्सेना धर्म पत्नी विनय सक्सेना एवं कोमल अग्रवाल धर्मपत्नी उत्कर्ष अग्रवाल रहें। रवीश द्विवेदी, महेशचंद्र पाल, करन सिंह, शैलेश दीक्षित, राधा देवी, शिशिर अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# सांसद व विधायक ने किया अल्ट्रासाउंड मशीन का शुभारंभ



अल्ट्रासाउंड मशीन का उद्घाटन करते सांसद व मौजूद विधायक सुरभि आदि

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को सांसद मुकेश राजपूत ने नई अल्ट्रासाउंड मशीन का शुभारंभ किया। इस मशीन के लगने से अब जनता को काफी राहत मिलेगी। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक सुरभि भी मौजूद रहीं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कक्ष नंबर 14 में स्थापित अल्ट्रासाउंड मशीन का शुभारंभ सांसद मुकेश राजपूत, विधायक डॉ सुरभि और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अवनीन्द्र कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कई भाजपा नेता भी उपस्थित रहे। बताते चलें कि अभी तक गर्भवती महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं मिल पा रही थी। कई वर्षों से इस सुविधा का अभाव था। जिसके कारण उन्हें निजी केंद्रों पर जाना पड़ता था। इस संबंध में कई बार लिखित पत्राचार भी किया गया था। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित कराए जाने के बाद यह सुविधा उपलब्ध हो पाई है। डॉ0 जितेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि उद्घाटन के दौरान चार गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड किए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ0 शोभित सिंह ने बताया कि अब गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। यह सुविधा उन्हें केंद्र में ही मिलेगी। जिससे उन्हें काफी राहत मिलेगी।

## खबरें एक नजर में

### गलती के बाद भी दबंग कार चालक ने बाइक सवारों को पीटा, छीने रुपये

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव कुरार निवासी शिवचरण अपनी बाइक से अपने साथी अरविंद के साथ फर्रुखाबाद एक रिश्तेदारी में गया हुआ था। शनिवार सुबह लगभग 10 बजे शिवचरण बाइक से अपने घर वापस जा रहा था, तभी थाना क्षेत्र के गांव पुठरी के पास करनपुर मार्ग पर एक कार के चालक ने शिवचरण की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से शिवचरण व अरविंद कुमार बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गये। कार के चालक ने कार से उतरकर शिवचरण को गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जिस पर शिवचरण ने गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो कार चालक ने शिवचरण को मारपीट करना शुरू कर दिया। शिवचरण ने मारपीट के दौरान दो हजार रुपए व बाइक छीन लेने का आरोप लगाया। थाने पहुंचकर शिवचरण ने कार चालक के खिलाफ नामदर्ज तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

### ट्रैक्टर से गिरकर बालक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव दीपपुर नगरिया निवासी सोनू उम्र 10 वर्षीय पुत्र अजयपाल जो की कक्षा 6 का छात्र है। गाँव के पास खड़े ट्रैक्टर पर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। उसी दौरान ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर सोनू नीचे ट्रैक्टर से गिरकर घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए प्राइवेट वाहन द्वारा कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये।

### छात्रा की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव बहवलपुर मिस्तनी निवासी सुनीता उम्र 17 वर्षीय पुत्री कैलाश सक्सेना जो की शशी बालिका इन्टर कालेज बडोला में कक्षा 10 की छात्रा थी। उसकी अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन उसे कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमार ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही मृतका की माँ गीता सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। माँ ने बताया की उसके चार बच्चों में मृतका सुनीता बड़ी बेटी थी। छोटी बेटी खुशबू, संध्या व तीन माह का बेटा है।

### भिक्षावृत्ति, बालश्रम, मानव तस्करी की रोकथाम हेतु बैठक कर दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को को नोडल अधिकारी एसजेपीयू एण्ड एएचटी के निर्देश में एएचटी थाना द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन फतेहगढ़ में विशेष किशोर पुलिस इकाई एसजेपीयू व मानव तस्करी रोधी एएचटी की मासिक प्रशिक्षण/समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया तथा बच्चों सम्बन्धी विशेष रेस्क्यू अभियान चलाये जाने एवं भिक्षावृत्ति, बालश्रम, मानव तस्करी एवं अनैतिक देह व्यापार की रोकथाम के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### वांछित आरोपी आलाकत्ल सहित गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कम्पिल पर पंजीकृत मु.अ.स. 185/2025 धारा-105 बीएनएस में वांछित 01 अभियुक्त को आला कत्ल सहित गिरफ्तार कर लिया। दिनांक 28.11.2025 को वादिनी ने थाना स्थानीय पर अभियुक्त द्वारा वादिनी के पुत्र के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देना तथा मारपीट में चोटे आने पर इलाज के दौरान वादिनी के पुत्र की मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध लिखित तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर मु.अ.स.185/2025 धारा-105 बी0एन0एस बनाम मिन्टू उर्फ रजनेश उपरोक्त आदि 02 नफर पंजीकृत कर विवेचना के क्रम में मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त उपरोक्त को आला कत्ल सहित गिरफ्तार कर लिया।

# घोटाले के मामले में प्रधान, सचिव सहित 6 पर मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

▸ न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया रिपोर्ट

घोटाला करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर प्रधान, सचिव सहित 6 लोगों के विरुद्ध कायमगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

थाना कम्पिल के ग्राम शाहपुर गंगपुर निवासी बबलू मिश्रा पुत्र स्व. रामशंकर ने न्यायालय में मीरा देवी पत्नी रामभजन ग्राम प्रधान शाहपुर, मनोज पुत्र रामभजन, वेदप्रकाश पुत्र प्रहलाद प्रो वेदप्रकाश ट्रेडर्स निवासी भूरा भरदौल थाना उझियानी जिला बदायूं, दुष्यन्त पुत्र कैलाश निवासी मोहल्ला राधाकिशन काली मंदिर के पीछे थाना अलीगंज जिला एटा, सत्यपाल पुत्र पुत्तूलाल निवासी शाहपुर गंगपुर, रवीन्द्र सिंह पुत्र नामालूम कार्यरत ग्राम सचिव शाहपुर ब्लाक व तहसील कायमगंज के विरुद्ध धारा-173 (4) बीएनएसएस के तहत याचिका दायर की गई थी।

जिसमें दर्शाया कि मेरा तथा मेरे परिवार का जीवन पूर्णतया कृषि पर ही निर्भर है। पिछले 3 वर्षो से ग्राम प्रधान के आग्रह पर अपने खेतों की पूरी गन्ने की व गेंहूं की फसल का भूसा गांव की गौशाला में आपूर्ति करनी शुरू की थी। जिसका पूरा भुगतान वर्ष 2022 व 2023 का ग्राम प्रधान द्वारा किया जा चुका था। प्रधान के कहने पर अपनी फर्म कामधेनु इण्टरप्राइजेज (गन्ना) गोशाला में दिया था तथा प्रधान व सचिव के द्वारा जून 2024 में भुगतान कर दिया गया। यह कि इस वर्ष 2025 में ग्राम प्रधान ने गोशाला की 80 बीघा भूमि पर गेहूं की फसल की थी, जिसमें लगभग 400 क्विंटल गेहू व लगभग 1000 क्विंटल भूसा हुआ था। जिसको ग्राम प्रधान व सचिव ने फर्जी वाड़ा करके षणयन्त्र करके गौशाला के नाम पर उक्त फसल को बेच दिया तथा 4 साल का गोबर व घूरा नीलाम करने के बजाय खुद गबन करके अपने खेतों में डाला तथा कुछ बेच दिया। तथा पूरा पैसे का आपस में बंदरबांट कर लिया। जिसकी मौखिक शिकायतें गांव के लोगों के द्वारा की गयी, जिस पर किसी प्रकार की कार्यवाही न होने से प्रधान व सचिव के हौसले बुलन्द हो गये। वह हम लोगों से रंजिश मानने लगा। वर्ष 2025 में मैने अपनी फर्म के जरिये अपनी फसल का तथा गांव तथा अन्य स्थानों से खरीद करके गोशाला को 1263.25 क्विंटल भूसा 800 रुपये प्रति क्विंटल की दर से तथा 869.75 क्विंटल हरा चारा रु 470 की दर से कुल 14,19,382 का विक्रय किया था। तथा लेबर को नकद कई किश्तों में कुल 5,95,000 रुपये का भुगतान किया था, जिसमें से 3 लाख 30 हजार रुपया प्रधान ने नकद मुझे वापस कर दिये थे। शेष रकम का भुगतान ग्राम प्रधान तथा ग्राम सचिव द्वारा गोशाला के खाते से किया जाना था। शिकायत पर पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने उपरोक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।



छात्राओं को जागरुक करती महिला कांस्टेबिल

# महिला पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया जागरूक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान थाना क्षेत्र की महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, 1090 महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन 181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य कई नंबरों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। बताया कि सरकारी नंबरों का प्रयोग करें, थाना पुलिस सदैव आपके साथ खड़ी रहेगी और किसी भी महिला तथा छात्र को किसी से डरने की जरूरत नहीं है। जागरूक होकर, निडर और निर्भीक होकर अपना कार्य करें। इस मौके पर थाना नवाबगंज की पुलिस मौजूद रहे।

# मार्ग दुर्घटना में महिला श्रद्धालु की मौत

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

दर्शन करने गई महिला श्रद्धालु की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही स्वजन बिलखने लगे। स्वजन घटना स्थल के लिए रवाना हो गए।

नगर के मोहल्ला मांझगांव पश्चिम की निवासी नरेशचंद्र गुप्ता की 40 वर्षीय पुत्री मंजू गुप्ता कुछ दिन पूर्व दर्शन करने मथुरा गयी थीं। शनिवार सुबह मंजू को रमण रेती हाईवे पर एक क्रेन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मंजू गुप्ता सड़क पर गिर गईं और वाहन का पहिया उनके ऊपर से निकल गया।

जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने घटना की सूचना स्वजनों को दे दी है। मृतका के भाई हिमांशु गुप्ता ने बताया कि मंजू गुप्ता सोमवार को घर से अकेली मथुरा में ठाकुर जी के दर्शन करने गई थीं। शनिवार सुबह करीब 8:15 बजे रमण रेती में ठाकुर जी की परिक्रमा और दर्शन करने के बाद वह लौट रही थीं, तभी रमण रेती थाना महावन मथुरा क्षेत्र में यह दुर्घटना हुई। हिमांशु गुप्ता ने आगे बताया कि मंजू गुप्ता की शादी वर्ष 2015 में गाजियाबाद की खोरा कॉलोनी निवासी दिलीप गुप्ता से हुई थी। वर्ष 2016 में गर्भवती होने के दौरान उनके पति दिलीप गुप्ता ने कथित तौर पर मारपीट कर उन्हें घर से निकाल दिया था। तब से वह अपने मायके में माता-पिता के साथ रह रही थीं। उन्होंने मायके में ही एक बेटी को जन्म दिया। जिसका नाम कृष्णा गुप्ता है और वह आठ वर्ष की है। मंजू गुप्ता और उनकी बेटी का पालन-पोषण उनके माता-पिता ही कर रहे थे। मंजू गुप्ता अपने तीन बहनों और दो भाइयों में सबसे बड़ी थीं। परिजनों के अनुसार वह प्रत्येक माह मथुरा दर्शन के लिए जाती थीं और पूजा-पाठ में गहरी आस्था रखती थीं।



मृतका का फाइल फोटो

# मंडी में नए आलू की बिहार के लिए लोडिंग शुरू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सातनपुर मंडी में बिहार के लिए आलू की हो रही लोडिंग

एशिया प्रसिद्ध सातनपुर आलू मंडी में शनिवार को 800 से 900 रुपये प्रति कुंटल आलू बिका। वहीं आवक भी बढ़ गयी। बिहार राज्य के लिए आलू लोड होकर जा रहा है।

इन दिनों मंडी में नए आलू की आवक हो रही है। बिहार में इस नए आलू की विशेष मांग है। जिसके चलते जिले से बड़ी मात्रा में आलू बिहार भेजा जा रहा है। आलू आढ़ती संघ के अध्यक्ष ने बताया कि मंडी में नया आलू आना शुरू हो गया है। दिसंबर के पहले सप्ताह में बड़ी मात्रा में आलू की आवक होने की उम्मीद है। वर्तमान में आलू 800 से 900 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर बिक रहा है। आढ़तियों के अनुसारए लगभग 400 से 500 पैकेट आलू स्थानीय स्तर पर ही बिक जाते हैं। आलू आढ़ती धनीराम वर्मा ने बताया कि अभी जो नया आलू आ रहा है वह बरसात से पहले का है और आकार में छोटा है। उन्होंने यह भी बताया कि इस बार नया आलू अपेक्षाकृत सस्ते दरों पर बिक रहा है और 400 से 450 रुपये प्रति पैकेट तक बिका है। धनीराम वर्मा ने उम्मीद जताई कि 5 दिसंबर तक मंडी में अच्छी गुणवत्ता वाला नया आलू बड़ी संख्या में आने लगेगा। आढ़तियों ने यह भी कहा कि दिसंबर में आलू की आवक बढ़ने के साथ-साथ वर्तमान में मिल रहा मूल्य भी बहुत अच्छा नहीं है।

# भाकियू लोक शक्ति ने केक काटकर मनाया 8वां स्थापना दिवस, सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष अली कायम ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर केक काटकर 8वां स्थापना दिवस मनाया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन तहसीलदार विक्रम सिंह को सौंपा। जिसमें कहा है कि कलाखेल निवासी सन्दू के यहाँ हुई चोरी का पुलिस ने आज तक कोई खुलासा नहीं कर किया, जल्द से जल्द चोरी की घटना का खुलासा कर आरोपियों को जेल भेजा जाए। वहीं उन्होंने गौतमबुध नगर में रोनीजा गांव में अहमदगंज से कटरा मार्ग पर बूढ़ी गंगा पुल के पास करीब 300 रोड ध्वस्त हो चुका है, जिससे आवागमन बन्द है, जिसे दुरुस्त करवाया जाये।

इज्जत गढ़ी गिर्द कायमगंज में विद्युत पोल लगवाने के लिए कई बार ज्ञापन दे चुके हैं। इसके बावजूद भी अभी तक पोल नहीं लगाय गए। जिससे 16 कनेक्शन प्रभावित हो रहे हैं। जिला अध्यक्ष ने इसे जल्द लगवाने की माँग की।

मुस्लिम समुदाय के व्यक्तियों के बड़ी संख्या में निवास प्रमाण पत्र निरस्त किये जा रहे हैं। आरोप है कि क्षेत्रीए लेखपाल अवैध वसूली कर रहे हैं। चकबन्दी से सम्बन्धित मुद्दो को भी उठाया गया। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष अली कायम, मंडल उपाध्यक्ष रागीब हुसैन खान, जिला अध्यक्ष अली कायम, जिला उपाध्यक्ष अस्फर खां, जिला उपाध्यक्ष नजमुद्दीन, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ0 अतुल गंगवार एडवोकेट, अरुण पाल, तहसील महासचिव इजाहरूद्दीन, तहसील उपाध्यक्ष सलमान, अजीम खान, सहूद भाई आदि संगठन के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# यूपी 112 की जन सेवाओं को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया गया जागरुक



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरुक करते कलाकार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को जनपद फतेहगढ़ यूपी 112 पुलिस द्वारा यूपी 112 की जन सेवाओं की जागरूकता अभियान के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक और एलईडी प्रस्तुति के माध्यम से जनता को डायल 112 की जानकारी देकर, उसके कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। यूपी 112 की एक पहल योजना के तहत आम जनमानस को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। सिर्फ अपने लिए नहीं, दूसरों की मदद के लिए भी 112 मिलाएं, कॉलर की पूरी जानकारी गुप्त रखी जाती है। सिर्फ पुलिस सहायता ही नहीं, फायर, एम्बुलेंस, प्राकृतिक आपदा आदि में भी मदद होती है।

# आवास विकास कालोनी में बेमौसम जल भराव से आजिज हैं नागरिक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



खोदी गयी सड़क

शहर की आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर नंबर एक में इन दिनों बरसात का मौसम न होने के बावजूद भी जल भराव की समस्या से क्षेत्रीय नागरिकों को रूबरू होना पड़ रहा है। नगर पालिका की लापरवाही से आवास विकास में टूटी पाइप लाइन जोड़ने के बाद खोद के डाल दिया गया। खुदाई में निकली मिट्टी को नाले में भर दिया गया। जिससे आवास विकास कालोनी के घरों में पानी घुस गया। इस बेमौसम जल भराव से कालोनी के वाशिंदों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नन्हें मुन्ने बच्चे स्कूल जाने के लिए परेशान हो रहे हैं। बताते चलें कि पिछले दिनों नगर पालिका द्वारा डाली गई पाइपलाइन टूट गई थी जिसका सुधार करने के लिए नगर पालिका की टीम लगी थी। सुधार करते समय जो खुदाई हुई उसकी मिट्टी को पास कहीं नाले में भर दिया गया। जिससे नाला जाम हो गया। पानी सड़कों पर आने लगा। जलभराव यहां तक हुआ कि लोगों के घरों तक पानी भर गया। इस समस्या से निजात पाने के लिए लोग बराबर सभासद और नगर पालिका से संपर्क में लगे हुए हैं, लेकिन अभी तक कोई भी आश्वासन अथवा समाधान की स्थिति नहीं दिखाई दे रही है। जिससे क्षेत्रीय नागरिकों में आक्रोश पनपता जा रहा है। जो किसी भी समय फूट सकता है।

# मेडिकल कालेज में यूजी ट्रांजिशनल करिकुलम व पीजी ओरिएंटेशन के कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं हॉस्पिटल में आयुरप्रवेशिका (यूजी ट्रांजिशनल करिकुलम) और संस्कार (पीजी ओरिएंटेशन) के चतुर्थ एवं पंचम दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दोनों कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को आयुर्वेदिक मूल्यों, अकादमिक अपेक्षाओं, व्यक्तित्व-विकास, डिजिटल कौशल तथा प्रोफेशनल एथिक्स से परिचित कराने हेतु विविध शैक्षणिक, कौशल-आधारित और चिंतनशील सत्र आयोजित किए गए।

चतुर्थ दिवस में यूजी कार्यक्रम की शुरुआत धन्वंतरि प्रार्थना से हुई। प्रथम सत्र में डॉ. मधु रंजन ने आयुर्वेद बियॉन्ड प्रैक्टिसः एन्त्रप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट में क्षमता निर्माण पर व्याख्यान दिया। डॉ. रूमी डे ने बीएएमएस के पश्चात विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी दी। डॉ. रीता सिंह ने हीलिंग हैंड्स एंड कम्पैशनेट हार्ट्स शीर्षक से एक प्रेरणादायी चिंतन गतिविधि कराई, जबकि डॉ. ज्ञानेंद्र गुप्ता ने दोष, धातु और मल जैसे मूलभूत आयुर्वेदिक सिद्धांतों के क्लिनिकल उपयोग पर प्रकाश डाला।

दोपहर के सत्रों में डॉ. गगन देवी व डॉ. कविता शर्मा ने कॉम्पिटेंसी-बेस्ड बीएएमएस करिकुलम की रूपरेखा स्पष्ट की। डॉ. वेंणु एन ने रचना शरीर, कोर्स संरचना और कैडैवर रूम एटीकेट्स पर मार्गदर्शन दिया। दिन का समापन डॉ. कविता नेगी ने माइंडफुलनेस सत्र के साथ किया।

पीजी कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस में डॉ. रीता सिंह ने पीजी स्कॉलर के अधिकार एवं दायित्व पर चर्चा की। डॉ. निरंजन एन ने टाइम मैनेजमेंट पर उपयोगी सुझाव दिए। डॉ. गगन देवी ने पोडियम मैनर्स पर इंटरैक्टिव डेमो, डॉ. वेंणु एन ने स्व-अध्ययन एवं सहयोगात्मक अध्ययन की रणनीतियाँ, और



कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक

डॉ. सुमन कांडु ने संचार, क्रिटिकल थिंकिंग एवं समस्या-समाधान कौशल पर सत्र लिए। अंतिम सत्र में डॉ. सी. उदय कुमार ने टीम-बिल्डिंग गतिविधियाँ कराईं तथा डॉ. धनराज पटेल और डॉ. संदीप कोटवाल ने एंटीसेप्टिक सॉल्यूशन्स पर जानकारी दी। पंचम दिवस पर भी दोनों कार्यक्रमों ने समान रूप से उत्साहजनक माहौल बनाए रखा। यूजी सत्रों में दिन की शुरुआत धन्वंतरि प्रार्थना से हुई तथा छात्रों ने लघुत्रयी और अष्टांग हृदय पर व्याख्यान डॉ. दीप चूनेरन, शरीर क्रिया के सिलेबस ओरिएंटेशन डॉ. अरीब हुसैन और बृहत्रयी-चरक, सुश्रुत एवं वाग्भट का परिचय डॉ. उदय कुमार सी प्राप्त किया। संस्कृत ओरिएंटेशन डॉ. अरविंदम, माय रूट्स इन आयुर्वेद चिंतन गतिविधि डॉ. नीतू श्री, गुड वैद्य एवं प्रोफेशनल कोड ऑफ कंडक्ट डॉ. भारती पंचाल, भारतीय दर्शन एवं दर्शनों की भूमिका डॉ. आदित्य रतन सिंह तथा दिन के अंत में माइंडफुलनेस सत्र डॉ. कविता नेगी द्वारा आयोजित हुए। कौशल एवं टेक्नोलॉजी आधारित गतिविधियाँ केंद्र में रहीं। दिन की शुरुआत डॉ0 मधु रंजन द्वारा पीपीटी तैयारी एवं पोस्टर निर्माण कार्यशाला से हुई। डॉ.अरुण कुमार पांडे ने तनाव प्रबंधन, योग, ध्यान एवं विश्राम तकनीकों पर सत्र लिया। तकनीकी दक्षता बढ़ाने हेतु राहुल ने इंटरनेट ब्राउज़िंग, चैट जीटीपी एवं मेटा एआई के उपयोग पर प्रशिक्षण दिया, जबकि डॉ. आशा कुमारी एलएस ने वैज्ञानिक जर्नल ब्राउज़िंग कार्यशाला संचालित की। अनिकेत ने कम्प्यूटर बेसिक्स एवं एमएस ऑफिस प्रशिक्षण आयोजित किया। डॉ. श्वेता सिंह राठौर व डॉ. धनराज पटेल ने स्टेरलाइजेशन तकनीकों, सर्जिकल ड्रेप्स के उपयोग तथा स्क्रबिंग तकनीकों का ओरिएंटेशन प्रदान किया।विद्यार्थियों की क्लिनिकल और सर्जिकल तैयारी को और अधिक मजबूत आधार मिला। डॉ. दीप चूनेरा ने संचालित मनोरंजक गतिविधियों और टैलेंट शो के साथ समापन किया।

चतुर्थ और पंचम दिवस के इन संयुक्त कार्यक्रमों ने संस्थान की उस शैक्षणिक दृष्टि को और मजबूत किया। जिसका उद्देश्य सक्षम, आत्मविश्वासी, करुणाशील और तकनीकी रूप से प्रवीण आयुर्वेदिक पेशेवर तैयार करना है। अकादमिक मार्गदर्शन, कौशल-विकास, डिजिटल लर्निंग, व्यक्तित्व संवर्धन और माइंडफुलनेस के संतुलित संयोजन ने विद्यार्थियों की भविष्य की आयुर्वेदिक यात्रा के लिए एक सुदृढ़ आधार स्थापित किया।

## सड़ा-गला आलू फेंकने पर शीतगृह मालिकों पर होगी कार्यवाही

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शीतगृह से निकलने वाला सड़ा, गला, हरा, छर्री आदि आलू सड़क के किनारे अथवा सार्वजनिक स्थान, रिहायशी मकान के आसपास शीतगृहों द्वारा फेंका जा रहा है। जिससे पर्यावरण दूषित होता है एवं आम जनमानस को आलू की दुर्गन्ध के कारण कठिनाई महसूस हो रही है। आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने सभी निजी शीतगृहों को निर्देशित किया कि सम्बन्धित शीतगृह से निकलने वाले सड़े, गले, हरे, छर्री आदि को अपनी निजी भूमि में गड्ढा खोदकर डलवायें एवं ऊपर से मिट्टी से ढक दें और उस पर चूना का छिड़काव आदि करा दें। जिससे कि सार्वजनिक स्थान एवं रिहायशी मकानों अथवा पर्यावरण दूषित होने से बचा जा सके। यदि सम्बन्धित कवड़ा, सड़ा-गला आलू के सम्बन्ध में किसी जनमानस अथवा मीडिया द्वारा प्रकाशित होती है तो सम्बन्धित शीतगृह के विरुद्ध उत्तर प्रदेश कोल्ड स्टोरेज विनियमन अधिनियम-1976 के संगत प्राविधानों के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।



सम्बोधित करती प्रधानाचार्या

## रखा स्कूल में भी मनाया गया सीएनआई का स्थापना दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रखा बालिका इंटर कालेज में 55वां सीएनआई दिवस धूमधाम से मनाया गया। आज के दिन चर्च आफ नार्थ इंडिया का उद्घाटन हुआ था। वीना एडवर्ड ने प्रार्थना से आरम्भ किया। संचालन नीतिका सनी ने किया। रचना हिल्स एवं छात्रायें स्वाति सिंह व अभिलाषा, युनूस ने सहयोग प्रदान किया। प्रधानाचार्य नीतू मसीह ने प्रार्थना की और चर्च आफ नार्थ इंडिया के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह दिन 6 इसाई चर्चों के एकीकरण का प्रतीक है। एतिहासिक एकीकरण का उद्देश्य एक विभाजित चर्च की जगह एक मजबूत और प्रभावी चर्च की गवाही देना था, खासकर भारत जैसे विविध देश में, एक-एक जुटता, संगठित रहने को प्रोत्साहित करता है। उत्तर भारत का जो चर्च आज है ईश्वर के अनुग्रह से प्राप्त है। विभिन्न परम्पराओं को एक साथ लाकर प्राप्त हुआ है।जो इसे बनाने के लिए एकजुट हुए थे, इसे एकता दिवस के रुप में मनाया जाना चाहिए।इस अवसर को खेलकूद, गीतों को गाकर मनाया गया।

# विधायक खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का हुआ समापन

▶ खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में विधायक खेल स्पर्धा के द्वितीय दिवस की शेष प्रतियोगिताओं का आयोजन स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में किया गया। खेल प्रतिस्पर्धा का उद्घाटन जिला वेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह ने वैडमिंटन में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी कर्मवीर सिंह ने विजेता/उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र व गिफ्ट देकर पुरुस्कृत किया। प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्रीय युवा कल्याण



प्रमाण पत्र व मेडल के साथ मौजूद खिलाड़ी व आयोजक

अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह, अनुराग एवं जीतू आदि द्वारा कराया गया। निर्णायकों में जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार, जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कुलदीप यादव, कुश्ती एसोसिएशन के सचिव अरुण यादव, विमलेश कुमार, अभिषेक शाक्य, अभिषेक पाल आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता बैडमिंटन सीनियर बालक वर्ग में विक्रांत मिश्रा विजेता व रौनक राठौर उपविजेता रहा। सब जूनियर बैडमिंटन बालक वर्ग में अभिशौर्य सिंह राजपूत विजेता व मो0 सूफियान उपविजेता रहा। जूनियन बालक वर्ग बैडमिंटन में यश यादव विजेता व अक्षम सिंह उपविजेता रहा। सीनियर वर्ग बालिका बैडमिंटन में प्रकृति वर्मा विजेता व मोनिका राठौर उपविजेता रही। सब जूनियर बालिका वर्ग बैडमिंटन में सगुन विजेता व आध्या सक्सेना उपविजेता रही। कुश्ती सब जूनियर बालक 55 किलो भार वर्ग में सौरव यादव विजेता व अभिषेक यादव उपविजेता रहा। 48 किलो भार वर्ग में अभय यादव विजेता व शिवांश उपविजेता रहा। जूनियर बालक 65 किलो भार वर्ग में इन्द्रेश कुमार विजेता व आयुष यादव उपविजेता रहा। सीनियर बालक 74 किलो भार वर्ग में रोबिंद सिंह विजेता व सचिन कुमार उपविजेता रहा। सभी विजेता व उपविजेताओं को पुरुस्कृत किया गया।

# कार्य पूर्ण करने वाले 45 बीएलओ को डीएम ने किया सम्मानित



सम्मानित बीएलओ मौजूद डीएम व अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिलारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में विशेष प्रगाण पुनरीक्षण अभियान में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने बाले बीएलओ का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में 192 कायमगंज विधानसभा के 17 बीएलओ, 193 अमृतपुर के 05 बीएलओ, 194 फर्रुखाबाद के 06 बीएलओ व 195 भोजपुर विधानसभा के 17 बीएलओ को माला पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर डीएम ने सम्मानित किया। डीएम ने कार्य पूर्ण करने बाले सभी बीएलओ की प्रसंशा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि आपने राष्ट्रीय महत्व के कार्य को समय से पूर्ण किया है आप अपने सभी साथियों को भी अच्छा कार्य करने के लिये प्रेरित करे। इस अवसर पर अपर जिलाधिलारी वित्त एवं राजस्व, नगर मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी सदर व संबंधित मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### दो ओवरलोड ट्रक किये गये सीज



बस की जांच करते परिवहन अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में शनिवार को अमित त्यागी सहायक आयुक्त (राज्य कर) सचल दल के साथ स्लीपर बसों में माल ढोने की शिकायत पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान बिना प्रपत्र माल ढोते हुये स्लीपर बस संचालित नहीं पाई गई। इसके अतिरिक्त 3 ट्रकों में ओवर हाईट माल लदा होने के आरोप में चालान किया गया तथा 2 ओवरलोड ट्रक भी सीज किये गये। परिवहन विभाग द्वारा की गई कार्यवाही में 11 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये 1.27 लाख का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### डीएम ने तहसील अमृतपुर में डिजिटिलाइजेशन के कार्य का किया निरीक्षण



बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने विकास खंड कार्यालय राजेपुर, बीआरसी राजेपुर, तहसील अमृतपुर पहुंचकर विशेष प्रगाण पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत गणना प्रपत्रों के डिजिटिलाइजेशन के कार्य का निरीक्षण किया गया। डीएम ने निर्देशित किया कि ऑनलाइन फीडिंग में सर्वर डाउन होने पर तत्काल स्क्रीनशॉट लेकर ग्रुप पर पोस्ट करे, तृतीय कालम में कम से कम फीडिंग करे, सभी गणना प्रपत्रो की फाइलिंग कराये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अमृतपुर, तहसीलदार अमृतपुर, खंड विकास अधिकारी राजेपुर व संबंधित मौजूद रहे।

### रोजगार/अप्रेन्टिसशिप मेले में 48 अभ्यार्थियों का हुआ चयन



साक्षात्कार देते अभ्यार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में रोजगार/अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया गया। मेला में 05 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया व 115 रिक्तियों के सापेक्ष मेला में 55 अभ्यर्थी उपस्थित हुये। मेला में कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 55 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर कुल 48 (न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट ग्रेटर नोएडा यूपी 11 अप्रेंटिसशिप और 10 जॉब, कृष्णा मारुति गुजरात 08 अप्रेंटिसशिप और 06 जॉब, हनीवेल (एमएनसी) गुरुग्राम-03 अप्रेंटिसशिप और 01 जॉब, वीआरबी कंज्यूमर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड जयपुर-06 अप्रेंटिसशिप और एलोफिक इंडस्ट्रीज लिमिटेड फरीदाबाद हरियाणा-03 अप्रेंटिसशिप) अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मेले की व्यवस्था में प्रमुख रूप से नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, प्लेसमेन्ट प्रभारी सुनील कुमार, अप्रेन्टिस प्रभारी रंजीत कुमार सुमन एंव समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

# व्यापार मण्डल का धरना शुरु होने से पहले ही खत्म

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फेडरेशन ऑफ ऑल इण्डिया व्यापार मण्डल ने विद्युत विभाग व नगर पालिका से कार्य प्रारम्भ का आश्वासन मिलने पर 1 दिसम्बर को होने वाले धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया है और नगर पालिका चेयरमैन वत्सला अग्रवाल के पति पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल को अपना लिखित पत्र सौंपा है।



मनोज अग्रवाल को पत्र सौंपते व्यापारी

फर्रुखाबाद रेलवे रोड पर विद्युत विभाग द्वारा पोल एवं बंच केबिल शिपटिंग कार्य धीमी गति को देखते हुये फेडरेशन ऑफ ऑल इण्डिया व्यापार मण्डल द्वारा 26 जुलाई को चौक में धरना दिया गया था। विद्युत विभाग द्वारा उक्त कार्य पूर्ण करने हेतु 60 दिन का लिखित रूप में समय माँगा था। 60 दिन के विपरीत 120 दिन व्यतीत हो जाने पर भी शिपटिंग कार्य पूर्ण नहीं हुआ तो रेलवे रोड के व्यापारियों का धैर्य टूट गया। व्यापारियों ने आक्रोशित होकर फेडरेशन ऑफ ऑल इण्डिया व्यापार मण्डल को पुनः धरना दिये जाने हेतु मांग की।

फेडरेशन ऑफ ऑल इण्डिया व्यापार मण्डल द्वारा 1 दिसम्बर को पुनः धरना देने का एलान किया गया। ऐलान करते ही अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय वितरण खण्ड ने पत्र लिखकर शिपटिंग कार्य 8 दिन में पूर्ण कये जाने का आश्वासन दिया। वहीं अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद फर्रुखाबाद ने भी प्रा0ख0 लो0 निर्माण विभाग द्वारा रेलवे रोड निर्माण का आगणन प्राप्त हो गया, जिसका परीक्षणोपरान्त दस दिन के अन्दर निविदा आमंत्रण कार्यवाही पूर्ण कर सड़क निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा। आश्वासन मिलने पर व्यापार ने 1 दिसम्बर को होने वाले धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया।

# आपसी कटाक्ष करने का समय नहीं, बल्कि संगठन को मजबूत करने का: अखिलेश कटियार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के एसआईआर प्रभारी बनाए गए राष्ट्रीय सचिव अखिलेश कटियार ने पार्टी कार्यालय पर नेताओं की बैठक ली। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अखिलेश कटियार का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी सातों ब्लॉकों में ब्लॉक प्रहरियों द्वारा एसआईआर कार्य पूरी मजबूती के साथ चल रहा है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि आगामी पाँच दिनों में कार्य में और अधिक तेजी लाते हुए दोगुनी गति से सभी फॉर्म अपलोड कराए जाएँ। अखिलेश कटियार ने कहा कि यह समय आपसी कटाक्ष का नहीं, बल्कि संगठन को मजबूत करने का है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आवाह्न किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में पहुँचकर एक-एक फॉर्म सुनिश्चित रूप से भरवाएँ और अपलोड कराएँ, क्योंकि यदि हम वोट सुरक्षित रख पाए तो आने वाले समय में समाजवादी सरकार बनना निश्चित है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी सरकार की नई-नई चालों और षड्यंत्रों से सावधान रहने



सम्बोधित करते अखिलेश कटियार

की जरूरत है तथा हर पल संगठन के कार्य की ओर ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, राम सेवक यादव, शमशाबाद ब्लॉक प्रहरी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष नदीम अहमद फारूकी, आकाश शाक्य, मंदीप यादव, इलियास मंसूरी, पुष्पेंद्र सिंह यादव, विवेक सिंह यादव, नरेंद्र सिंह यादव, सौरभ कटियार, शशांक सक्सेना, रामपाल सिंह यादव, रुकमंगल सिंह, मुख्तियार आलम, विजय अनुरागी, बीके गंगवार, शिव शंकर शर्मा, राजपाल यादव, अखिल कठेरिया, शिवम यादव, अरविंद यादव आदि उपस्थित रहे।

# 68 उर्वरक दुकानों पर प्रशासन का छापा, 4 निलम्बित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी द्वारा जनपद के कृषकों को गुणवत्तायुक्त एवं निर्धारित मूल्य पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जनपद के समस्त विकासखण्डों में कृषि विभाग एवं अन्य विभाग के 14 अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कराते हुए छापे हेतु कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

जिला कृषि अधिकारी बी0के0 सिंह ने बताया कि सभी विकास खण्ड क्षेत्रों में अधिकारियों द्वारा छापेमारी की गई। जांच टीम ने उर्वरक के 18 नमूने गुणवत्ता परीक्षण हेतु ग्रहित किये, बिना सूचना के प्रतिष्ठान गायब होने के कारण 4 उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया, संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने की दशा में लाइसेंस समाप्ति के साथ विधिक कार्यवाही भी की जायेगी एवं 68 प्रतिष्ठानों पर छापा/निरीक्षण की कार्यवाही की गयी। नमूनों को जाँच हेतु प्रयोगशालाओं में भेजा जाएगा।

परीक्षण परिणाम अमानक पाये जाने पर लाइसेंस निरस्तीकरण के साथ ही विधिक कार्यवाही भी की जाएगी। जनपद में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। जाँच के समय



प्रपत्र देखते अधिकारी

बिना किसी सूचना के प्रतिष्ठान बंद कर गायब होने के कारण जिला कृषि अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से 4 विक्रेताओं का लाइसेंस निलम्बित कर दिया गया। जिसमें मै0 किसान सेवा केन्द्र नरायनपुर गढ़िया, मै0 जय बजरंगबली खाद भण्डार, नरायनपुर गढ़िया, मै0 श्री जी खाद एवं बीज भण्डार भरतामऊ तिराहा, मै0 दिवाकर खाद भण्डार, मॉडल शंकरपुर बिना किसी सूचना के दुकान बंद कर गायब होने पर निलम्बित कर दिया गया।

# सीएमओ ने सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोबिलाजेशन चरण 21 नवंबर से 27 नवंबर तक चल रहा है और 28 नवंबर से 4 दिसंबर के मध्य सेवा प्रदायगी पखवाड़ा चलेगा। इच्छुक लोगों को परिवार नियोजन की सेवाएं दी जाएंगी। परिवार नियोजन के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार से शनिवार को सीएमओ डॉ0 अवनीन्द्र कुमार ने सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कुल 23 सारथी वाहन जनपद के सातों ब्लाकों में और नगरीय क्षेत्र में भ्रमण कर परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता फैलाएंगे। छोटे परिवार के फायदे बताते हुए परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई साधन अपनाने के लिए जनमानस को जागरूक किया जाएगा।



सारथी वाहन को हरी झण्डी दिखाते सीएमओ

सीएमओ ने बताया कि ऐसे पुरुष जिनके दो या उससे अधिक बच्चे हैं, उन्हें नसबंदी के लिए प्रेरित किया जाएगा। लाभार्थियों को माला एन, छाया, कंडोम, अंतरा इंजेक्शन, पुरुष नसबंदी, महिला नसबंदी, कापर टी आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी। डॉ0 रंजन गौतम ने बताया कि प्रति ब्लॉक तीन यानी सातों ब्लाकों में कुल 21 और नगरीय क्षेत्र में दो सारथी वाहन शनिवार से 02 दिसंबर तक चलेंगे। इस मौके पर एसीएमओ डॉ0 सर्वेश यादव, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक कटारिया, डीपीएम कंचन बाला, डीसीपीएम रणविजय प्रताप सिंह, जिला अकाउंट मैनेजर अरविंद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया सीएनआई का 55वां दिवस



कार्यक्रम में मौजूद छात्र व शिक्षकगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

क्रिश्चियन इंटर कॉलेज में 55वां सीएनआई दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य अमित कुमार सिंह ने प्रार्थना एवं पवित्र शास्त्र वाचन कर छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया। संजीव प्रकाश ने सीएनआई संस्था की स्थापना के विषय में समस्त छात्रों तथा शिक्षकों को अवगत कराया कि सीएनआई संस्था के गठन की प्रक्रिया सन 1929 मे लखनऊ सम्मेलन में आरम्भ हुई तथा सन 1970 में पूर्ण हुई। आज यह संस्था पूरे उत्तर भारत में 564 से अधिक शिक्षण संस्थान, तीन तकनीकी स्कूल, 65 अस्पताल तथा 9 नर्सिंग स्कूल संचालित कर रही है। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आठवें वेतन आयोग का लाभ न मिलने पर पेंशनर्स ने निकाला कैंडिल मार्च

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

केन्द्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग में पेंशनर्स को लाभ न दिये जाने के विरोध में सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के बेनर तले किये गये धरना प्रदर्शन में सेवानिवृत सभी विभागों के राज्य कर्मचारियों, सेवानिवृत माध्यमिक शिक्षकों, सेवानिवृत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, सेवानिवृत प्रधानाचार्यो एवं सेवानिवृत बेसिक शिक्षकों ने एकजुट होकर धरना प्रदर्शन में भाग लेकर प्रधानमंत्री सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल को सौंपा। जिसमें कहा सेवानिवृत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को भी आँठवें वेतन आयोग की सिफारिशों का लाभ दिया जाये, अन्यथा की स्थिति में प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देश में सेवानिवृत कर्मचारी धरना प्रदर्शन करेंगे। जिला मुख्यालय पर एकत्र हुये सेवानिवृत शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में कहा कि सेवानिवृत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को हमेशा से ही वेतन आयोग का लाभ और डीआर मिलता रहा है, लेकिन वर्तमान सरकार शिक्षकों एवं कर्मचारियों की विरोधी है। पुरानी पेंशन बन्द करने के पश्चात् सेवानिवृत लोगों को मिलने वाले लाभ से भी वंचित करने की साजिश रची जा रही है। प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर किये गये धरना प्रदर्शन एवं कैंडिल मार्च निकालकर विरोध जताया। जिलाध्यक्ष विष्णू भगवान कटियार ने कहा कि मौजूदा आंठवें वेतन आयोग के संकल्प पत्र में पेंशनर्स को छोड़ दिया गया है। कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजेश निराला ने कहा कि



कैंडिल मार्च निकालकर विरोध करते पदाधिकारी

भाजपा सरकार शुरू से ही शिक्षक व कर्मचारी विरोधी रही है, पहले पेंशन बंद की और अब पुरानी पेंशन पाने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों को मिलने वाले लाभ से भी वंचित किया जा रहा है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभूदयाल ने कहा कि सेवानिवृत कर्मचारी एवं शिक्षकों को मिलने वाला लाभ सरकार की कृपा से नहीं बल्कि उनके द्वारा किये गये त्याग और परिश्रम का फल है। जिला उपाध्यक्ष नन्दकिशोर शर्मा ने कहा कि केन्द्र सरकार को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुये औंठवें वेतन आयोग का लाभ पेंशनर्स को देना चाहिये। जिला मंत्री राजीव कुमार बाजपेयी ने कहा कि अब लड़ाई आरपार की होगी, चाहे हमें धरना प्रदर्शन करना पड़े या जेल जाना पड़े, पेंशनर्स पीछे हटने वाले नहीं हैं, क्योंकि हमने जो पाया है वह कड़े संघर्ष से ही पाया है। प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश महामंत्री डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार को पेंशनर्स के साथ सौतेला व्यवहार नहीं करना चाहिये। आज जो सेवा में हैं कल वो भी सेवानिवृत होंगे। प्रधानाचार्य परिषद, माध्यमिक शिक्षक संघ, प्राथमिक शिक्षक संघ ने भी सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसियेशन के धरना प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर विनोद कुमार उपाध्याय, जोगराज सिंह, राजेश बंसल, डॉ. जी.एस. राजपूत, सतेन्द्र सिंह, जागेश्वर प्रसाद राजपूत, आदित्य कुमार श्रीवास्तव, अमरनाथ कश्यप, कन्हैयालाल वर्मा, सुरेशचन्द्र सक्सेना, मुनीशचन्द्र दीक्षित, सुरेशचन्द्र शर्मा, करनसिंह राठौर आदि मौजूद रहे।

## मारपीट में घायल युवक की मौत, मां ने दर्ज कराया मुकदमा

कंपिल, समृद्धि न्यूज। जमीनी विवाद में युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हालत बिगड़ने स्वजन इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज ले गए। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला की तहरीर पर आरोपित युवक के खिलाफपुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के गांव रुदायन निवासी तीस वर्षीय अनुज शर्मा का छः दिन पूर्व सोमवार जमीन के बंटवारे को लेकर चचेरे भाई मिंटू उर्फरजनेश शर्मा से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों में मारपीट हो गई। जिससे अनुज गंभीर रूप से घायल हो गए। मंगलवार सुबह अनुज की तबियत बिगड़ गई। अनुज अपनी माता कमलेश के साथ कायमगंज स्थित एक निजी अस्पताल गया। जहां डाक्टर ने उन्हें सीएचसी ले जाने के लिए कहा। सीएचसी में मौजूद डाक्टर ने अनुज को मृत घोषित कर दिया। क की मां की तहरीर पर आरोपित युवक के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने शनिवार को आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# खादी ग्रामोद्योग की प्रदर्शनी का शुभारंभ

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने आज राइफल क्लब मैदान में मण्डल स्तरीय दस दिवसीय खादी ग्रामोद्योग की प्रदर्शनी-2025 का फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। उन्होंने खादी ग्रामोद्योग की प्रदर्शनी में लगाये गये विभिन्न स्टालों का निरीक्षण भी किया। इसके उपरान्त प्रदर्शनी में उपस्थित लोगों एवं खादी ग्रमोद्योग के उद्यमियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी अपनाने के अभियान के तहत खादी ग्रामोद्योग की प्रदर्शनी का प्रदेश के अन्य जनपदों में आयोजन के साथ जनपद बॉदा में भी आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी विरासत स्वदेशी आधार पर रही है।



भारत को सुदृढ एवं विकसित राष्ट्र बनाने के लिए स्वदेशी को अपनाना अत्यन्त उपयोगी है। उन्होंने कहा कि आज हम स्वदेशी का उत्पादन कर उसका उपयोग कर रहे हैं। भारत को सशक्त करने व आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने संकल्प को सिद्धी के साथ जोडते हुए स्वदेशी अपनाने की प्रेरणा दे रहे हैं। भारत के गॉव, कस्बा, नगर व प्रदेश एवं देश में स्वदेशी के उत्पादन को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जब सभी परिवार स्वदेशी को अपनायेंगे तो भारत आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने स्वदेशी अभियान को गति देने तथा स्वदेशी उत्पादन को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत देश हर क्षेत्र रक्षा एवं व्यापारिक समझौता करके आगे बढने का कार्य कर रहा है तथा दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने स्वदेशी अभियान को जनजागरण के रूप में अपनाने की अपील की।

उन्होंने इस अवसर पर उद्योग विभाग के अन्तर्गत संचालित टूल किट वितरण योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को टूल किट का वितरण किया तथा खादी ग्रामोद्योग के उत्पादन में बेहतर उत्पाद करने पर श्री धनी को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रन्द्रह हजार रूपये का चेक एवं प्रमाण पत्र, श्री मोहम्मद याकुब को द्वितीय स्थान पर बारह हजार रूपये एवं प्रमाण पत्र तथा तीसरे स्थान पर राजू गुप्ता को दस हजार रूपये एवं प्रमाण पत्र भेंट किया। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा 342 इलेक्ट्रिकल चाक मशीन, 85 पापकार्न मशीन, 92 दोना पत्तल मशीन एवं 368 प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना की इकाइयों को 32 करोड 23 लाख की धनराशि तथा 98 मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग योजना के अन्तर्गत 02 करोड़ 18 लाख रूपये की धनराशि का वितरण किया गया है तथा दो नई सहकारी समितियों का गठन भी किया गया है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वदेशी एवं खादी ग्रामोद्योग के उत्पादों को अपनाने से आर्थिक रूप से विकास ग्रामोद्योग संस्थानों का होगा।

# मंडलायुक्त के निरीक्षण में कई लोग मिले अनुपस्थित

**वेतन रोकने के दिए निर्देश**

**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।**

बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बांदा चित्रकूट मंडल के मंडलायुक्त के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया है। जिसमें स्टाप के कई लोग अनुपस्थिति पाए गए,जिसमें मंडलायुक्त के द्वारा कार्यवाही कर बेतन रोके जाने की बात कही है।

बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार की दोपहर करीब बांदा चित्रकूट मंडल के मंडलायुक्त अजीत कुमार के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया है। जिसमें पूरे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में हड़कंप मच गया। वही मंडलायुक्त के द्वारा ओपीडी, इमरजेंसी, महिला वार्ड, दवा काउंटर, सीसी टीवी, कैमरा व



उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया। जिसमें उपस्थिति रजिस्टर में डॉक्टर फार्मासिस्ट व अन्य कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिसमें कई लोगों के रजिस्टर में साइन नहीं थे, जिसमें मंडलायुक्त अजीत कुमार के द्वारा कार्यवाही व बेतन रोकें जाने की बात कही है।

और कहा है कि सरकार के द्वारा अस्पताल खोले गए हैं, ताकि गरीब लोगों का इलाज हो सके सरकार की ओर से दी जाने वाली हर सुविधा मरीजों को मिल रही है, या नहीं मिल रही है। इन्हीं सभी को देखते हुए सीएचसी बबेरू का औचक निरीक्षण किया गया है। और जो सफाई ,पानी आदि की कमियां पाई गई हैं उनको सही करने के निर्देश दिए हैं। और जो अनुपस्थित कर्मचारी था उनके खिलाफ कार्यवाही व वेतन रोक जाने की बात की है। इस मौके पर बबेरू सीएचसी में तैनात डाक्टर रामनरेश पटेल, डाक्टर सिद्धार्थ मनोहर गुप्ता, डाक्टर धर्मेंद्र सिंह ,फार्मासिस्ट ज्ञान सिंह ,अविनाश मिश्रा, स्टाफ नर्स सतवीर वार्डबॉय सूरज सहित अन्य स्टॉप मौजूद रहा।

# कुएं में मिला युवक का शव, लगाया हत्या का आरोप

**पैलानी बांदा, समृद्धि न्यूज।**

पैलानी तहसील के जसपुरा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में युवक का शव कुआं में मिलने से सनसनी फैल गई वहीं राजू उर्फ महेंद्र पुत्र देवनारायण सिंह निवासी रामपुर का बजरंगबली बाबा कुआं के पास शव मिला वहीं मृतक के दो लड़के व दो लड़कियां थी लड़कों का नाम छोटू उम्र 20 वर्ष बृजेश गौतम जिसकी शादी हो गई थी एक लड़की काजल है।

दूसरी लड़की की शादी हो गई है मृतक के नाम 30 बीघा जमीन है वहीं खेती-बाड़ी व मत्स्य पालन का व्यवसाय गांव के रामपुर के तालाब में करता था वही पत्नी नीलम ने बताया कि 25 तारीख को मेरे पति राजू 11:00 बजे दिन मे घर से निकल गए और जब वह शाम को घर नहीं आए तो 5:00 बजे मैंने फोन लगाया तो फोन पर गाली गलौज सुनाई दिया और



थोड़ी देर बाद मेरे पति का फोन स्विच ऑफ हो गया उसके बाद हमने ढूंढने का प्रयास किया लेकिन नहीं मिले वही मेरे लड़के वीरेश ने जसपुरा थाना में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन पुलिस ने किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की वही पुलिस अधीक्षक के यहां शिकायत किया लेकिन पुलिस द्वारा जिस व्यक्ति को पकड़ा गया उसी को छोड़ दिया पत्नी नीलम ने बताया कि गांव का अच्छन खान व उसका भाई रईस साथ मे मत्स्य पालन का व्यवसाय करते थे उन्होंने ही मेरे पति को मार डाला है और कुएं में फेंक दिया है मत्स्य पालन तालाब से दूरी कुएं की 20 मीटर की है जहां पर मेरे पति को मार के फेंक दिया है वहीं राजू के भाई दीपक व धनंजय ने हत्या का आरोप लगाया है कि मेरे भाई को मार दिया गया है वही एनडीआरएफ की टीम सुबह तालाब में ढूंढने गई थी कि मृतक के भतीजे धीरज ने देखा तो पुलिस को सूचना दी वही राजू के भाई दीपक ने बताया कि एक दिन पहले मैंने कुआं में देखा था लेकिन डेड बॉडी नहीं पड़ी थी।

# राजकीय हाईस्कूल रेंहुटा में कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम आयोजित

**पैलानी बांदा, समृद्धि न्यूज।**

तहसील के राजकीय हाई स्कूल रेंहुटा मे आज स्कूली छात्र-छात्राओं को कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम के माध्यम से स्कूली बच्चों को अपने करियर से संबंधित किस क्षेत्र में उन्हें आगे बढ़ना एवं तैयारी करनी है इसकी जानकारी दी गई इस अवसर पर आईटीआइ पैलानी, जीआईसी पैलानी, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बांदा, डिग्री कॉलेज पिपरहरी के बच्चों ने हिस्सा लिया जिसे अधिवक्ताओं तथा विद्यालय परिवार के द्वारा बच्चों को डॉक्टर बनने, इंजीनियर बनने, फौज में जाने, शिक्षक बनने तथा किस क्षेत्र में उन्हें आगे बढ़ना है और उसके लिए क्या तैयारी करनी होगी इस संदर्भ में



विस्तृत जानकारी दी गई।यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा अभियान के तहत मनाया गया जिसमें रेंहुटा के प्रधानाचार्य अभिषेक, राजकीय पॉलिटेक्निक बांदा के प्रोफेसर श्यामलाल, डिग्री कॉलेज पिपरहरी के प्रोफेसर अनिरुद्ध सिंह सहायक अध्यापक सुनील, सहायक अध्यापक पवन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया।

# राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय हरदौली के छात्र ने विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में किया कमाल

**छात्र आयुष ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पहला स्थान जीतकर किया क्वालीफाई**

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय हरदौली, बांदा ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है। शुक्रवार को हुई प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र आयुष ने अपने उत्कृष्ट विज्ञान मॉडल के दम पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जीत के साथ आयुष को 5000 की धनराशि और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

इसी के साथ आयुष ने मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,




बांदा में आयोजित इस प्रतियोगिता में सीबीएससी, आईएससी और उत्तर प्रदेश बोर्ड के कुल 44 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया।विद्यालय के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि विज्ञान के क्षेत्र में यह 52वीं उपलब्धि है, जो विद्यार्थियों की बढ़ती वैज्ञानिक समझ, विद्यालय के मजबूत शैक्षिक वातावरण और शिक्षकों के समर्पित निर्देशन को प्रमाणित करती है। समाज कल्याण उपनिदेशक जे राम ने छात्र आयुष को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी वैज्ञानिक सोच की ओर प्रेरित करेगी।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**जसवंतनगर, इटावा।** क्षेत्र के ग्राम नगरियानाह में शनिवार को एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान 43 वर्षीय देवेंद्र पुत्र सुरेश चन्द्र के रूप में हुई है। परिजन अभी भी सदमे में हैं और आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। देवेंद्र ने अचानक घर के आंगन में लगे जाल में कपड़े का सहारा लेकर फांसी लगा ली। घरवालों ने जब उसे फंदे पर लटका देखा तो चीख–पुकार मच गई। परिवारजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही उपनिरीक्षक शुभम वर्मा और कांस्टेबल आलोक मौके पर पहुँचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का कहना है कि देवेंद्र ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसकी कोई जानकारी नहीं है। फ़िलहाल पुलिस पूरे मामले की जाँच कर रही है।

# वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी की जाए सुनिश्चित : डीआईजी



**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस. की अध्यक्षता में परिक्षेत्र के पुलिस अधीक्षकों के साथ पुलिस लाइन्स बांदा में अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रचलित अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 में कार्यवाही के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परिक्षेत्र के सभी जिलों में घटित अपराधों की समीक्षा की गई। हत्या, लूट, चोरी, महिला अपराध, साइबर अपराध, यातायात दुर्घटनाएं, बैंकों एवं लेन-देन के स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जाय व जनता की शिकायतों का त्वरित व प्रभावी रुप से निस्तारण किया जाए। आईजीआरएस से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाए। वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रचलित अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 में कार्यवाही के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।साइबर अपराध पर अंकुश लगाने हेतु सभी जनपदों में संचालित साइबर थानों द्वारा त्वरित कार्यवाही एवं आमजन को जागरुक करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही, गैगस्टर अधि0 व गुंडा अधिनियम की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आपरेशन त्रिनेत्र/दृष्टि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश गंभीर अपराधों की विवेचना में गुणवत्ता एव समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। संवेदनशील स्थानों, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, सर्राफा बाजार, कस्बों, चौराहों, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन आदि पर विशेष सतर्कता रखते हुए सुरक्षा हेतु प्रभावी प्रबंधन एवं विशेष सतर्कता बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 122 जोड़े हुए एक दूजे के

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कराया गया, जिसमें कुल 122 जोड़ों की शादी करायी गयी जिसमें से 1 मुस्लिम जोड़ा शामिल था सभी जोड़ों की कन्याओ ने अपने अपने वर को मालायें पहनाई, मुस्लिम कन्याओं का मौलिवियों द्वारा मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार एवं हिन्दू कन्याओ का विवाह हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार सभी रस्में अदा कर करायी गयी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरिता भदौरिया ने सभी वर, बधुओ को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी जोड़े सलामत रहे आगे आने वाला आप सबका जीवन सुखमय हो यही कामना है। उन्होने कहा कि जितने जोड़े आज विवाह के बन्धन में बंध रहे हैं पत्नी पति का, पति पत्नी का सम्मान करें, घर के बड़े बुजुर्गो का सम्मान कर उनका भी आशीर्वाद लें जब आप एक दूसरे का सम्मान करेंगे तो समाज में आपका भी सम्मान होगा। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गरीब, निर्धन, परिवारो की पुत्रियों की शादी कराने का लिया गया निर्णय बहुत ही सराहनीय है। ऐसी कन्याओं की शादी कराना बहुत ही पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनपद में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर समाज में सामाजिक गतिशीलता लाना है। उन्होंने कहा कि गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जो लोग ऋण लेकर अपनी पुत्रियों की शादी करते है ऐसे लोगो के लिए सामूहिक विवाह



योजना बहुत ही अच्छी सिद्ध होगी। एक तरफ उनके पैसे बचेगें और वही उनको लोन लेकर अपनी बेटी की शादी में राहत मिलेगी। उन्होने कहा कि सामूहिक शादियो के आयोजन ब्लाक स्तर पर कराये जायेगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरूरतमन्द, निराश्रित, निर्धन परिवारों को शासन द्वारा 1 लाख रू. की धनराशि स्वीकृत हैं जिसमें कन्या को अनुदान के रूप में 60,000 हजार रू खाते के माध्यम से प्रदान किये जा रहे है, इसके साथ 25000 हजार रू. का सामान दिया जाता है एवं 15000 रुपए खाना आदि व्यवस्था में किया जाता है।

उक्त अवसर पर पूर्व विधायक भरथना सावित्री कठेरिया, सचिन यादव जिला पंचायत सदस्य, प्रदीप तिवारी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी संध्यारानी बघेल, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास प्रिया शर्मा, जिला सूचना अधिकारी नीलम यादव, खंड विकास अधिकारी चकरनगर सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# युवती सहित तीन लोगों को मारपीट कर किया घायल

**बकेवर, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम नगला नन्दन में बेटे को इलाज के लिए ले जा रहे एक युवती सहित तीन लोगो को चार नामजद लोगो ने गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज किया। ग्राम नगला नन्दन निवासी सुरेश कुमार ने बकेवर थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि वह अपने बीमार बेटे को अपनी बहिन बंदना के साथ मोटरसाइकिल से दिखाने जा रहा था जैसे ही गाँव के ही तिलक सिंह के घर के सामने पहुँचा कि तभी पहले से ही मौजूद गाँव के ही आजाद पुत्र रमेश बाबू ने उसे रोक लिया और देखते ही गाली-गलौज करने लगा जब उसने गाली-गलौज करने से मना किया तो नामजद आरोपित युवक गाली-गलौज करता हुआ लाठी डंडो से मार पीट करने लगा पुत्र की चिल्लाने की आवाज सुन पिता मोहन लाल बचाने आये तो उनको भी मार पीट करने लगा पिता को पिटता देख पुत्री बंदना बचाने आयी तो उसकी भी मार पीट करके घायल कर दिया। झगड़े की सूचना पर आजाद के पिता रमेश बाबू इसका भाई अमृत व प्रमोद कुमार पुत्रगण जिलेदार निवासीगण ग्राम नगला नन्दन बकेवर मारने के लिए दौड पड़े।पिता पुत्री बेटे ने भागकर घर के अंदर घुसकर कर जान बचाई।

# दुकानें आवंटित न होने के विरोध में व्यापारियों ने दिया धरना

**नुमाईश के नक्शे और रास्तों में किया गया परिवर्तन**

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

नुमाईश के उद्घाटन की तिथि 7 दिसंबर को घोषित कर दी गई है परंतु अभी तक दुकानदारों को अन्दर घुसने नहीं दिया जा रहा है, नुमाइश में बाहर से आये व्यापारी और स्थानीय व्यापारी परेशान हैं,कि उन्हें उनकी दुकानें आवंटित की जायेगी और कब वे अपनी दुकानें लगायेंगे, प्रदर्शनी के व्यापारियों ने व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित से मांग की है कि इस संबंध में जिला प्रशासन और नुमाइश कमेटी के सामने उनका पक्ष रखें। इस बार नुमाइश में बहुत से नये परिवर्तन पर नुमाइश कमेटी



विचार कर रही है और नुमाइश के नक्शे और रास्तों में परिवर्तन किया गया है, तथा नुमाइश में नगरपालिका टीम द्वारा व्यापक सफाई अभियान भी शुरू कर दिया गया है, जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल ने व्यापारियों को आश्वस्त किया है कि शीघ्र ही सभी को नुमाइश के अन्दर उचित स्थान दिया जायेगा। नुमाइश में दुकानें आवंटित न होने के विरोध में नुमाइश के व्यापारीयों ने दिया धरना, मौके पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह चौहान, जिलाकोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी पहुंचे।

## सांसद ने बकेवर में यात्री प्रतिक्षालय का किया उद्घाटन

**इटावा।** सपा सांसद जितेंद्र दोहरे ने शनिवार को बकेवर कस्बे में नवनिर्मित यात्री प्रतीक्षालय का उद्घाटन किया। यह प्रतीक्षालय सांसद निधि से हाईवे पर तथा कस्बा की लखना रोड पर बनाए गए हैं। बकेवर–भरथना मार्ग पर स्थित इन प्रतीक्षालयों का निर्माण दिवंगत नेताजी मुलायम सिंह यादव की स्मृति में करवाया गया है। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सांसद जितेंद्र दोहरे ने इस अवसर पर कहा कि बकेवर की जनता के प्रस्ताव पर दो प्रतीक्षालयों का निर्माण कराया गया है। उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी द्वारा कई स्थानों पर वाटर कूलर, इंटरलॉकिंग सड़कें और स्ट्रीट लाइटें लगवाने का कार्य भी किया गया है। सांसद ने लोगों से मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने की अपील भी की। उद्घाटन के बाद सपा नेताओं ने सांसद जितेंद्र दोहरे और उनके पुत्र अनुराग दोहरे का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बांदा एवं चित्रकूट जनपद के जिला अध्यक्षों सहित प्रतिनिधि मंडल ने बांदा चित्रकूट सांसद कृष्णा देवी शिव शंकर पटेल को उनके आवास पर ज्ञापन सौंपा है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद बांदा के जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर उत्तर प्रदेश के समस्त सांसदों को टी ई टी प्रकरण के संबंध में 1 दिसंबर से शुरू होने वाले संसद सत्र में मांग रखने हेतु ज्ञापन सौंपा गया है। जिसके क्रम में आज जनपद चित्रकूट एवं बांदा के प्रतिनिधिमंडलों द्वारा बांदा चित्रकूट सांसद श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल को ज्ञापन सौंप कर टी ई टी लागू होने से पूर्व से नियुक्त शिक्षकों को टी ई टी अनिवार्य करने से मुक्त रखने हेतु संसद के शीतकालीन सत्र में मांग रखने का आग्रह किया गया।

दोनों जिला अध्यक्षों द्वारा सांसद महोदया को इस प्रकरण पर विस्तार से समझाते हुए संसद सत्र में टीईटी संबंधी अध्यादेश में संशोधन करते हुए लाखों शिक्षकों की सेवा सुरक्षा की मांग रखने का आग्रह किया गया। जिसको सांसद महोदय ने गंभीरता से समझते हुए तत्काल अपने सहयोगियों को ज्ञापन के आधार पर प्रश्न उठाने हेतु पत्र तैयार करने के लिए आदेशित किया।

## धूप में बैठी 110 वर्षीय वृद्धा को सांप ने डसा

**जसवंतनगर, इटावा।** क्षेत्र के गांव दशहरी में शनिवार को उस समय अफ़रा-तफ़री मच गई जब 110 वर्षीय वृद्धा छोटी बेटी पत्नी तेज सिंह को अचानक सांप ने डस लिया। घटना तब हुई जब वृद्धा घर के बाहर धूप में बैठी थीं। इसी दौरान उनके बाएँ हाथ के अंगूठे में सर्प ने काट लिया। परिजनों ने स्थिति को गंभीर देखते हुए तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंतनगर पहुंचाया। जहां डॉक्टर विकास अग्निहोत्री की देखरेख में उनका उपचार शुरू किया गया। डॉक्टरों के अनुसार वृद्धा की हालत स्थिर बनी हुई है और आवश्यक उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने कहा कि सर्प अचानक झाड़ियों से निकलकर उनके पास आ गया और अंगूठे में डस लिया।

# डीएम ने बीएलओ को किया सम्मानित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

बीएलओ द्वारा एसआईआर का कार्य पूर्ण किए जाने पर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में सम्मानित किया गया।

उन्होंने कहा कि जिन बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर एसआईआर का कार्य पूर्ण किया गया, वह बधाई के पात्र हैं। जनपद में साढ़े 12 लाख मतदाता हैं, जिसमें 60 प्रतिशत का कार्य पूर्ण किया गया। उन्होंने कहा कि 142 बूथ लेवल अधिकारी हैं सभी के द्वारा मेहनत से कार्य किया गया। जिलाधिकारी द्वारा तीनों विधान सभा के कुल 46 बीएलओ को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि जो भी



मतदाता अपना गढ़ना प्रपत्र भरकर वापस नहीं देंगे उनका नाम सूची में नहीं आएगा। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि गढ़ना प्रपत्र भरकर अतिशीघ्र जमा करा दें। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर तीनों विधान सभा में लगभग 12 लाख मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा एप के माध्यम से एवं पूर्ण मनोयोग से कार्य पूर्ण किया गया। उन्होंने बताया कि राज्य शासन द्वारा मानदेय 500 से 1000 कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि घनी बस्तियों में मतदाताओं को जागरूक किया जाए। उक्त अवसर पर उपजिलाधिकारी न्यायिक दीपशिखा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# एसआईआर प्रक्रिया में हो रही अनियमितताएं: गोपाल यादव

**कई जगह मतदाताओं को सी कैटेगरी में डाला जा रहा तो कहीं लिस्ट से नाम किए जा रहे गायब**

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने एसआईआर प्रक्रिया में हो रहीं अनियमितताओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि एक महीने का समय पर्याप्त नहीं है, इसी लिए चुनाव आयोग को इस प्रक्रिया का समय तीन माह करने पर गम्भीरता से विचार करना चाहिए। गोपाल यादव ने कहा कि इटावा सदर विधानसभा क्षेत्र के



बूथ संख्या 44 बुलाकीपुर, दुर्गापुर और बूथ संख्या 46 पुठिया, आकलपुर में किसी भी फ़ार्म के लिए कैटेगरी ए और बी नहीं खुल रही है, फ़ार्म सी केटेगरी में एक्सेप्ट हो रहे हैं। जो मतदाता ए और बी कैटेगरी में पात्र हैं उनके नाम सी कैटेगरी में जाने का मतलब है कि उनके पास नोटिस भेजे जाएंगे। जब अभी इतनी दिक्कत है तो आगे और भी दिक्कतें आएंगी। उन्होंने कहा कि भरथना विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान बूथ संख्या 323 दुर्गापुर जिसकी 2003 की बूथ संख्या 161 है, उसमें उस समय की वोटर लिस्ट में वोटर क्रमांक 660 से लेकर वोटर क्रमांक 703 तक के नाम गायब हैं चाहे वो वोटर लिस्ट बीएलओ के पास की हो या ऑन लाइन हो। अब जो लोग 2003 की सूची में वोटर हैं वह लोग एसआईआर फार्म में 2003 की सूची का क्रमांक कैसे भरेंगे। चुनाव आयोग को इस समस्या को गम्भीरता से देखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और जिला प्रशासन का कहना है कि जिन लोगों के फार्म 4 दिसम्बर तक जमा नहीं होंगे उनके नाम वोटर लिस्ट में शामिल नहीं होंगे। गोपाल यादव ने कहा चुनाव आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया जल्दबाजी में चलाई, इसकी कोई जरूरत नहीं लथी क्योंकि यूपी में चुनाव 2027 में हैं।

हम लोग इस प्रक्रिया के विरोधी नहीं है। आराम से चलाई जाए। इतने कम समय मे गहन निरीक्षण नहीं हो सकता।

जहां से शिकायतें आ रहीं हैं उन्हें दूर किया जाये। बीएलओ के पास समय कम होने और उन पर दवाव के चलते बीएलओ भी सही से काम नहीं कर पा रहे जिससे लोगों के फार्म गलत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग से मेरी मांग है कि वह इस गम्भीर समस्या पर पुनर्विचार कर एसआईआर प्रक्रिया के लिए तीन माह का समय दे।